3 **बस्तर संभाग** छत्तीसगढ़ का एक जिला जहां हो रही एसडीएम न्यायालय के...

6 **अभिमत** भारत में सर्वधर्म समभाव का दृष्टिकोण

10 **संस्कारधानी** बंद रही फ्लड लाईट्स तो मैच में पड़ा खलल, स्टेडियम छोड़कर...

11 **छत्तीसगढ़** अयोध्या की मिट्टी से स्वामी निश्चलानंद महाराज की मौजूदगी...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 4 जून 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 281 मूल्य 3.00 ₹




# ट्रेनों की टक्कर में अब तक 288 यात्रियों की मौत, 803 यात्री घायल

वार्ता ◄ बालासोर
www.dailypioneer.com



ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार की शाम तीन ट्रेनों की भिडंत से हुए भीषण हादसे में अब तक 288 लोगों की मौत हो चुकी है और 803 यात्री घायल हो गये। इस हादसे में 56 यात्री गंभीर रूप से घायल हैं और 747 यात्री जख्मी हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सैन्य हेलीकॉप्टर से ओडिशा में बालासोर जिले के घटनास्थल पहुंचे और उन्होंने राहत कार्यों की समीक्षा की। उनके साथ केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार मोदी ने मौके पर स्थानीय अधिकारियों, आपदा राहत बलों के कर्मियों और रेलवे अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने इस भीषण त्रासदी से निपटने और इसकी पीड़ा कम करने के लिए पूरे सरकारी तंत्र में पूर्ण तालमेल का दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। रेल मंत्री वैष्णव ने दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस हादसे में मारे गये लोगों के दुख में राज्य में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। गौरतलब है कि बालासोर जिले में बहगना स्टेशन के निकट शुक्रवार की शाम करीब सात बजे यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब चेन्नई की दिशा से अप लाइन पर आ रही 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस को थ्रू यानी सिग्नल मिला था और उसके पहले ही बहनगा स्टेशन पर एक मालगाड़ी आयी थी जो अप लूप लाइन पर खड़ी थी। थ्रू सिग्नल होने के कारण कोरोमंडल अपनी पूरी गति यानी करीब 125 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली आ रही थी। तभी 'किसी स्थान' पर वह पटरी से उतर गयी। कोरोमंडल एक्सप्रेस का इंजन लूप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकराया तो 21 कोच पटरी से उतर गये जबकि तीन डिब्बे बगल की डाउन लाइन पर उसी समय निकल रही 12864 डाउन हावड़ा से यशवंतपुर जा रही दूरंतो एक्सप्रेस से जा टकराये और इस कारण दूरंतो एक्सप्रेस के आखिरी दो कोच बेपटरी हो गये। है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, रेल मंत्री वैष्णव के अलावा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दुर्घटना स्थल का दौरा करके हालात का जायजा लिया है। ओडिशा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मनमोहन सामल और ओडिशा कांग्रेस के अध्यक्ष सरत पटनायक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता घटना स्थल का दौरा कर चुके हैं।

वैष्णव सुबह बहनगा पहुंचे और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और ओडिशा त्वरित कार्रवाई बल की टीमों के साथ हालात की समीक्षा की। उन्होंने दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिये हैं। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य पूरा हो गया और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से अपील की है कि वे वहां से हट जायें जिससे रेलवे अधिकारियों को मरम्मत का कार्य पूरा करने में आसानी हो सके। वैष्णव ने कहा कि अब घायल यात्रियों के इलाज को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की तह तक पहुंचने के लिए हादसे की विस्तृत जांच की जायेगी। सरकार सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटना की पुनरावृति न हों। रेल मंत्री ने कहा कि इस समय राहत एवं घायलों के उपचार पर सर्वाधिक ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। वैष्णव ने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए एक समिति गठित कर दी गयी है और उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिये गये हैं। इस हादसे की पूरी पड़ताल की जायेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे सुक्षा आयुक्त जल्द ही मौके का दौरा करेंगे और हालात का जायजा लेंगे। इस बीच, ओडिशा के मुख्यमंत्री पटनायक ने राज्य में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। राज्य में आज किसी तरह के राजकीय समारोह आयोजित नहीं किये गए। बनर्जी अधिकारियों के साथ मौके पर गयीं। उन्होंने कहा कि यदि ट्रेन में टक्कर रोधी उपकरण लगे होते तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी। उन्होंने इस हादसे में मारे गये बंगाल के लोगों के परिजनों के लिए पांच लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य के 40 डाक्टरों और 110 एम्बुलेंस दुर्घटना स्थल पर तैनात हैं और वे जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा कि बंगाल सरकार ने बसें मुहैया करायी हैं जिससे यात्रियों को वापस उनके घरों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि ट्रेन में टक्कर रोधी उपकरण लगे होते तो इस तरह की भयंकर दुर्घटना को टाला जा सकता था। उनकी मृतकों की संख्या को लेकर रेल मंत्री के साथ मामूली तकरार भी हुई। ओडिशा के मुख्य सचिव पी के जेना ने कहा कि शवों की पहचान और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि एक अपील के बाद सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार की रात अस्पतालों में घायलों की जरूरत के लिए आकर रक्त दान किया है।

## पीड़ितों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेल हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले पीड़ितों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए देने की घोषणा की है। मोदी ने ट्वीट कर लिखा, ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले रेल मंत्री ने भी ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने वाले पीड़ितों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये सहायता राशि देने और इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को दो-दो लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

## सीएम भूपेश बघेल ने दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दुर्घटना में दिवंगत जनों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने ओडिशा के बालासोर जिले में हुए ट्रेन हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए, अपनी संवेदना प्रकट की। भूपेश बघेल ने नवीन पटनायक से कहा कि छत्तीसगढ़ की ओर से ओडिशा को हर संभव मदद की जायेगी। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग हताहतों के परिजनों के दुख में साथ खड़े हैं, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

## अमेरिका और जर्मनी के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे राजनाथ

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका तथा जर्मनी के रक्षा मंत्रियों के साथ अगले सप्ताह की शुरुआत में यहां अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। सिंह अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ सोमवार को तथा जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ मंगलवार को द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों मंत्रियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में सहयोग सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री रविवार को दो दिन की यात्रा पर सिंगापुर से यहां पहुंचेंगे। यह ऑस्टिन की दूसरी भारत यात्रा है इससे पहले वह मार्च 2021 में भी भारत आए थे। जर्मनी के रक्षा मंत्री सोमवार को चार दिन की यात्रा पर इंडोनेशिया से यहां पहुंचेंगे। रक्षा मंत्री के साथ बैठक के अलावा पिस्टोरियस के इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुछ रक्षा स्टार्ट-अप से भी मिलने की संभावना है। बुधवार को वह मुंबई जाएंगे और नौसेना की पश्चिमी कमान के मुख्यालय तथा मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का दौरा करेंगे।

## भगवान राम ने हमें सिखाया, कोई कार्य कठिन नहीं : भूपेश



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बघेल ने रामायण महोत्सव के समापन के अवसर पर कहा कि पहली बार किसी सरकार द्वारा ऐसा आयोजन हुआ। इसमें कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे देशों ने हिस्सा लिया। हम सब सुंदर कांड सुनते हैं। बाल कांड सुनते हैं। अरण्य कांड प्रकृति को लेकर है। जूरी के सदस्यों ने इस सोच की प्रशंसा की। हम नदियों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। आज केलो में आरती कार्यक्रम हुआ। हम नरवा कार्यक्रम चला रहे हैं। अब नदियों को लेकर यह कार्य करेंगे ताकि यह बारहमासी हों। भगवान राम ने हमें सिखाया है कि कोई कार्य कठिन नहीं है। हम प्रकृति के संरक्षण के लिए कार्य करते रहेंगे।

## छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




मिजोरम, तेलंगाना, राजस्थान, मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। चुनाव आयोग ने इन सब राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों की उनके गृह जिले में पोस्टिंग नहीं करने के साथ लंबे समय से जिस स्थान पर सेवा दे रहे वहां से ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 3 दिसंबर 2023, मध्यप्रदेश में 6 जनवरी 2024, मिजोरम में 17 दिसंबर 2023 को, राजस्थान में 14 जनवरी 2024 और तेलंगाना में 16 जनवरी 2024 को खत्म हो रहा है। इसके पहले विधानसभा का चुनाव संपन्न किया जाना है। चुनाव के लिहाज से किसी जिले में चार साल से सेवा दे रहे अथवा छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश और तेलंगाना में 31 जनवरी 2024 (मिजोरम में 31 दिसंबर 2023) को तीन साल की सेवा पूरी करने वाले अधिकारियों का कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाने के लिए कहा गया है। वहीं मिजोरम जैसे छोटे राज्यों में इस बात को अमल में लाने में दिक्कत आने पर मामला आयोग को देने को कहा गया है।

## अमृतसर में पाक ड्रोन द्वारा गिराई गई नशीले पदार्थों की खेप बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की संयुक्त घात पार्टी ने मादक पदार्थों की तस्करी का पाकिस्तान के एक और नापाक प्रयास को नाकाम करते हुए शुक्रवार रात को लगभग दो बजकर पचास मिनट पर अमृतसर जिले के गाँव राई से ड्रोन द्वारा गिराई गई साढे पांच किलो हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने शनिवार को बताया कि रात लगभग दो बज कर पचास मिनट पर गांव राई के बाहरी इलाके में ड्रोन की हल्की भनभनाहट और खेप गिराने की आवाज़ सुनाई दी। उन्होने बताया कि क्षेत्र की तलाशी के दौरान, सैनिकों ने एक खेत से संदिग्ध नशीले पदार्थों के 05 पैकेट की एक बड़ी खेप बरामद की जिसका कुल वजन साढे पांच किलो है। खेप के साथ एक लोहे की अंगूठी भी बंधी मिली।

**150 करोड़ की अवैध वसूली का कथित मामला**

## छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक एफसीआई अधिकारी कर्मचारी हुए इधर से उधर, मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में एफसीआई के अधिकारी कर्मचारियों पर लगे 150 करोड़ से अधिक वसूली मामले में भारतीय खाद्य निगम ने बालोद के क्वॉलिटी मैनेजर स्वास्तिक सान्याल सहित छत्तीसगढ़ के 50 क्वालिटी मैनेजरों का तबादला महाराष्ट्र और गुजरात कर दिया है। तो वही धमतरी के क्वालिटी कंट्रोलर केके साहू सहित कुरुद के अन्य अधिकारी को निलंबित कर दिया है। इस कार्यवाही से छत्तीसगढ़ के एफसीआई अधिकारी व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर में इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। दरअसल में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिल एसोसिशन के कोषाध्यक्ष रौशन चन्द्राकर ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को 3 पन्ने की शिकायत बकायदा शपथ पत्र के साथ भेजी है। शिकायत पत्र में प्रदेश के एफसीआई अफसरों पर राइस मिलरों से लाट्स एक्सेप्ट करने के एवज में 150 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग की थी। रौशन चन्द्राकर ने शपथ पत्र के साथ तमाम तथ्य व जानकारी भी उपलब्ध करवाई थी। जिसके बाद कुछ दिन पूर्व केंद्र की टीम रायपुर पहुच शिक़ायत कर्ता रौशन चन्द्राकर का बयान दर्ज किया। जिसके बाद प्रदेश के एफसीआई के 50 अधिकारी कर्मचारियों का तबादला किया गया है, वही इस मामले में अब तक 2 को निलंबित किया गया है। कार्यवाही से भ्रष्टाचार में लिप्त एफसीआई के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

पायनियर इम्पैक्ट



मिलरों से 150 करोड़ की अवैध वसूली का आरोप

राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ने केंद्रीय खाद्य मंत्री को पत्र लिखकर किया बड़ा खुलासा

### 90 से ज्यादा राईस मिलर्स कर रहे कस्टम मिलिंग

बालोद जिले के कुछ राइस मिलरों ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि बालोद जिले में 90 से ज्यादा राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग का काम कर रहे हैं। इस साल पहली बार मानपुर जिले से भी उठाव कर मिलिंग किया गया। क्योकि मानपुर मोहला नया जिला बना है, और वहां एक भी राईस मिल नही हैं। आपको बता दे कि 290 क्विंटल का एक लॉट होता है। प्रति लॉट जो 7 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेने की शिकायत सामने आई है, वो कुछ इस प्रकार से है। प्रति लॉट के हिसाब से 1 हजार 500 रुपये क्वालिटी मैनेजर, 1 हजार 500 रुपये क्वॉलिटी इंस्पेक्टर, 1 हजार 500 रुपये एजीएम, 400 रुपये डिपो मैनेजर, बाकी पैसे ऊपर की ओर जाते है। यह वसूली का खेल करोड़ो में हैं।

### एफआईआर दर्ज कर की जाए कड़ी से कड़ी कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में मची भर्राशाही को लेकर बालोद समेत पूरे प्रदेशभर में राइस मिलरों की परेशानी बढ़ गई हैं। कस्टम मिलिंग के काम में सेम्पल पासिंग के नाम पर जमकर अनियमितता बरती गई है। इमसें लाखों रुपए की अवैध उगाही की गई। राईस मिलरों की बढ़ती शिकायतों के बाद राईस मिल एसोसिएशन को आगे आना पड़ा। करोड़ों रुपए की उगाही के मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चन्द्राकर ने 3 पेज का शिकायत केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल से की हैं। रौशन चन्द्राकर ने इसके साथ बाकायदा सौ रुपए के स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र भी दिया है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा है कि सत्य व निष्ठा से देशहित व एफसीआई की कार्यप्रणाली को पूर्ण पारदर्शी व भ्रष्टाचार मुक्त कराने के लिए उपरोक्त कथन किया हैं। और अगर जानकारी/तथ्य गलत पाए जाते हैं तो मैं परिणाम/दंड भुगतने का अधिकारी होउंगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को भेजे शिकायत में एफसीआई में वर्षों से जारी इस अधिकारियों के गिरोह के सदस्यों के विरूद्ध केन्द्रीय एजेंसी को निर्देश कर इन पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके बाद से पूरे प्रदेशभर में एफसीआई का सिस्टम हिल गया है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए भारतीय खाद्य निगम ने धमतरी एफसीआई कार्यालय में पदस्थ क्वालिटी कंट्रोलर केके साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वही निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय एफसीआई आदिपुर होगा। साथ ही रायपुर के एक अन्य अधिकारी को निलंबित कर दिया। इसके अलावा पूरे प्रदेशभर में 50 अधिकारी-कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया, जिससे एफसीआई में हड़कंप मच गया है।

## अमरनाथ यात्रा : सर्वोत्तम व्यवस्था सुनिश्चित के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : मनोज सिन्हा

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सर्वोत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। सिन्हा ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि तीर्थयात्रियों के आराम और सविधा के लिए सर्वोत्तम संभव व्यवस्था की जाए। बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में प्रत्यक्ष सुधार लाने के लिए पिछले कुछ सालों में समर्पित प्रयास किए गए हैं। अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि इस वर्ष की यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की जरूरतों पर विशेष ध्यान रखा जाए। गौरतलब है कि पहली बार 62 दिन की अमरनाथ यात्रा 01 जुलाई से दोनों मार्गों - अनंतनाग जिले के पहलगाम ट्रैक और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू होगी। यह यात्रा रक्षा बंधन 31 अगस्त तक चलेगी। यात्रा के लिए पूरे देश में रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से शुरू हो गया है। बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा से सुबह और शाम की आरती का सीधा प्रसारण होगा। देश-दुनिया में बैठे श्रद्धालु रोजाना बाबा बर्फानी की आरती का लाभ उठा सकते हैं। उपराज्यपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत के लिए प्रथम पूजा में भाग लिया और बर्फानी का आशीर्वाद लिया। सिन्हा ने प्रदेशवासियों और देशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना की। अमरनाथजी श्राइन बोर्ड हर साल ज्येष्ठ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पवित्र गुफा में प्रथम पूजा का आयोजन करता रहा है।

# एनएसयूआई ने कांग्रेस भवन में सदबुद्धि यज्ञ कर बृजभूषण सिंह को सिंग्नल चौक में सांकेतिक फांसी देकर किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आव्हान पर ह्स्ढ्ढ कबीरधाम जिलाध्यक्ष शितेश चनद्रवंशी के नेतृत्व में देश के लिए कई पदक जीत चुके पहलवानो को न्याय दिलाने की मांग को लेकर एनएसयूआई कबीरधाम के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन में सदबुद्धि यज्ञ कर शहर के सिग्नल चौक में भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुतले को फांसी देकर पुतला दहन किया।

एनएसयूआई अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी ने बताया कि दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रहे भारत के गौरव को बढ़ाने वाले पहलवानो को न्याय मिलना चाहिए,भारतीय जनता पार्टी के नेताओ द्वारा लगातार इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार के द्वारा उनको शरण देकर बचाया जा रहा है और सड़क की लड़ाई लड़ रहे पहलवानो पर लाठियां बरसाई जा रही है जो कि आज की भाजपा की हिटलर नीति को जाहिर कर रहा है। बात दे कि बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। देश की जानता और युवा-छात्र वर्ग भी उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष जांच करने में मोदी सरकार असमर्थ है। पीएम नरेंद्र मोदी का हाथ ब्रिजभूषण पर है इसलिए उनकी गिरफ़्तारी भी नहीं हो रही है। पहलवानों के जंतर मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस का व्यवहार नींदनीय हैं। देश का नाम रोशन करने वाले पहलवानों को सड़क पर अपराधी की तरह घसीटा जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के इशारे पर पुलिस पहलवानों पर लात-घुसे चला रही है। जो कि अन्याय पूर्ण है।

जिसके विरोध में आज ह्स्ढ्ढ ने भाजपा नेताओं को सदबुद्धि देने के लिए सद्बुध्दि यज्ञ कर WFI के अध्यक्ष भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के पुतले को फांसी लटकाकर उनका पुतला दहन किया व उनके व भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी की व सभी कार्यकर्ताओं में आक्रोश भरा रहा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शितेश चंद्रवंशी ने जिला कार्यकारणी की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जी के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओ से चर्चा की।

उक्त कार्यक्रम में ह्स्ढ्ढ प्रदेश सचिव आनंद चंद्रवंशी,वरिष्ट ठ्ठह्यह्वढ्ढ नेता यूनेस कौशिक,विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष विवेक जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष यशवंत कुर्रे, झड़ीराम,निशा रात्रे,प्रकाश योगी,जिला महासचिव संगठन प्रभारी अमन वर्मा,जिला महासचिव ओम मिश्रा, प्रवीण वर्मा, पिंकी बंजारे, जिला सचिव परमेश्वर,राहुल तोड़े, रितेश चंद्रवंशी, शहर अध्यक्ष सौरभ दुबे, नीरज केशरी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, परमेश्वर धुर्वे, जलेश धुर्वे ,शैलेन्द्र वर्मा, हेमंत पनागर, मुकेश, गायत्री, अमन, गौरांश, सतीस, रूपेश, संजय मेरावी, मोहित, मंत्री साहू, तुषार वर्मा, बृजेश चंद्रवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण जिले में प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के खिलाफ चलाया जा रहा है अभियान



- स्कूल कालेजों के आसपास विशेष रूप से की जा रही है निगरानी
- जिले के 45 मेडिकल दुकानो का किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ गंडई
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंडई प्रशांत खाण्डे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी खैरागढ़, गंडई, छुईखदान, मोहगांव, साल्हेवारा, बकरकट्टा, गातापार, ठेलकाडीह, जालबांधा के द्वारा सम्पूर्ण जिले में लगातार अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में ड्रग्स इस्पेक्टर प्रियंका ध्रुव राजनांदगांव एवं उसकी टीम के साथ संयुक्त टीम तैयार कर सम्पूर्ण जिले के कुल 45 मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया मेडिकल दुकानों में उपलब्ध दवाईयों के स्टॉक, बिल, बिक्री रसीद, चिकित्सक के पर्ची का नियमानुसार बारिकी से चेक किया गया, सभी मेडिकल संचालको को प्रतिबंधित नशीली दवाईयॉ मेडिकल स्टोर्स में नही रखने, बगैर चिकित्सक के सलाह पर्ची के दवाई बिक्री नही करने के संबंध में समझाईश देते हुये हिदायत दिया गया है। साथ ही सम्पूर्ण जिले में स्कूल कालेजो के आसपास भी विशेष रूप से निगरानी कर नशीली दवाओं के कारोबार करने वालो पर नजर रखी जा जा रही है, आम नागरिको से भी अपील कर प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की बिक्री के संबंध में कोई भी जानकारी होने पर अपने थाना,कंट्रोल रूम 94792-47401,या 112 मे कॉल कर जानकारी देने की अपील की जा रही है।

# राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की अखिल प्रांतीय हड़ताल के 20 वें दिन जिला शाखा दुर्ग में लगातार धरना प्रदर्शन जारी

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





मीडिया प्रभारी एवं जिला सह सचिव रणजीत कुमार मिश्रा ने संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 03 जून 2023 को राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की अखिल प्रांतीय हड़ताल के 20 वें दिन जिला शाखा दुर्ग में धरना स्थल मानस भवन के सामने दुर्ग स्थित मंच से संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप द्वारा संघ के सभी 5000 से अधिक सदस्यों को इस भीषण गर्मी में अपने अधिकार के संघर्ष को अनवरत जारी रखने के लिए साधुवाद दिया गया और सभी में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा गया कि जब तक सभी 8 सूत्रीय मांग नहीं मान ली जाती तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। सभी मांगे पूर्ण रूप से जायज हैं इन्हें शासन प्रशासन द्वारा तत्काल मानते हुए इनके पक्ष में आदेश जारी करना चाहिए। आगे उन्होंने कहा हड़ताल अवधि में सभी पटवारी साथी एकता और अनुशासन बनाए रखते हुए दृढ़संकल्प होकर आंदोलन में बिना किसी भय के डटे रहें यदि शासन/ प्रशासन द्वारा संघ के किसी भी साथी को प्रताड़ित किया जाता है तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। यह हमारे अधिकारों, संघर्ष की लड़ाई सफलता के लक्ष्य तक पहुंच कर ही दम लेगी । इसी कड़ी में 02जून को धरना स्थल से बाइक रैली का आयोजन किया गया जो राजेंद्र पार्क-ग्रीन चौक- पटेल चौक होते हुए पुनः धरना स्थल में जाकर संपन्न हुआ और जमकर नारेबाजी हुई । इस रैली में प्रांत स्तर से प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप, प्रांतीय सचिव शिव कुमार साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश चंद्राकर, प्रांतीय महामंत्री राजेश बंजारी, प्रांतीय संयोजक रत्नेश सिंह भदौरिया, प्रांतीय संगठन मंत्री दानी सिंह ठाकुर, रायपुर शाखा जिलाध्यक्ष कमलेश ठाकुर, दुर्ग शाखा जिलाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव, सचिव स्वदेश गुप्ता, सभी तहसील अध्यक्ष आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

# जिले के सभी थानों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने शाम के समय मोटर वाहन चेकिंग पाईंट लागाकर किया गया लगभग 1,000 वाहनों की चेकिंग

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में बोनीफॉस एक्का उप पुलिस अधीक्षक यातायात बालोद के पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध शाम के समय 4 बजे से 7 बजे सभी थाना क्षेत्र में विशेष पाइंट चेकिंग लगाया गया था। जिसमें भारी एवं छोटे मालवाहक वाहन एवं मोटर.सायकल वाहन लगभग 1,000 वाहनों की चेकिंग कर हेलमेट / सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की समझाइश दिया गया, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 106 लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 33,500 रू. समन शुल्क वसूल किया गया। इस मोटर वाहन चेकिंग अभियान में थाना बालोद द्वारा पाररास चेकिंग पाईंट लगाकर 05 प्रकरण में 1500 रु, थाना पुरूर द्वारा जगतरा टोल प्लाजा के पास चेकिंग पाईंट लगाकर 02 प्रकरण में 600 रू., थाना सनी द्वारा लोहारा चौक चेकिंग पाईंट लगाकर 11 प्रकरण में 3300 रू., थाना गुण्डरदेही द्वारा धमतरी तिराहा के पास चेकिंग पाईंट लगाकर 14 प्रकरण में 5000 रू., थाना देवरी द्वारा थाना के सामने चेकिंग पाईंट लगाकर 10 प्रकरण में 3300 रू., थाना डौंडीलोहारा द्वारा बटेरा चौक में चेकिंग पाईंट लगाकर 20 प्रकरण में 6000 रू., थाना मंगचुवा द्वारा थाने के सामने चेकिंग पाईंट लगाकर 03 प्रकरण में 1500 रू., थाना राजहरा द्वारा मानपुर चौक में बेकिंग पाईंट लगाकर 21 प्रकरण में 6300 रू. थाना डौंडी द्वारा मथाई चौक में चेकिंग पाईंट लगाकर 09 प्रकरण में 2700 रू., थाना सुरेगांव द्वारा सुरेगांव बस स्टैण्ड के पास चेकिंग पाईंट लगाकर 04 प्रकरण में 1200 रु. यातायात बालोद द्वारा झलमला चौक में चेकिंग पाईंट लगाकर 07 प्रकरण में 2100 रू. सभी थानों द्वारा कुल 106 लापरवाह वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर 33,500 रू. समन शुल्क वसूल किया गया है। आज भी सभी थाना क्षेत्रों द्वारा निर्धारित चेक पाइंट पर वाहन चेकिंग जारी रहेगा। जिला पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगायें।

# भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी के सारंग राव प्रभारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



बी.एस. जागृत, छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष, दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) शाखा छत्तीसगढ़ प्रदेश की कार्यकारिणी में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रबोधी पाटिल के निर्देश पर बिलासपुर जिले के विगत 25 वर्षों से भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी में सारंग राव हुमने आम्बेडकर नगर बिलासपुर को उपाध्यक्ष पद पर 03 वर्ष के लिए नियुक्ति की गई है। सारंग राव हुमने के अनुभव, उनके कार्य की शैली एवं अनुशासन तथा संस्था के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए उन्हें जिला बिलासपुर, जिला कोरबा, जिला मुंगेली, जिला रायगढ़, जिला अम्बिकापुर, जिला जांजगीर चांपा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राजेश हुमने जिला बिलासपुर के भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष है, उन्हें पुनः उनकी कार्यकुशलता एवं समाज को लेकर मिलजुल कर संस्था के प्रति विगत कई वर्षों के अच्छे कार्यों को देखते हुए 03 वर्ष के लिए बिलासपुर जिले का भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई, साथ ही साथ उन्हें भारत के संविधान एवं भगवान बुद्ध एवं उनका धम्म की पुस्तकें भेंट की गई। इस कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश महासचिव भोजराज गौरखेड़े, कोषाध्यक्ष नीलकंठ सिंगारे, सी.डी. खोब्रागड़े, केन्द्रीय सदस्य संस्कार विभाग भारतीय बौद्ध महासभा, घनश्याम बावनगड़े उपाध्यक्ष एवं कानूनी सलाहकार भारतीय बौद्ध महासभा, बेनीराम गायकवाड, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश उक्त मीटिंग में उपस्थित थे।

# सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को परस्पर समन्वय बनाकर करें कार्य : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज गुरुवार को जिला पंचायत बेमेतरा के सभाकक्ष में जिले में संचालित राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्या के संबंध में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, उप संचालक कृषि डडसेना, जनपद पंचायत सीईओ चंद्र प्रकाश पात्रे, सहित ब्लॉक स्तरीय समस्त विभागीय कर्मचारी, सचिव उपस्थित थे। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने बेमेतरा में संचालित राज्य शासन की समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में चर्चा की और ग्राम सचिवों व ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारियों से एजेण्डावार शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों की भौतिक स्थिति की जानकारी ली साथ ही समस्त सचिवों से गौठान में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली जिसमें सचिवों ने गौठान में होने वाली परेशानी और संसाधनों की कमी से जिलाधीश को अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को गौठान में आवश्यक संसाधन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान गौठानों में गोबर खरीदी की मात्रा, गोबर खरीदी भुगतान, केंचुओं की उपलब्धता, गौठानों में चारा, पानी की उपलब्धता, बिजली, पशुओं की संख्या, आदि की बिंदुवार समीक्षा की। साथ ही बिजली, पानी आदि मूलभूत चीजों की जरूरत वाले गौठानों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में महिलाओं के आजीविकामूलक गतिविधियों के लिए बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि के शेड बनाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान उपस्थित सभी सचिवों और ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किए कि सभी पशुपालकों और चरवाहों को गौठान में ही गोबर विक्रय करने हेतु प्रेरित करें और गोबर खरीदी कार्य में प्रगति लाएं।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा पूरे भारत में सरकार के साथ मिलकर चलाया जा रहा नशा मुक्त भारत अभियान

# विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा द्वारा कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सहयोगी संस्था राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों में तम्बाकू निषेध दिवस पर किये गए विविध कार्यक्रम । इसके अंतर्गत बेमेतरा शहर में 31 मई, विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर नशे से दूर रहने एवं जनजाग्रति के लिए जनजागरण हेतु विशाल शोभायात्रा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनजागरण हेतु विशाल शोभायात्रा प्रभु स्मृति भवन से सभी अतिथियों ने झंडा दिखाकर रैली का शुभारंभ किया, जो यह रैली पुराना बस स्टैंड , गशती चौक, बाजार चौक, भद्रकाली मंदिर, शीतला मंदिर, सदर बाजार, नया बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक, परशुराम चौक होते हुए प्रभु स्मृति भवन तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, नशा मुक्ति की इस यात्रा में 400 से अधिक नागरिक शामिल हुए। तदोपरांत समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद लोकसभा दुर्ग, विशिष्ट अतिथि आईएएस सुरुचि सिंह बेमेतरा एसडीएम, निर्मल कुमार सिंह ठाकुर जी कार्यपालन अभियंता बेमेतरा, बरखा केसु समाज कल्याण उपसंचालक, अध्यक्षता माननीय ताराचंद माहेश्वरी समाजसेवी बेमेतरा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र प्रभारी बेमेतरा ने किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का लक्ष्य एवं उद्देश्य एवं संस्थान का परिचय देते हुए विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के बारे बताया और कहा कि विश्व में हर साल 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगो को हानिकारक पदार्थो से बचाना एवं उससे दूर रहने के लिए जागरुक करना है। इसके साथ ही उन्होंने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान एक विश्व व्यापी संस्थान है जिसका मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान में है। और भारत सहित विश्व के 146 देशों में इसकी हजारों शाखाएं है जिसके माध्यम से राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक शिक्षा के द्वारा समाज में फैली विकृति और बुराईयाँ और नशे से दूर रहने की शिक्षा दी जाती है। इसके साथ ही आगे उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू का रूह्व (Memorandum of Understanding) साईन हुआ है। जिसके तहत पूरे भारत में नशा मुक्ति हेतु जनजाग्रति के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है उसीके अंतर्गत आज यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज संस्थान विगत अनेकानेक वर्षो से व्यसन मुक्ति के लिए अनेकानेक अभियान मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत जैसे अनेकानेक कार्यक्रमों के माध्यम से जन जाग्रति हेतु कार्य कर रहा है जिसका परिणाम यह रहा कि हजारों लाखों भाई बहनों ने राजयोग मेंडिटेशन को अपने जीवन में अपनाकर अपने जीवन को नशा मुक्त कर बेहतर बनाया है।

# भाजपा आईटी सेल जिला बालोद कार्यकारिणी की हुई घोषणा ललित जैन बने डौंडीलोहारा विधान सभा प्रभारी

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भाजपा आईटी सेल जिला कार्यकारिणी की हुई घोषणा बालोद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ,संगठन महामंत्री पवन साय , जिला प्रभारी मधुसूदन यादव , आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई एवं आईटी सेल जिला प्रभारी आयुष्मान दीक्षित की सहमति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार की सहमति व अनुमोदन पश्चात भाजपा जिला बालोद आईटी सेल के जिला संयोजक विवेक वैष्णव ने भाजपा आईटी सेल के जिला कार्यकारिणी, विधानसभा प्रभारी, सह प्रभारी ,मंडल संयोजक एवं सहसंयोजक की घोषणा की है जिसमें भाजपा के निम्नांकित कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया है । आईटी सेल जिला कार्यकारिणी में जिला संयोजक विवेक वैष्णव , सहसंयोजक शेखर वर्मा, कमल पंपालिया सदस्य कमल बजाज , रूपेश सोनकर, भूपेंद्र सिन्हा, कामेश साहू, ललित जैन, निखिल शर्मा , केवल सिन्हा, कपिल वैद्य, हरीश कनौजिया, रामलाल नायक ,योगेंद्र गोरे , पोषण साहू, हरि सिंह मौर्य , हरीश साहू, जितेंद्र मानिकपुरी , विधानसभा प्रभारी संजारीबालोद विधानसभा प्रभारी कमल पंपालिया ,सह प्रभारी कमल बाजाज , रुपेश सोनकर ,भूपेंद्र सिंन्हा , कमलेश साहू डौंडीलोहारा विधानसभा प्रभारी ललित जैन (दल्लीराजहरा) ,सह प्रभारी निखिल शर्मा , केवल सिन्हा , कपिल वैद्य, हरीश कनौजिया गुंडरदेही विधानसभा प्रभारी रामलाल नायक , सह प्रभारी योगेंद्र गोरे, पोषण साहू ,हरि सिंह मौर्य, हरीश साहू, मंडल संयोजक एवं सहसंयोजक में बालोद शहर मंडल संयोजक जय लुल्ला ,आदि ने नवनियुक्त आईटी एक्सपर्ट कार्यकर्ताओं की नियुक्ति पर बधाई दी एवं उज्जवल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# छत्तीसगढ़ का एक जिला जहां हो रही एसडीएम न्यायालय के आदेश की अवहेलना, मोहल्ले वासी मांगे प्रदूषण से मुक्ति

## अनुविभागीय अधिकारी ने कहा तुरंत कार्यवाही होगी

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोई आम नागरिक न्यायालयिन आदेश की अवहेलना करे तो उसे दंडित करने सहित कारावास की सजा तक मिलती हैं, लेकिन कोंडागांव नगर के रसूखदार व्यक्ति द्वारा विगत साल भर से एसडीएम न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने का आरोप लग रहा और जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही छोड़ महज नोटिस देने की बात कह रहें हैं। इस संबंध में रेखा देवांगन, मुकेश मारकंडेय, नफीसा बेगम, कन्हैया दास मानिकपुरी, शिव देवांगन व अन्य मोहल्ले वासियों के मुताबिक शिकायत पर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंडागांव ने मई 2022 में अंतरिम आदेश पारित कर मिल बंद करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद अधिकारियों के दल ने मौके पर पहुंचकर मोहल्ले वासियों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर राईस मिल बंद करने की कार्यवाही करते





मिल के मुख्य दरवाजे पर तालाबंदी किया था। कार्रवाई के कुछ दिनों बाद ही संचालक ने ताला तोड़कर विगत साल भर से मिल का संचालन कर रहा हैं। मिल संचालित रहने से राख व धूंए से परेशान हम मोहल्ले वासियों ने 30 मई को कलेक्टर जनदर्शन पहुंच राईस मिल बंद करने की लिखित शिकायत देते निर्धारित समयावधि में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं करने से मोहल्ले वासियों द्वारा मिल में तालाबंदी करने की बात कही थी। जिसके बाद 1 जून को संयुक्त जांच दल राईस मिल में पहुंचा और न्यायालय द्वारा मिल बंद करने के लिए दिए गए आदेश की अवहेलना कर मिल संचालित होना पाया और जांच दल के सदस्यों ने जांच प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपने की बात कही। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल जगदलपुर प्रवीण नाग के मुताबिक उद्योग मे ईटीपी का नियमित संचालन नहीं होना, घोषित क्षेत्र में धूल उत्सर्जन होना सहित दूसरी यूनिट में भी अन्य कई कमियां पाई गई हैं। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोंडागांव चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने कहा हैं कि, संचालक को नोटिस जारी करने सहित जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी।

# राजीव भवन विद्युत चोरी के मामले में विद्युत विभाग ने की कार्यवाही

## ख़बर प्रकाशित होने पर विद्युत विभाग ने दी दबिश विद्युत उपकरण किए जब्त

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के पुराना थाना के पास कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन का निर्माण कार्य दो वर्ष पूर्व शुरू किया गया था जिसके निर्माण कार्य के दौरान विद्युत के कार्य के लिए भवन के पास से गुजरी विद्युत लाइन से हूक मारकर विद्युत का उपयोग किया जा रहा था । विद्युत चोरी के मामले को पायनियर ने प्रमुखता से उठाया जिस पर विद्युत विभाग ने कार्यवाही की है। विद्युत विभाग की टीम ने निर्माणधीन राजीव भवन में दबिश दी तो मौके पर हूक लगाकर विद्युत चोरी करने का मामला सामने आया । मौके पर मोटर पंप, तार और बल्ब जप्त किया गया है इस दौरान लगभग 800 वाट विद्युत चोरी किए जाने की बात सामने आ रही है । विद्युत चोरी किए जाने के मामले पर राजीव भवन निर्माण कर रहे के ठेकेदार गौरव सिंग ने कहा कि विद्युत की व्यवस्था कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया गया था हमने कोई विद्युत की चोरी नही की है । अगर किसी विभाग से ठेका लेकर निर्माण कार्य किया जाता तो


चोरी की बिजली से हो रहा राजीव भवन का निर्माण
भाजपा ने साधा निशाना, बिजली हाफ वाले ही कर रहे है बिजली चोरी
कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ने ठेकेदार पर फोड़ा ठीकरा
पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com
जिले में कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन का निर्माण कार्य लगभग दो सालों से किया जा रहा है और निर्माण के दौरान विद्युत का उपयोग खंबे से चोरी करके किया जा रहा है जिसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा बिजली बिल हाफ का ढिंढोरा पीटने वाली कांग्रेस की सरकार अपने भवन का निर्माण विद्युत चोरी करके कर रही है जिसका भार आम आदमी पर पड़ेगा। वही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवनाथ उसेंडी ने विद्युत चोरी के मामले पर पहले कुछ भी कहने से कतरा रहे थे फिर सारा ठिकरा भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार पर थोप दिया। इस मामले पर विद्युत विभाग के अधिकारी ने कहा कि भवन निर्माण के दौरान अस्थाई मीटर लिया जाता है लेकिन जिला कांग्रेस कमेटी और ठेकेदार द्वारा अब तक नहीं लिया गया है विद्युत चोरी की जानकारी मीडिया से मिली है जिसकी जांच कर नियम अनुसार कार्यवाही की जायेगी। ज्ञात हो की नारायणपुर जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में विद्युत चोरी कर निर्माण कार्य करने का मामला सामने आने के बाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन और गौतम गोलछा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बिजली हाफ का दावा करने वाली कांग्रेस की सरकार अपने राजीव भवन का निर्माण विद्युत चोरी करके करा रही है जिसका भार आम आदमी पर आएगा। वही अगर कोई किसान या गरीब आदमी विद्युत चोरी करता तो विद्युत विभाग भारी भरकम राशि का जुर्माना लगा देती लेकिन दो साल से भवन का निर्माण कार्य हो रहा है और विद्युत विभाग विद्युत चोरी पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है जो दर्शाता है कि सत्ता का खौफ अधिकारियों पर कितना है। वहीं इस पूरे मामले पर देवनाथ उसेंडी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी पहले तो मीडिया को इस मामले पर कुछ भी कहने से इंकार कर ब्लाक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष के ऊपर टाल रहे थे अंतिम ने सारा ठीकरा भवन निर्माण करने वाले ठेकेदार पर फोड़ दिया। इस पूरे मामले पर विद्युत विभाग के ए.ई. क्षत्रपाल दीवान ने कहा की राजीव भवन के निर्माण कार्य के लिए विद्युत के उपयोग के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन अब तक नहीं लिया गया है। विद्युत चोरी का मामला मीडिया के माध्यम से मिलने और नियमानुसार कार्यवाही कहने की बात कही।

पायनियर
खबर का असर

ठेकेदार को विद्युत कनेक्शन लेना पड़ता ठेकेदार पर लगाया गया पार्टी द्वारा आरोप गलत है ।वही विद्युत विभाग के ए.ई. क्षत्रपाल दीवान अधिकारी का कहना है कि मीडिया के माध्यम राजीव भवन में विद्युत चोरी किए जाने की बात सामने आई थी चेक करने पर विद्युत चोरी सामने आई , मौके पर समान जप्त किया गया है जिस पर जुमार्नी 58 हजार 6 सौ 10 रुपए गया गया जिसे पटाने के बाद ही नवीन कनेक्शन भवन में लगेगा ।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर करता रहा शोषण, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना फरसगांव पुलिस की कायवाही अपहृत बालिका को कोंडागांव थाना क्षेत्र आरोपी के कब्जे से बरामद अपहृत बालिका को फरसगांव पुलिस के द्वारा 24 घंटे के भीतर किया गया। 30 मई को बालिका को अज्ञात आरोपी के द्वारा अपहरण कर कहीं से ले जाने की रिपोर्ट थाना फरसगाव में प्राप्त हुई थी, जिस पर थाना फरसगांव में प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कर्मांक 40 धारा 363 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस प्रकरण के पंजीबद्ध होने के उपरांत प्रकरण की गंभीरता और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक वेल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन पर राज्य में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत् थाना फरसगांव से निरीक्षक भाषेन्द्र साहू के ने तृत्व में टीम तैयार कर अपड़ता और अज्ञात आरोपी की लगातार पता तलासी की जा रही थी, जो पता तलास के दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी सरवन कुमार शोरी के कब्जे से अपहृता ग्राम चमई थाना कोंडागांव से 5 मई को बरामद कर दस्ताव किया गया। साथ ही आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर थाना फरसगां व लाया गया। इस संबंध में पीड़िता से पूछताछ करने पर पीड़िता के साथ आरोपी के द्वारा शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना कर बलात्कार किया जाना बताए जाने पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा 366, 376 (2) (5) पॉक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़ी गई है। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायलय एफटीएसी फोण्डा के समक्ष पेश किया गया हैं जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर भेजी जा रही हैं।

# आगामी चुनाव में बस्तर भाजपा मुक्त नहीं कांग्रेस मुक्त होगा

## राहुल ने किया कांग्रेस संचार प्रमुख के बयान पर पलटवार

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशिल आनंद शुक्ला के बयान बस्तर भाजपा मुक्त था , आने वाले चुनाव में भी बस्तर भाजपा मुक्त ही रहेगा पर पलटवार करते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राहुल असरानी ने कहा की शुक्ला अति उत्साहित है पर वे अपना कांग्रेसी चश्मा उतार कर देखे तो उन्हें जमीनी हकीकत नजर आयेगी , कांग्रेस पार्टी के कराये गये सर्वे में ही बस्तर के कयी विधायकों की परफॉरमेंस को कमजोर बताया गया था। मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने आगे कहा की काठ की हांड़ी बार बार नहीं चढ़ती 2018 में कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र बनाकर शराबबंदी , किसानो की कर्ज माफ़ी , बेरोजगारी भत्ता , अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने , बेरोजगारों को रोजगार और ऐसे बहुत सारे लोक लुभावने वायदे किये थे जिस पर विश्वास करते हुए बस्तर की जनता ने कांग्रेस को बस्तर की सारी सीटों पर जीताया पर कांग्रेस सरकार ने कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। असरानी ने कहा की अपने आपको आदिवासी



हितैषी बताने वाली कांग्रेस पार्टी ने बस्तर में केंद्र और छत्तीसगढ़ के पूर्व की भाजपा सरकार की योजनाओ का नाम परिवर्तन कर अमलीजामा पहनाने के अलावा विकास के नाम पर कुछ भी नया नहीं किया सिर्फ और सिर्फ वोटबैंक के नाम पर आदिवासियों के साथ दोहरा रवैय्या और तुष्टिकरण की राजनीती करती आयी है चाहे वो सिल्गैर का मामला हो या राष्ट्रपति का , देश को पहली आदिवासी राष्ट्रपति देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया , कांग्रेस पार्टी ने उस आदिवासी महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार के खिलाफ यशवंत सिन्हा का समर्थन कर फिर से आदिवासियों को छलने का कार्य किया। असरानी ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेता ने ही आदिवासी आरक्षण पे कटौती के लिए कोर्ट में याचिका लगायी और प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा मजबूती से हाई कोर्ट में पक्ष नहीं रखे जाने के कारण आदिवासी आरक्षण में कटौती की गयी जिसके पश्चात हाई कोर्ट के हस्तछेप के द्वारा पूर्व में भाजपा सरकार के अध्यादेश द्वारा लागु किये गए 35% आरक्षण को बहाल करते हुए जायज करार दिया गया। बस्तर में सड़को का जाल बिछाना हो , जगदलपुर में मेडिकल कॉलेज, दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील जिले में एजूकेशन हब बनाना हो ऐसे बहुत सारे योजनाए आदिवासी अंचल बस्तर में शुरू करने का कार्य भाजपा सरकार ने किया कांग्रेस सरकार को आदिवासी बाहुल्य बस्तर की 12/12 सीटों पर विजय प्राप्त होने के बाद भी रोजगार के लिए स्थानीय भर्ती पर कोई विचार कांग्रेस सरकार ने नहीं किया इसलिए शुक्ला और उनके पार्टी को बस्तर में कांग्रेस पार्टी का सम्मलेन करना पड़ रहा है , बस्तर की जनता और आदिवासी देख चुके है की किस प्रकार नारायणपुर में धर्मान्तरण का विरोध कर रहे आदिवासियों पर बर्बरतापूर्वक लाठी बरसाई गयी और जबरन कार्यवाही कर जेल में डाला गया और किस प्रकार कांग्रेस पार्टी ने धर्मान्तरण को बढ़ावा देते हुए मिसनरियो का समर्थन किया। बस्तर में कांग्रेस पार्टी का जो धर्मान्तरण के नाम पर अघोषित स्टार्ट अप चल रहा है उसके विरुद्ध परिणामस्वरूप आने वाले विधानसभा चुनाव में बस्तर की जनता और आदिवासी बस्तर को भाजपा मुक्त नहीं कांग्रेस मुक्त करेंगे।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 7 जून को

**दन्तेवाड़ा।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में 7 जून 2023 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस दन्तेवाड़ा में डेवलपमेंट मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, लाइफ मित्रा, एलआईसी ब्रांच में ग्रामीण वृत्तिक अभिकर्ता, रिक्रायरमेंट मैनेजर, गार्डियन सिक्योरिटी फोर्सटेऊनिंग एकेडमी राजेन्द्र नगर हैदराबाद सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, रिक्तियां प्राप्त हुई है, इस संबंध में इच्छुक आवेदक, आवेदिका प्रातः 11 से 3 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां एक-सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्टसाईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। चयनित आवेदकों का कार्यक्षेत्र जिला दंतेवाड़ा होगा।

## पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**सुकमा।** जिले के थाना भेजी व एराबोर के अंतर्गत ग्राम मरईगुड़ा, रेगड़गट्टा क्षेत्र में कोंटा एरिया कमेटी के नक्सल कमांडर मंगडू, वेट्टी भीमा व अन्य नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला पुलिस सुकमा के डीआरजी की टीम को नक्सल विरोधी अभियान के तहत उक्त स्थानों की ओर रवाना किया गया था उक्त अभियान के दौरान रेगड़गट्टा के समीप नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी पर घात लगाकर फायरिंग किया गया, जिस पर जवानों द्वारा तुरंत मोर्चा लेते हुए जवाबी कार्यवाहीं की गई, जिस पर नक्सलियों को पीछे हटना पड़ा इस कार्यवाही में 3-4 नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। पुलिस की टीम समाचार लिखे जाने तक अभियान में लगी थी और इलाके की गहन सर्चिंग की जा रही है।

# नगपा उप निर्वाचन के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मीनू साहू के साथ नामांकन पत्र लेने पहुंचे कांग्रेसी नेता

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया हैं। उसके बाद राजनीतिक पार्टियों में चुनावी सरगर्मी तेज होती नजर आ रही हैं क्योंकि आने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के लिए यह मध्यावधि पार्षद चुनाव अहम मायने रखता हैं। ज्ञात हो कि, 2 जून को सुबह साढ़े 10 बजे निर्वाचन की अधिसूचना प्रकाशन, स्थानों के आरक्षण के सम्बंध में सूचना का प्रकाशन और



मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन सहित नाम निर्देशन पत्र दाखिला शुरू हो गई हैं। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 2 से 9 जून तक सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। वहीं रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 10 जून को सुबह साढ़े 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा यथा जांच की जाएगी। इसके पश्चात 12 जून को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस ली जा सकेगी और अभ्यर्थिता से नाम वापसी उपरांत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रकाशित करने सहित निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। आवश्यक होने पर 27 जून को सुबह 8 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगी। वहीं 30 जून 2023 को सुबह 9 बजे से मतगणना होगी और निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर पटेल की असामयिक मृत्यु के बाद वार्ड में होने हैं उपचुनाव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर पटेल इसी वार्ड से भाजपा प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हो अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी लेकिन उनके असामयिक मृत्यु के बाद अब वार्ड में उपचुनाव होना हैं।

# सुकमा में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्ग दर्शन एवं किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, नितिन कुमार कमाण्डेन्ट 219 वाहिनी सीआरपीएफ, नीरज कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, टी. भगद, उप कमाण्डेन्ट 219 वाहिनी सीआरपीएफ, गौरव मण्डल, अति. पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन एवं गिरिजा शंकर साव उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स कोंटा, रोहित शुक्ला पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोटा, उत्तम प्रताप सिंह बस्तर फाइटर सुकमा, रेहान अली, सहायक कमाण्डेन्ट के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की 'पुनर्वास नीति' के प्रचार-प्रसार तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय



आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में सक्रिय 03 नक्सलियों परस्की हिड़मा जनमिलिशिया सदस्य, पोड़ियाम सोमा जनमिलिशिया सदस्य, वेट्टी सुक्का। जनमिलिशिया सदस्य जो थाना भेजी क्षेत्र के निवासी हैं 02 जून को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में सूर्यकान्त सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी 219 वाहिनी सीआरपीएफ, गौरव मण्डल, अति. पुलिस अधीक्षक सुकमा एवं उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाइर्टर सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। उक्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

## लोगों को अब वित्तीय संव्यवहार के लिए नहीं जाना पड़ता मुख्यालय की ओर

# करनपुर रीपा में मंजुला बैंकर दीदी बनकर लोगों को दे रही सेवाएं

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला मुख्यालय से दूर 22 किलो मीटर दूर बसे करनपुर ग्राम में आस-पास किसी बैंक की शाखा न होने से गांववासियों को अपने प्रत्येक वित्तीय संव्यवहार हेतु जिला मुख्यालय की ओर रूख करना पड़ता था। बैंकों के दूर होने से कई ग्रामीण बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने से कतराते थे। कई लोगों ने तो आज तक बैंक खाते खोलने के विषय में भी नहीं सोचा। ऐसे में ग्रामीणों को वित्तीय लेन देन एवं बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने हेतु ग्राम में स्थापित किये गये महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में बैंक करेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी) के रूप में मंजुला कोर्राम की नियुक्ति की गई।





इस संबंध में एनआरएलएम के बीपीएम रैनु नेताम ने बताया कि, मंजुला कोर्राम द्वारा मुनगापदर में अपनी सेवाएं बीसी सखी के रूप में दी जा रही थी। परंतु करनपुर में आवश्यकता को देखते हुए यहां इंटरनेट की व्यवस्था प्रारंभ करते हुए मंजुला की नियुक्ति करनपुर रीपा में की गई। मंजुला के कार्य करने से ग्रामीणों में वित्तीय संव्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ी हैं।

ग्राम में लोगों के मध्य बैंकों के प्रति उत्साह बढ़ा हैं। लोग अब मंजुला के पास आकर वित्तीय संव्यवहार को समझने के साथ ऋण प्राप्ति, किसान क्रेडिट कार्ड के प्रयोग और अन्य जानकारियां प्राप्त करते हैं। बीसी सखी मंजुला कोर्राम ने बताया कि, पहले बैंकों के करनपुर से दूर होने से लोगों को लेन-देन और अन्य बैंकिंग कार्यो में असुविधा होती थी। अब वे इंटरनेट सुविधायुक्त रीपा में बनाये गये बीसी सखी केन्द्र में आकर बैंकिंग कार्य किया करते हैं साथ ही लोगों को मेरे द्वारा अन्य जानकारियां भी प्रदान की जाती हैं। जिससे सभी बड़े खुश हैं अब उन्हें बैंक के कार्यो लिए जिला मुख्यालय तक जाने आने की जरूरत नहीं होती वे अपने ही गांव में बैंकिंग कार्य पूर्ण कर लेते हैं।

# एक पेटी में अंग्रेजी शराब भरा ट्रयवर कार को पुलिस ने लिया हिरासत में

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अंग्रेजी शराब परिवहन करते एक आरोपी जगेन्द्र नाग उर्फ राणा को कोंडागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया। जुआ रेड और जरायम पता तलासी के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि, जगेन्द्र नाग उर्फ राणा निवासी सोनाबाल अपने कार स्लेटी रंग का रिनाल्ड ट्रयवर कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब को अपने कब्जे मे रखकर बिक्री करने परिवहन कर रहा हैं जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर उपस्थित गवाह और हमराह स्टाफ के सुचना की तस्दीक कर उड़ान बिहान के सामने बाईपास रोड कोंडागांव के पास हमराह स्टाफ गवाहों के साथ जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबीर के बताए एक स्लेटी रंग का रिनाल्ड ट्रयवर कार आया जिसे



रोक कर कार में बैठे व्यक्ति को नाम पता पुछने पर अपना नाम जगेन्द्र नाग उर्फ राणा पिता फागूराम नाग उम्र 39 वर्ष जाति हल्बा निवासी ग्राम सोनाबाल का रहने वाला बताया जिनके कब्जे के कार की तलाशी ली गई, कार के बीच सीट में तीन कार्टुन अंग्रेजी शराब मिला, एक कार्टून में अंग्रेजी शराब का कुल 48 नग 180 डस् का पौवा प्रत्येक पौवा में 180 डस् का पौवा प्रत्येक पौवा में 180 डस् अंग्रेजी शराब भरी हुई कुल 8.640 बल्क लीटर कीमत 9 हजार 600 रुपए, एक कार्टून में केन बियर 24 नग प्रत्येक में 500 डस् भरी हुई कुल 12 बल्क लीटर कीमति 4 हजार 320 रुपए, एक कार्टून में केन बियर 24 नग प्रत्येक में 500 डस् भरी हुई कुल 12 बल्क लीटर कीमति 4 हजार 320 रुपए, कुल अंग्रेजी शराब 32.640 बल्क लीटर कुल कीमत 18 हजार 240 रुपए का बरामद किया गया।

# पुलिस द्वारा आयोजित किया गया गुड सेमेरिटन सम्मान कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता । बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस कार्यालय सभा में गुड सेमेरिटन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 33 गुड सेमेरिटनों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गुड सेमेरिटनों द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद एवं घटनास्थल में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया गया। कई अवसरों पर गुड सेमेरिटनों द्वारा घायल व्यक्ति को स्वयं के वाहन से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जिस कारण घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकी है। किसी भी प्रकार सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए एक-एक सेकंड बहुत कीमती होता है। थोड़ा सा भी समय व्यर्थ हुआ नहीं कि घायल व्यक्ति की जान पर बन आती है। कई अवसरों पर सड़क दुर्घटना की सूचना सही समय पर मिलने के उपरांत भी घटनास्थल तक एंबुलेंस के पहुंचने एवं अन्य चिकित्सीय सहायता पहुंचने में बहुत विलंब हो जाता है। इस दौरान आसपास रहने वाले अथवा घटनास्थल के पास उपस्थित व्यक्तियों द्वारा ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल प्राथमिक सहायता पहुंचाई जा सकती है। यह छोटी सी सहायता भी घायल व्यक्ति एवं उसके परिवार के लिए किसी महान कार्य से कम नहीं। कार्यक्रम में उपस्थित इन गुड सेमेरिटनों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को तत्काल मदद पहुंचाई गई है। साथ ही कई अवसरों पर सामान्य मेडिकल, आदि मुहैया कराया गया तथा कई बार एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने की स्थिति में स्वयं के वाहन द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिससे घायल व्यक्ति की जान बची है।



ग्राम खम्हरिया दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास घटित ट्रक-पिकअप सड़क दुर्घटना को कौन भूल सकता है, जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चे सहित कई लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस सड़क दुर्घटना के दौरान ग्राम अर्जुनी के जय महाकाल सेना ग्रुप द्वारा बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया गया था। ग्रुप के सदस्यों द्वारा तुरंत घटनास्थल पहुंचकर घायलों को निकाला गया एवं उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने में मदद की गई। साथ ही ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा रातभर घायलों की मदद, दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क किनारे लगाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग कर अपना अमूल्य योगदान दिया गया। इसी प्रकार ग्राम गोड़ा में भी पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें 03 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस दुर्घटना में ग्राम संडी के 03 गुड सेमेरिटनों द्वारा भी तत्काल घटनास्थल पहुंचकर घायलों की मदद कर अपना अमूल्य योगदान दिया गया था। ऐसे कई एवं प्रशंसनीय उदाहरण है, जिसमें उपस्थित गुड सेमेरिटनों द्वारा घायल व्यक्ति की जान बचाई गई एवं क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में भी अपना अनुकरणीय योगदान दिया गया था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा उपस्थित समस्त गुड सेमेरिटनों को उनके द्वारा सड़क दुर्घटना की स्थिति में किए गए उल्लेखनीय कार्य एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया गया। साथ ही भविष्य में भी सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की सदैव मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे द्वारा यातायात की सुचारू व्यवस्था के संबंध में चर्चा किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों द्वारा भी सड़क दुर्घटना होने के कारण, उन्हें रोकने आदि के संबंध में भी अपने-अपने विचार एवं सुरक्षा बिंदु सामने रखे गए।

# अल्ट्राटेक रावन सीमेंट सीएसआर द्वारा नवीन तकनीक हेतु कृषक प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता । बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किसानों के हित के लिए ग्राम पेण्ड्री में संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं एफ एच एच आर विनोद नाबियार के मार्गदर्शन में कृषकों हेतु प्रशिक्षण कृषि अधिकारी श्री सुचिन वर्मा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को संगठित कर उन्हें कृषि विविधीकरण के माध्यम से जोड़ना एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में कुल 70 लोगों ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी सुचिन वर्मा ने मृदा परीक्षण, बीच के चुनाव, धान की खेती, गोबर खाद के प्रयोग, आधुनिक खेती, मछली पालन, सरसों, मूंग, उड़द आदि की खेती के साथ कृषको को विभिन्न सरकारी स्कीमों स्प्रिंकलर सिस्टम, डीजल, पेट्रोल, इलेक्ट्रिकल पंप एवं ड्रीप आदि जैसी कई महत्वपूर्ण स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई। सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने किसानों को संबोधित करते सरकारी स्कीमों के साथ जुड़कर एवं खेती के उन्नत तरीकों को अपनाकर किसानों को संगठन बनाकर काम करने एवं गांव में पानी के उचित संग्रहण के साथ मछली पालन कर आय के साधन बनाने की बात कही। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीएसआर से रोहित श्रीवास्तव ने किसानों को संगठित होकर कृषि के विकास के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। पेण्ड्री सरपंच रामगोपाल बांधे ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की एवं गांव के किसान हेतु इस प्रकार के आयोजन करने हेतु शासकीय कृषि विभाग एवं अल्ट्राटेक सीएसआर विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीएसआर से सुरेंद यादव, सुनिल निषाद, चरण दास, रमेश निषाद, देव सिंह यादव, बालाराम निषाद एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सरकार अपराध रोके वरना जनता के आक्रोश का सामना करने तैयार रहें : बृजमोहन

पायनियर संवाददाता । रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर के युवक सिद्धार्थ के अपहरण को लेकर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में चोरी, लूट, डकैती, तस्करी, चाकूबाजी जैसे अपराधों में तेजी आई थी साथ ही अब यहां पर अपहरण उद्योग भी पैर पसारने लगा है। इसका मतलब साफ है कि यह शांत छत्तीसगढ़ अब देशभर के अपराधियों की कर्मभूमि बनता जा रहा है। बृजमोहन ने कहा कि राजधानी रायपुर से पुलिस की नाक के नीचे से एक युवक का अपहरण करना और उसे 5 घंटे बाद राज्य के सीमावर्ती इलाके में जान से मारने की धमकी देकर छोड़ देना यह बताता है कि अपराधियों में अब कानून का खौफनहीं है। अपराधी खुलेआम डंके की चोट पर अपराध को अंजाम दे जाते हैं और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी रहती है। अब तो अन्य प्रदेशों के अपराधी भी छत्तीसगढ़ को अपनी शरण स्थली बनाने लगे हैं क्योंकि उन्हें पता है यहां की सरकार उन्हें संरक्षण दे देगी। उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया रहे अतीक अहमद के सहयोगी बम बाज गुड्डू पठान का भी लोकेशन छत्तीसगढ़ ही मिला था। बृजमोहन ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अपहरण जैसे गंभीर अपराधों पर सरकार रोक लगाएं नहीं तो जनता के आक्रोश का सामना करने के लिए तैयार रहें।

# गुम इंसान,बालक-बालिकाओं की खोजबीन हेतु चलाया गया ऑपरेशन मुस्कान

पायनियर संवाददाता । बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बच्चों का लापता होना निश्चित ही एक राष्ट्रीय समस्या बन चुका है। किसी भी गुमशुदा बच्चों को तत्काल बरामद किया जाना इसलिए भी आवश्यक हो जाता है, क्योंकि गुम बालक बालिका का विभिन्न प्रकार के अपराध जैसे भिक्षावृत्ति, बालश्रम, लैंगिक शोषण आदि के शिकार होने की प्रबल संभावनाएं बनी होती है। इसके साथ ही किसी इंसान के गुमने से उनके परिवारजनों को भी कई प्रकार के आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। किसी भी गुम इंसान को उनके परिवार से मिलाना एक परोपकारी कार्य के साथ-साथ उनके परिवार जनों की खोई खुशियां लौटाना भी है। किसी परिवार का प्रमुख सदस्य अथवा मुखिया किसी कारणवश कहीं चला जाए अथवा गुम हो जाए तो जैसे दुखों का पहाड़ उस परिवार के ऊपर टूट पड़ता है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए तथा गुम इंसानों की खोजबीन कर बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में 1 अप्रैल से 31 मई तक ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया। ऑपरेशन मुस्कान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे के मार्गदर्शन में थाना एवं चौकी स्तर पर गुम इंसान की बरामदगी के लिए टीम गठित कर सायबर सेल बलौदाबाजार के माध्यम से गुम इंसान के मिलने के हर संभावित ठिकाने का पता करने का पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसके साथ ही गुम इंसानों की बरामदगी हेतु विभिन्न विभाग जैसे महिला बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर गुम इंसानों की जानकारी जुटाने का प्रयास भी लगातार किया जा रहा था। अभियान में पुलिस कार्यालय से प्रधान आरक्षक तुलेश चंद्रवंशी द्वारा गुम इंसानों के संबंध में मिल रही जानकारियों को, खोजबीन करने वाली पुलिस टीम के साथ सामंजस्य स्थापित कर लगातार साझा किया जा रहा था। उक्त प्रयासों का अभियान के अंत में अत्यंत सुखद परिणाम देखने को मिला जिसमें माह अप्रैल-मई में चलाए गए जिला स्तरीय ऑपरेशन मुस्कान में कुल 286 गुम इंसानों की बरामदगी करने में सफलता मिली है। इन गुम इंसानों में कुल 52 नाबालिक बालक बालिकाएं भी शामिल है, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा अत्यंत मेहनत एवं कुशल बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हैदराबाद अधिक दीगर राज्यों से खोजबीन कर सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा जिले के आसपास धमतरी, रायपुर, दंतेवाड़ा, जांजगीर आदि जिलों से भी गुम इंसानों की बरामदगी कीगई है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम इंसानों की बरामदगी में सार्थक प्रयास कर 35 से अधिक गुम इंसानों की बरामदगी करने वाले थाना प्रभारी पलारी, भाटापारा ग्रामीण एवं थाना प्रभारी लवन को पुरस्कृत किया गया है। इस अभियान के तहत थाना पलारी द्वारा कुल 57, थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा 51 एवं थाना लवन द्वारा कुल 38 गुम इंसानों की बरामदगी की गई है।

# भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता । भंवरपुर
www.dailypioneer.com



अवैध रूप से विक्रय करने के लिए रखे भारी मात्रा में अंग्रेजी एवं देशी शराब के साथ एक युवक को भंवरपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक महासमुन्द धर्मेंद्र सिंह छवई (आईपीएस) द्वारा महासमुन्द जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वाले के उपर कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया था जिसके तहत् मुखबीर से सूचना मिला की ग्राम कोलिहादेवरी में अवैध शराब बिक्री करने वास्ते एक व्यक्ति एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 09 नग बियर,15 नग अंग्रेजी गोवा ,15 नग देशी प्लेन शराब रखा है। सूचना मिलने पर चौकी भंवरपुर स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर ग्राम कोलिहादेवरी में आरोपी के घर के पास मेन रोड किनारे शराब मिला आरोपी के नाम पता पूछने पर रूपधर बंजारा पिता चमरा बंजारा उम्र 60 वर्ष ग्राम कोलिहादेवरी चौकी भंवरपुर के पास से बियर,अंग्रेजी,देशी शराब 11 लीटर 250 द्रव मिला जिसकी कीमत ?4890 है। रूपधर बंजारा के विरुद्ध चौकी भंवरपुर में अपराध क्रमांक 0/22 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई। यह सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेद्र सिंह छवई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, अनु. अधिकारी (पु.) सरायपाली अभिषेक केसरी, थाना प्रभारी कुमारी चन्द्राकर के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार विजयवार, प्र. आर. राजेंद्र ब्यहार 236, आरक्षक गोविंद प्रधान, गोपाल साहू, हरीश खूंटे का विशेष योगदान रहा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साइकिल चलाकर मनाया गया विश्व साइकिल दिवस

पायनियर संवाददाता । सरायपाली
www.dailypioneer.com



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद डॉक्टर पी कुदेशिया के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी बी कोसरिया व बीपीएम शीतल सिंह के संयोजन में स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से भंवरपुर रोड में साइकिल चलाकर विश्व साइकिल दिवस मनाया गया । बीएमओ डॉक्टर बी बी कोसरिया ने बताया की नियमित साइकिल चलाने से शरीर फिट और तंदुरुस्त रहता है एवम् जिंदगी की शुरुआत हम साइकिल चलाकर ही करते हैं बदलते परिवेश में हम साइकिल से दूर होते जा रहे हैं जिससे ब्लडप्रेशर, शुगर व कैंसर जैसे बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रहा है।साइकिल चलाने से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संतुलन मे फायदा होता है इसके लिए व्यापक जन जागरूकता की आवश्यकता है संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए 3 जून 2018 को विश्व साइकिल दिवस घोषित किया गया है इसी कड़ी में बीपीएम शीतल सिंह ने बताया कि आरामदायक जिंदगी व गैर संचारी रोग नियंत्रण हेतु साइकिलिंग को अपने जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाना है तभी हम स्वस्थ रह सकते है इस वर्ष2023 के लिए विश्व साइकिल दिवस का थीम साइकिल फॉर हेल्थ है। इस साइकिलिंग कार्यक्रम में डॉ बी बी कोसरिया ,बीपीएम शीतल सिंह, राजकुमार पटेल, लक्ष्मीकांत लहरे, सुरेश पटेल, समीर पटेल, प्रह्लाद कन्हेर इत्यादि स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भाग लिया उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे के द्वारा दिया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

पायनियर संवाददाता । सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया जिसमें बीएमओ डॉक्टर बी बी कोसरिया के द्वारा बताया गया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के खतरों और स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभाव के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है और तंबाकू व्यवसाय का पर्यावरण पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव से होने वाली बीमारियों व मौतों को कम करना है। शासन के द्वारा तंबाकू नियंत्रण कानून कोटप्पा को 2003 बनाया गया है जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर 200 से 10000 तक जुर्माना और 5 साल की कैद का प्रावधान हैतथा लगातार तंबाकू एवं धूम्रपान के उपयोग से लोगों में खांसी और गले में जलन ,सांसों की दुर्गंध ,फेफड़े का कैंसर, टीबी बिमारी, रूखी त्वचा जबड़े का कैंसर रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोग जैसी बीमारियां होती है विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1300000 तेरह लाख लोगों का समय से पहले मृत्यु हो जाती है जो भी व्यक्ति धूम्रपान, तंबाकू, शराब एवम् अन्य किसी भी प्रकार का नशा छोड़ना चाहते हैं वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में आकर निशुल्क दवाई प्राप्त कर सकते हैं इसी कड़ी में बीपीएम शीतल सिंह ने बताया कि दुनिया में प्रतिवर्ष सिगरेट के उत्पादन हेतु लगभग 60 करोड पेड़ काट दिए जाते हैं तथा धूम्रपान से 84 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होती है तंबाकू खाने वाले बार-बार जगह जगह थूकने से स्वच्छता प्रभावित होती है और वातावरण को भारी नुकसान पहुंचता है इसलिए वर्ष 2023 के विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई का थीम है हमे भोजन की आवश्यकता है तंबाकू की नहीं है।

# बंसुलीडीह में 5 से 8 जून तक ठाकुरदेव विवाह का आयोजन

**भंवरपुर।** बंसुलीडीह में 5 से 8 जून तक ठाकुरदेव विवाह उत्सव का आयोजन रखा गया है। आयोजन संबंधी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष तिरिथराम पटेल ने बताया कि ठाकुरदेव संग भातपोरसी का मंगल परिणय महोत्सव में देव आगमन (देव दर्शन), मंडपाच्छादन एवं तेल आघाड़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा/ द्वितीया सोमवार 5 जून को, तृतीया मंगलवार 6 जून को देवपुजन, मायन, चतुर्थी बुधवार 7 जून को बारात गमन, स्वागत एवं मूर्ति स्थापना एवं पंचमी गुरुवार 8 जून को महा भंडारा का आयोजन रखा गया है। रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में 5 जून को मया के फूल छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच संतपाली, 6 जून को रंग झरोखा लोक कला मंच भिलाई की प्रस्तुति होगी। 7 जून को डीजे साउण्ड एवं मेलोडी के साथ धूमधाम से बारात निकाली जाएगी।

# गांड़ा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की प्रदेश प्रभारी ओम माथुर से मुलाकात

पायनियर संवाददाता । सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज के सामाजिक पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी माथुर व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव से मिलकर समाज के राजनीतिक अधिकारों और सामाजिक गतिविधियों व विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा कर समाजिक संरक्षण और संवर्धन पर बात किये। जिस पर प्रभारी द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए समाज के पदाधिकारियों को आश्वस्त किये कि आप के सभी जायज मांगों पर हमारी नजर है और इसे जमीनी स्तर पर सर्वे कराकर गंभीरतापूर्वक सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल चौहान, प्रमोद सागर, पुष्पलता चौहान, नंदकुमार मोंगरे, खेमराज बघेल, डॉ किरण बघेल, रवि चौहान, रामसिंग नेगी, बिरितिया चौहान, उद्धव नंद, एस पी चौहान, कौशिल्या देवदास, रेखा देवदास, कृतिका रावना, गणेश चौहान, रमेश चौहान, सेवक गंधर्व,शिव गंधर्व, रामधन चौहान आदि अनेक सामाजिक बंधु मौजूद रहे।

# अघरिया समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का समाज की ओर से किया गया सम्मान

## सीजी एवं सीबीएसई 10वीं 12वीं बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता । सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र सरायपाली के द्वारा 1 जून को फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें 10वीं 12वीं सीजी व सीबीएसई बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी व सीजीपीएससी में उत्तीर्ण होकर विभिन्न पदों में नियुक्त हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। साथ ही नवनियुक्त 12 परिक्षेत्र के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का स्वागत एवं शपथ ग्रहण समारोह भी रखा गया। उक्त कार्यक्रम पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल के मुख्य आतिथ्य,अघरिया समाज सरायपाली के अध्यक्ष खेमराज पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास सरायपाली में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 में कक्षा दसवीं सीजी बोर्ड के मेरिट सूची में स्थान बनाने वाली एकलव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुंडा में अध्ययनरत समाज की छात्रा अमीषा पटेल पिता सत्यम स्वरूप पटेल निवासी ग्राम गहनाखार ने 97,17 प्रतिशत अर्जित कर टॉप टेन में आठवां स्थान प्राप्त कर समाज को व अपने क्षेत्रों को गौरवान्वित किया है, जिसके लिए उन्हें समाज की ओर से प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया, इसी तरह रश्मि नायक पिता अरविंद नायक निवासी ग्राम केजुंवा एकलव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुंडा की छात्रा ने 10 वीं में 95 प्रतिशत अंक,न्यू लाइफइंग्लिश स्कूल हरीबनपुर में अध्ययनरत छात्रा मोनिका चौधरी पिता तुलसीराम चौधरी निवासी ग्राम कापूकुंडा ने 93.16 प्रतिशत, ग्राम अमरकोट निवासी समाज के कोषाध्यक्ष जितेंद्र पटेल की पुत्री आंचल पटेल ने 92.17 प्रतिशत अंक, नीतू चौधरी पिता भोजराज चौधरी निवासी ग्राम कापूकुंडा ने में 92.16 प्रतिशत अंक, सीबीएसई बोर्ड से केंद्रीय विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा कुटेला निवासी आंचल रानी पटेल पिता अनिल पटेल ने 94.18 प्रतिशत,वर्षा पटेल पिता कपिल पटेल निवासी रिमजी ने 91.6 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। इसी तरह सीजीपीएससी 2021 में उत्तीर्ण होकर फुलझर अघरिया विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम पटेल के पुत्र विजय पटेल का चयन उप जेलर के लिए हुआ है, रश्मि पटेल पिता बिरेंद्र पटेल निवासी ग्राम बेलमुंडी पीएससी उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद चयनित हुआ है। राहुल पटेल पिता मंगल चरण पटेल का भी चयन उप जेलर के लिए हुआ है। इस तरह दसवीं से 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर समाज को अपने क्षेत्र को गौरवान्वित किया है जिन्हें प्रतिभा सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया जबकि पीएससी 2021 में 3 परीक्षार्थियों ने अच्छे रैंक के साथ उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार, उप जेलर के पद पर पदस्थ होकर समाज को गौरवान्वित किया है।



### नवनियुक्त अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष का किया गया सम्मान

फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सरायपाली क्षेत्र के 12 परिक्षेत्र के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष का भी पुष्पहार से स्वागत किया गया। पश्चात उन्हें मुख्य अतिथि के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। फुलझर अघरिया समाज विकास समिति सरायपाली को मिले दान में नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल का विशेष योगदान रहा है। जिनके विशेष प्रयास से शिव डहरिया नगरीय प्रशासन मंत्री के द्वारा समाज को 25 लाख रुपए, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 30 लाख, सांसद चुन्नीलाल साहू महासमुंद के द्वारा 10 लाख रुपए, विधायक किस्मत लाल नंद के द्वारा 5 लाख देने की घोषणा की है, जबकि समाजिक लोगों की ओर से भी आगे आकर समाज को आगे बढ़ाने मुक्त कंठ से दान किया है, जिसमें मुख्य रुप से ज्ञान चंद पटेल बेंढारी के द्वारा अघरिया समाज कक्ष निर्माण के लिए 1 लाख रुपये की दान दी गई है, इसी तरह भरत लाल पटेल बेहरा पाली के द्वारा अपने पुत्र धनेंद्र पटेल की स्मृति में 40000, महावीर चौधरी जोगनीपाली, नरेश नायक,कोमल नायक इच्छापुर, विकास पटेल सागर पाली, खगेश्वर पटेल पेलागढ़, देवप्रसाद चौधरी रिमजी के द्वारा कृपाराम चौधरी की स्मृति में, पवन पटेल कलगीडीपा, हरे कृष्ण नायक गौरटेक,वीरेंद्र पटेल केना प्रदीप पटेल परसदा के द्वारा 40-40 हजार रुपये समाज के कक्ष निर्माण के लिए दान किया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रविवार को शान्ति सरोवर में पर्यावरण महोत्सव

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ग्राम विकास प्रभाग की ओर से विश्व पर्यावरण महोत्सव के अन्तर्गत रविवार 4 जून को सुबह 10 बजे विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में पर्यावरण महोत्सव मनाया जाएगा। विषय होगा पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व। पर्यावरण महोत्सव के मुख्य अतिथि वन विभाग के सचिव प्रेम कुमार होंगे। विशिष्ट अतिथि छ.ग. विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक एस.एस. बजाज और प्रधान मुख्य वन सरंक्षक सुधीर अग्रवाल होंगे। समारोह की अध्यक्षता रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। प्रमुख उद्बोधन ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी का होगा। इस अवसर पर वन और जल सरंक्षण के उपायों पर चर्चा करने के साथ ही शान्ति सरोवर परिसर में वृक्षारोपण भी किया जाएगा। पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संगठन पूरे देश में जन आन्दोलन के रूप में पौधारोपण के लिए कल्पतरू अभियान शुरू करने जा रहा है। इसके अन्तर्गत संस्थान के प्रत्येक सदस्य को कम से कम एक वृक्ष लगाना होगा। इसी तरह प्रत्येक सेवाकेन्द्र को 05 जून से 25 अगस्त के बीच कम से कम 75 वृक्ष लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। वृक्ष लगाने के बाद तीन माह तक उसकी देखभाल भी करनी होगी। इसके लिए कल्पतरू नामक एप्प भी बनाया गया है जो कि पौधों की देखभाल करने के कार्य में लोगों का मार्गदर्शन करेगा।

# 12 करोड़ की लागत से बनेगी सोनक्यारी-हर्राडीपा अधूरी सड़क विधायक विनय ने कहा, मैं जनता से किया वादा निभा रहा हूं

## ६ जून को होगा भूमि पूजन, अभय कंस्ट्रक्शन द्वारा बारिश से पहले पूरा किया जाएगा कार्य

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय से सन्ना की दूरी 50 से 52 किलो मीटर है। और यहां जाने के लिए बनाई गई सड़क में सोनक्यारी से हर्राडीपा तक की सड़क अधूरी है। पूर्व में गड़बड़ी के आरोपों की वजह से सड़क का निर्माण अधर में लटक गया और लंबे वक्त से अधूरा ही रहा। सन्ना जाने के लिए यह 9 किमी की अधूरी सड़क से लोग अधिक परेशान रहें, लेकिन अब लोगों का लंबा इंतजार समाप्त होने वाला है। लगभग 12 करोड़ की लागत से उक्त अधूरी सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। संभवतः बारिश से पहले निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा।

### दो-दो सीएम कर चुके थे घोषणा

अधर में लटके इस 9 किलोमीटर सड़क को पूरा करने के लिए सबसे पहले वर्ष 2018 में तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने पन्डरापाठ प्रवास के दौरान अलग से बजट देने की घोषणा की थी लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन हो जाने से मामला अटक गया। इस सड़क निर्माण को लेकर दूसरी घोषणा 2020 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पहले जशपुर प्रवास के दौरान किया था। लेकिन, Iमला लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर मामला अटका हुआ है।

### इन कारणों से चर्चित रहा सड़क

लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत ने अपने इंटरनेट मीडिया में में इस सड़क की तस्वीर शेयर करते हुए जशपुर सन्ना सड़क मार्ग बता दिया था। जबकि इस समय तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो पाया था।

### जनता से किया था वादा-विधायक

इस संबंध में जशपुर विधायक विनय भगत ने बताया कि उन्होंने अपने चुनाव के दौरान ग्रामीणों से वादा किया था कि अगर वे जीतते हैं तो यह सड़क का निर्माण उनकी प्राथमिकता में रहेगा। अपना पूरा समय देकर उन्होंने सरकार से बजट की मांग की और सड़क के लिए लगभग 12 करोड़ रुपए का अलाटमेंट लेकर टेंडर वर्क भी पूर्ण कर दिया। अब 6 जून को कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। बारिश से पहले-पहले तक सड़क का निर्माण पूर्ण कराने की पूरी कोशिश की जा रही है।

### लंबे वक्त से ग्रामीणों को इंतजार

जशपुर से सन्ना के बीच 52 किलोमीटर की यह सड़क बीते 9 साल में पूर्ण नही हो पाई है। 52 किलोमीटर की इस सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन इस दौरान तकनीकी चूक की वजह से सोनकयारी से हर्राडिपा के बीच लगभग 9 किलोमीटर की सड़क प्रस्ताव से बाहर रह गया था।



ग्रामीणों से किया वादा मैं निभा रहा हूं। चुनाव के दौरान ही मैंने ग्रामीणों से इस अधूरी सड़क को पूरा कराने का वादा किया था। 6 जून को कार्य का भूमि पूजन किया जा जाएगा।

-विनय भगत, विधायक जशपुर

# निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के तहत महापौर नीरज पाल ने वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर का किया दौरा

## समस्याओं को लेकर लोगों से हुए रूबरू और निराकरण के लिए दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के जरिए शिविर का आयोजन आज वार्ड 39 चंद्रशेखर आजाद नगर में किया गया। चंद्रशेखर आजाद नगर वार्ड का महापौर नीरज पाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। प्राप्त समस्याओं के निराकरण के लिए उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। शिविर में आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं को भी महापौर ने गंभीरता से सुना। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदनों का परीक्षण करते हुए निराकरण किया जाए। त्वरित समाधान योग्य आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। शिविर में सुभाष नगर के कुछ लोगों ने महापौर से पुरानी पाइप लाइन के जगह नई पाइप लाइन बिछाने की मांग की जिस पर महापौर ने नई पाइप लाइन बिछाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। शिविर में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री मितान योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शहरी आजीविका मिशन के तहत व्यक्तिगत लोन एवं अन्य योजना, नए नल कनेक्शन, गुमास्ता लाइसेंस एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस, भवन, दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठान का नियमिती करण, स्ट्रीट लाइट संधारण, संपत्तिकर, भू भाटक, जलकर, यूजर चार्ज वसूली काउंटर, पाइपलाइन, बोर, पंप, हैंड पंप संधारण, वार्ड स्तर पर नाली रोड टूट-फूट संधारण, सफाई कार्य तथा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में आज प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद की सदस्य रीता सिंह गेरा, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर एवं उप अभियंता चंद्रकांत साहू आदि मौजूद रहे।

# समन्वय कर बेहतर आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने व्यापक प्रचार प्रसार करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय आयुष विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयुर्वेद चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए सुझाव मांगा। उन्होंने आयुर्वेद क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सकों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए तथा मरीजों को आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा।बैठक में आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक डॉक्टर्स उपस्थित थे। कलेक्टर ने आयुर्वेद के तहत किए जा रहे मरीजों के उपचार एवं लाभान्वित मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने आयुर्वेदिक अधिकारियों को कहा कि जिस उद्देश्य के लिए आपकी पदस्थापना की गई है, उन उद्देश्यों की पूर्ति अवश्य करें जिससे लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा सेवा का लाभ मिल सके। उन्होंने आयुर्वेद ग्राम में उपलब्ध चिकित्सा सेवा, पंचकर्म चिकित्सा पद्धति एवं यूनानी चिकित्सा, आयुर्वेदिक चिकित्सालय की सेवाओं के विषय में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुर्वेदिक चिकित्सकों का उद्देश्य बीमार व्यक्तियों का उपचार कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। शासन का उद्देश्य भी यही है। जटिल रोगों के उपचार में आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से किया जा रहा है इसका बेहतर प्रचार-प्रसार करने और पीड़ित व्यक्ति का बेहतर इलाज करने कहा। कलेक्टर ने आयुर्वेदिक चिकित्सकों को समर्पित भाव से कार्य करने कहा। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सेवा को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को जिम्मेदारी एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने प्रेरित किया। कलेक्टर ने आयुर्वेद पंचकर्म का ट्रेनिंग व्यवस्था करने, होम्योपैथिक हेतु सेमिनार एवं हाट बाजार में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाने के लिए शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा जिससे बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके।

# नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अंदरूनी मार्गो का दुरुस्तीकरण कार्य हो रहा तेज गति से

## नेहरू नगर के सड़क कार्य का महापौर नीरज पाल ने लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के डामरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सड़कों को सुधारने का काम भिलाई निगम में तेज गति से हो रहा है। महापौर नीरज पाल की पहल से सड़कों के डामरीकरण का काम भिलाई के अलग-अलग क्षेत्रों में किया जा रहा है। सड़क कार्यों का महापौर जायजा भी ले रहे हैं। पहले फेज में नेशनल हाईवे से लगे प्रमुख सड़कों का डामरीकरण के कार्य को महत्व देकर इससे पूरा किया जा रहा है। प्रमुख सड़कों के बाद अब अंदरूनी इलाकों की सड़कों को भी दुरुस्त करने का काम प्रारंभ हो गया है। महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों के साथ आज नेहरू नगर क्षेत्र में सड़कों के संधारण एवं दुरुस्ती करण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र अति शीघ्र सड़कों को सुधारने की दिशा में कार्य करें और बारिश से पूर्व कार्य को पूर्ण कर ले। मार्गो के निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि नेहरू नगर चौक से लेकर केपीएस चौक तक, प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम की सड़कें, 18 नंबर रोड की सड़कें, नंदनी रोड की सड़कें, खमरिया जाने वाली मार्ग की सड़कों के साथ ही अन्य सड़कों का डामरीकरण कार्य किया जा चुका है।

# 'रेसुब ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते'



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

रेसुब पोस्ट भाटापारा के सहायक उपनिरीक्षक आर के विश्वकर्मा एवं स्टाफ के द्वारा गाड़ी संख्या 08727 बिलासपुर-रायपुर लोकल चेक करने के दौरान तीन नाबालिग बालकों को अकेले यात्रा करते देख पूछताछ के दौरान गाड़ी भाटापारा से छूट जाने पर हथबंद स्टेशन में कैंपिंग ड्यूटी में तैनात बल सदस्यों को सूचित कर उक्त तीनों नाबालिक बालको से पूछताछ किया गया पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनके साथ उनके कोई परिजन साथ में नहीं है तथा वह घर से बिना बताए भाग कर आए हैं तथा उन्हें घर का रास्ता नहीं मालूम। तब हथबंध स्टेशन में तैनात स्टाफ के द्वारा उक्त तीनों नाबालिक बालकों को भाटापारा लाया गया तथा सभी नियमों का पालन करते हुए उनके परिजनों एवं स्टेशन मास्टर को सूचित करते हुए अग्रिम उचित कार्यवाही हेतु सही सलामत सउनि एम के पोर्ते रेसुब पोस्ट भाटापारा द्वारा बाल कल्याण समिति बलोदा बाजार भाटापारा को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# निर्माण कार्य का निरीक्षण, निर्धारित समय में कार्य पूर्ण न होने पर महापौर ने ठेकेदार को लगाई फटकारा



पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान रूआबांधा वार्ड 6 में निर्धारित अवधी में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले को फटकार लगाया। उन्होंने समय पर कार्य नहीं करने वालों को नोटिस देने निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि वार्ड 6 और रिसाली सेक्टर वार्ड 10 में क्रमशः ढाई व 10 लाख का नाली स्वीकृत है। दोनों ही कार्य आरंभ है। निरीक्षण के दौरान खुलासा हुआ कि वार्ड क्रक्रमांक 6 में नाली निर्माण करने वाली एजेंसी बेहद मंद गति से निर्माण कर रही है। कार्य अवधी समाप्त हो चुका है। महापौर शशि सिन्हा ने एजेंसी को तलब करते हुए कहा कि वे काम शीघ्र पूर्ण करे। महापौर ने ऐसे ठेकेदारों के साथ सख्ती से पेस आते कहा है जो बिना वजह कार्य विलंब कर रहे हे। निरीक्षण के दौरान पार्षद शीला नारखेड़े, जमुना ठाकुर व डॉ. सीमा साहू उपस्थित थी।

**गुणवत्तापूर्ण कार्य करे**-महापौर शशि सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान कार्यो की गुणवत्ता देखी। उन्होंने निगम अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे विकास कार्यो की मॉनिटरिंग करे और गुणवत्ता खराब होने पर संबंधित इंजीनियरों को जानकारी दे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा 37 वर्षों से कार्यरत आया बी भाग्यवती के सेवानिवृत्त उपरांत दी विदाई

पायनियर संवाददाता < भिलाई- 3
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ भिलाई 3 द्वारा आया बी भाग्यवती के सेवानिवृत्त उपरांत विदाई समारोह रखा गया मुख्य अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा अध्यक्षता डा भुनेश्वर कठौतिया विशेष अतिथि डा नितिन कश्यप थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि श्रीमती बी भाग्यवती 1986 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में आया पद पर पदस्थ हुई तथा 37 वर्षो तक अनवरत सेवा देकर रिटायर्ड हो गई।

मुख्य अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि किसी भी कर्मचारी के लिए एक बड़ी सौगात है जहा पदस्थ हो वही से रिटायर्ड हो इसका अर्थ है कि संबंधित कर्मचारी का आचरण व्यवहार और कर्तव्य निष्ठा होने की मिसाल है। डॉ. भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि सेवानिवृत्त उपरांत कुछ ना कुछ काम करते रहे जिससे शरीर क्रियाशील रहे सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन एंव दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए शाल श्रीफल ओर स्मृति चिन्ह ओर उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि हर संवर्ग के अधिकारी कर्मचारी का सेवानिवृत्त उपरांत विदाई समारोह आयोजित करना स्वस्थ परंपरा है कार्यक्रम में डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ आकांक्षा मिश्रा, प्रज्ञा कुशवाहा, स्मिता बागड़े प्रांतीय सचिव मोहन राव, देवेन्द्र राजपूत, यशवंत साहू, पोमेश साहू, जितेन्द्र पटेल,उषा वर्मा, ए दत्ता आर विश्वास मेडम ओर सोनसीर देशलहलय,सोनल मेहर, गुलशन खलको, विधा कहते, द्रोपदी, देवीला चंद्राकार, पी स्वामी, पी शर्मा, समीर रात्रे, खिलावन, भास्करार वंदना बारले, हिमांशु सूर्य वंशी, मीरा साहू, चम्पा कली उपस्थित रहे।

# भाटापारा और सिमगा ब्लॉक में काग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का कार्यकारिणी का विस्तार किया गया



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा और सिमगा ब्लॉक मे काग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमे जितेन्द्र नवरत्न जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग काग्रेस कमेटी बलौदा बाजार के नेतृत्व मे भाटापारा व सिमगा ब्लॉक मे कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बैठक संपन्न हुई। जिसमे प्रमुख रुप से कार्यकारी जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रात्रे, जिला कोषाध्यक्ष नुक्कु टंडन, सुभाश कोशले, निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल, भाटापारा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर मंडावी, सिमगा से ब्लॉक अध्यक्ष डॉ केके नायक, जिला काग्रेस कमेटी से जिला उपाध्यक्ष चन्दू साहु के उपस्तिथि में अनुसूचित जाति विभाग काग्रेस कमेटी भाटापारा ब्लॉक अध्यक्ष के रुप में अमावश मनहरे व ब्लॉक उपाध्याय श्रवण घृतलहरे को नियुक्त किया गया और साथ ही सिमगा ब्लॉक से जिनेन्द्र भारती को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया व जिला उपाध्यक्ष चन्दशेखर मारकंडे, अर्जुन टोन्डे को ब्लॉक उपाध्यक्ष, जितेन्द् बघेल को ब्लॉक सचिव सोभीत को ब्लॉक महासचिव, महेश मिर्री को ब्लॉक प्रभारी, हीरा बंजारे को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, मोती गहरे को ब्लॉक उपाध्यक्ष, चन्दशेखर खंडेलवाल को ब्लॉक महासचिव हेमदास को ब्लॉक सचिव नियुक्त किया गया। सदस्य पुरन कुर्रे, आकाश महेश, तमिस घनशयाम, लखन, संतोष, सतंलाल, गौतम सागर अमन कुंदन अमित कमलेश विनय कोमल धनेश्वर मुकेश अजय चंदन प्रीतराम ईश्वर जितेन्द्र अजय जागंडे अशोक मौजूद रहे। सभी लोगों ने अमावस मनहरे व जिनेंद्र भारती व कमेटी को बधाई दी।

# विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक हितग्राहियों को दिलाएं लाभ : कलेक्टर

- कलेक्टर ने, पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी विभाग,रेशम, कृषि विभाग, केवीके , जल संसाधन विभाग की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में , पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, रेशम विभाग तथा केवीके, जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को शासन की योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को शासन के विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को दिलाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने उद्यान विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली तथा योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए। उन्होंने विभाग अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने कहा। उन्होंने धान के बदले लीची, नाशपाती सहित अन्य फसलों को लगाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रीन हाउस, शेडनेट, पोली हाउस के माध्यम से खेती किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में मल्टी एक्टिविटी जानकारी ली एव मल्टीएक्टीविटी के तहत पशुपालन, मछलीपालन, मुर्गीपालन, बकरी पालन, बतख पालन जैसी गतिविधियां बढ़ावा देने कहा। उन्होंने पशुपालन विभाग से पशुओं से संबंधित बीमारियों की जानकारी ली तथा बीमारियों के लक्षण अनुसार बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं टीकाकरण आदि करने निर्देशित किया और गौठान में टीकाकरण की गतिविधियां नियमित संचालित करने कहा।

## पुलिस ने मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है

# शराबी युवकों ने मोबाइल चोरी के आरोपी को बेरहमी से पीटकर उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



शादी समारोह में मोबाइल चोरी के शक पर युवक की बेरहमी से पीट पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मृतक की जेब से मोबाइल मिलने पर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करने और फिर उसका गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम नवडीहा निवासी अनुरंजन केरकेट्टा आ.जुनस केरकेट्टा गांव के वीरेंद्र मिंज, आनंद जोस मिंज के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गोविंदपुर गया था। विदाई के बाद सभी युवक रात को डीजे बजाकर नाच रहे थे 1 जून को मृतक के चाचा त्योफिल केरकेट्टा को यह सूचना मिली कि अनुरंजन केरकेट्टा के साथ कुछ लोगों ने रात को मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई है। परिजन की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। उक्त कार्रवाई में कुसमी थाना प्रभारी सुनील कुमार केरकेट्टा, एसआई कोमल तिग्गा, एएसआई प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक दीपक बड़ा,राजेंद्र टेकाम, भगत राम गोरे, संजय साहू,कामेश्वर पैकराह, फुलसाई पावले, राम प्रसाद भगत व संजय कुकुजूर सक्रिक्रय रहे।

### इन कारणों से गई युवक की जान

युवक शराब के नशे में धुत्त थे ऐसे मैं उन्होंने युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए अनुरंजन से मारपीट की जा रही थी। जांच के दौरान लोगों से पूछताछ पर यह बात सामने आई कि घटना दिवस की रात 10 बजे लोग डीजे बजा रहे थे और वहीं पर दो मोबाइल फोन रखे हुए थे। उनमें से एक मोबाइल फोन गोविन्दपुर निवासी नरेंद्र राम का था। उक्त मोबाइल फोन को अनुरंजन केरकेट्टा ने उठाकर पेंट की जेब में रख लिया। इसी दौरान जब लोगों ने मोबाइल खोजना शुरू किया। मौके पर मौजूद विरेश बड़ा प्रकाश चंद, विनोद बड़ा, अमृत राम, रुपदेव व नरेंद्र राम ने तलाशी के दौरान मोबाइल फोन को अनुरंजन केरकेट्टा के जेब से निकाला शादी समारोह में सभी मारपीट करते हुए वे युवक को शादी समारोह स्थल से सड़क पर ले आए और फिर सभी ने चोरी के आरोप में उसकी लात, घुसे से मारपीट की। मारपीट करते हुए सभी युवक को खेत की तरफ ले गए जहां विरेश बड़ा ने अनुजरंजन का गला दबा दिया। मारपीट से गंभीर युवक बेहोश हो गया जिसके बाद सभी आरोपी भाग निकले। रातभर अचेत अवस्था में खेत में घायल पड़े रहने व अंदरूनी चोट के कारण उसकी मौत हो गई थी।

### ये 06 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

शराब के नशे में धुत बेरहमी से युवक की पिटाई कर उसे मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने ग्राम गोविंदपुर निवासी 25 वर्षीय विरेश बड़ा आ स्व. लखन बड़ा, 23 वर्षीय रुपदेव राम आ. बुधेश्वर राम, 18 वर्षीय जीतराय, 28 वर्षीय विनोद बड़ा आ. लखन बड़ा, 36 वर्षीय अमृत राम आ. बुधराम, 32 वर्षीय नरेंद्र राम आ.रमेश राम को धारा 302, 34 के तहत गिरफ्तार किया है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था मार्गन स्टैनले रिपोर्ट

**भारतीय** अर्थव्यवस्था के बारे में मार्गन स्टैनले की रिपोर्ट अर्थव्यवस्था की आशाजनक तस्वीर पेश करती है, हालांकि आलोचकों का कहना है कि उसने कुछ महत्वपूर्ण संकेतकों को छोड़ दिया है। सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी समर्थक स्वाभाविक रूप से वैश्विक वित्तीय सेवा फर्म मार्गन स्टैनले की हालिया रिपोर्ट से बहुत प्रसन्न हैं। इसमें कहा गया है, 'यह भारत 2013 के भारत से अलग है। 10 साल की छोटी सी अवधि में भारत ने विश्व व्यवस्था में अपना मजबूत स्थान बनाया है जिसके मैक्रो व बाजार दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण सकारात्मक नतीजे होंगे।' उसके अनुसार, 'भारत एक दशक से भी कम समय में बदल गया है।' यह निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनकी आर्थिक नीतियों के प्रति विश्वास मत की तरह है। रिपोर्ट ने उन बड़े दस परिवर्तनों को रेखांकित किया है जो 2014 के बाद से हो रहे हैं। मार्गन स्टैनले के अनुसार, कार्पोरेट टैक्स को घटा कर कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समान कर देना तथा ढांचागत संरचना में भारी निवेश सप्लाई पक्ष के सर्वोच्च नीतिगत सुधार हैं। वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी का बढ़ता हुआ संग्रह तथा जीडीपी के प्रतिशत के रूप में डिजिटल लेनदेन का बढ़ता हिस्सा भारतीय अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण का संकेत देता है। मार्गन स्टैनले के अनुसार अन्य सकारात्मक चीजों में लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी का सीधे हस्तांतरण, इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड, मुद्रास्फीति का लचीला लक्ष्य, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई पर ध्यान देना, कार्पोरेट मुनाफों के लिए सरकारी सहायता, रियलिटी क्षेत्र के लिए नया कानून तथा बहुराष्ट्रीय निगमों-एमएनसी के भीतर सोच का अनेक वर्षों में उच्च स्थान पर होना इनमें शामिल हैं। मार्गन स्टैनले ने कहा है कि जीडीपी प्रतिशत के रूप में विनिर्माण व पूंजीगत खर्च लगातार बढ़ रहा है तथा निर्यात बाजार में भारत का हिस्सा 2031 तक 4.5 प्रतिशत बढ़ कर पहले की तुलना में दूने से अधिक हो जाएगा।


मार्गन स्टैनले की रिपोर्ट में कही गई ज्यादातर बातें सही हैं, लेकिन कई स्थानों पर आशावाद थोड़ा अतिरंजित लगता है। उदाहरणार्थ, पिछले वित्त वर्ष में देश में एफडीआई का प्रवाह 16 प्रतिशत घट कर 71 बिलियन डालर रह गया, हालांकि यह कमी अनेक वैश्विक आयामों के कारण है। इसी प्रकार विनिर्माण क्षेत्र में गतिरोध बना हुआ है और यह देश की जीडीपी के 16-17 प्रतिशत पर बना हुआ है। सरकार ने औद्योगिक विकास संभावना के बड़े-बड़े दावे किए हैं तथा उसने 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन या पीएलआई योजना कई क्षेत्रों के लिए घोषित की है। इसके बावजूद जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा 2011 से अधिक नहीं बढ़ा है। इसी साल घोषित राष्ट्रीय विनिर्माण नीति में 2022 तक यह हिस्सा बढ़ने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही रोजगारों का मुद्दा भी है क्योंकि अर्थव्यवस्था समुचित संख्या में गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित नहीं कर पा रही है। इससे उपभोग पैटर्नों का पता चलता है। विलासिता की वस्तुओं की बिक्री बढ़ रही है, जबकि आम लोगों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले रसोई उपकरणों की बिक्री अच्छी नहीं है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2022-23 की चौथी तिमाही में बढ़ कर 6.1 प्रतिशत हो गई है, जबकि पूरे वित्त वर्ष के लिए इसके बढ़ कर 7.2 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2023-24 में भी भारत की वृद्धि दर 6 प्रतिशत से अधिक होने की आशा है और इस प्रकार यह दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगी। सरकार को ऐसे में आर्थिक सुधार लगातार जारी रखने चाहिए तथा सप्लाई पक्ष की बाधायें दूर करनी चाहिए ताकि आर्थिक वृद्धि व विकास के लाभ देश की सारी जनता तक समान रूप से पहुंच सकें।

# भारत में सर्वधर्म समभाव का दृष्टिकोण

### भारत को प्रगति करते हुए सचेतन रूप से अपनी समृद्ध विविधता का सम्मान करना चाहिए। इससे मानवतावादी समाज बनेगा तथा एकजुटता पैदा होगी।



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी दर्शन एवं स्मृति समिति से संबद्ध हैं।)



नए संसद भवन का उद्घाटन स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में भारत का नया इतिहास लिख रहा है। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों से इस समारोह की कई प्रकार से आलोचना सामने आई, लेकिन हमें यह समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र का महत्व विकास की उस भावना का सम्मान करने में है जो नए विकास के मूल में अंतर्निहित है। हमें बहु-सांस्कृतिकता तथा समावेशी परंपराओं की उस भावना का सम्मान करना चाहिए जो भारतवर्ष के 140 करोड़ नागरिकों को एकसाथ जोड़ कर एक राष्ट्र का रूप देती है। 29 मई को नई संसद भवन के उद्घाटन में 'सर्व धर्म प्रार्थना' को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया जो पूरे देश की एकजुटता व समन्वय की दिशा में बड़ा कदम है। भारतवर्ष को लंबे समय से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, बहुरंगी संस्कृति तथा धर्मों की विविधता के रूप में जाना जाता है।

भारत ने लंबे समय से सर्व धर्म समभाव तथा बहु-सांस्कृतिकता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान दिया है। अनेक विश्वासों व परंपराओं को स्वीकार करना अंतर्निहित रूप से सर्व धर्म प्रार्थना के रूप में प्रकट किया जाता रहा है। देश भर में होने वाले विभिन्न आयोजनों में लंबे समय से सर्व धर्म प्रार्थना को महत्वपूर्ण स्थान मिलता रहा है। इससे देश भर में होने वाले विभिन्न आयोजनों को भी महत्व मिलता है। सर्व धर्म प्रार्थना एक एकजुटता वाली शक्ति के रूप में हमारे सामने आती है क्योंकि इससे सद्भावना व सामुदायिक एकता पैदा होती है, सहिष्णुता की भावना विकसित होती है तथा सांस्कृतिक एकीकरण को भी बढ़ावा मिलता है। नई संसद भवन के उद्घाटन पर सर्व धर्म प्रार्थना को मिले महत्व से प्रतीकात्मक रूप से सांस्कृतिक बहुलता तथा सर्व धर्म समभाव को बढ़ाने व बनाए रखने पर राष्ट्र की प्रतिबद्धता प्रकट होती है। इस अत्यधिक महत्वपूर्ण आयोजन में सर्व धर्म प्रार्थना से भारत की विविधता भी स्पष्ट होती है जिसका पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। भारत की सांस्कृतिक व धार्मिक विविधता के प्रति इस समावेशी दृष्टिकोण से न केवल हमारा सामाजिक ढांचा मजबूत होता है, बल्कि सारी दुनिया को यह संदेश भी जाता है कि भारत पंथनिरपेक्षता तथा बहुलतावाद के प्रति अडिग रूप से प्रतिबद्ध बना हुआ है। सर्व धर्म प्रार्थना भारत के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि वाले लोगों तथा विभिन्न विश्वास वाले लोगों को एकसाथ लाती है। इससे सारी जनता के बीच एकता, एकजुटता व साझा विकास की भावना भी प्रकट होती है। भारत की सांस्कृतिक बुनावट बहुत सुघड़ रूप से विभिन्न धर्मों के ताने-बाने से बुनी है जिसमें से प्रत्येक समाज के किसी न किसी हिस्से का जीवन्त प्रतिनिधित्व करता है।

भारत विभिन्न धार्मिक विश्वासों, व्यवहारों तथा कर्मकांडों का एक प्रकार से विलयन पात्र बन गया है जिसमें हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, इस्लाम, ईसाई धर्म, सिख धर्म, बहाई धर्म, यहूदी धर्म, अग्निपूजक धर्म तथा अन्य धर्म शामिल हैं। इस परिदृश्य में सर्व धर्म प्रार्थना ऐसे गोंद का काम करती है जो इस बहुरंगी संस्कृति को एकसाथ जोड़ती है। सर्व धर्म प्रार्थना से विभिन्न धर्मों, विश्वासों व संस्कृतियों के लोगों के बीच परस्पर सम्मान तथा शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की भावना पैदा होती है। सर्व धर्म प्रार्थना हमें अपनी साझा मानवीयता की याद दिलाती है तथा यह धार्मिक सीमाओं को पार करती हुई समान मूल्यों व आकांक्षाओं पर जोर देती है। यही समान मूल्य व साझा आकांक्षायें हमें एक राष्ट्र के रूप में बांधे रखती हैं। लोकतंत्र के स्थल या 'लोकतंत्र के मंदिर' के रूप में संसद देश की जनता के स्वरों का प्रतिनिधित्व करती है जिसमें विविधतापूर्ण भावनायें, आकांक्षायें तथा भारत की समावेशी भावना शामिल हैं।

भारत की सर्व-समावेशी भावनायें राष्ट्र के सांस्कृतिक ताने-बाने में अच्छी तरह बुनी हुई हैं। देश का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है जिसमें विभिन्न धार्मिक विश्वास व धार्मिक व्यवहार एक दूसरे से मिल कर एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। सर्व धर्म समभाव तथा सांस्कृतिक समावेश की यह भावना भारतीय जीवन के विभिन्न आयामों को अपने भीतर समाहित करती है। इसमें त्योहार, कर्मकांड तथा दार्शनिक विचारधारायें शामिल हैं। दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरु नानक जयंती, आदि अनेकानेक त्योहार विभिन्न धर्मों के लोग समान श्रृद्धा एवं उत्साह के साथ मनाते हैं। ये आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि व्यक्तियों को विभिन्न धार्मिक परंपराओं से सीखने और उनका सम्मान करने का अवसर प्रदान करते हैं।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत की कलात्मक विरासत हजारों साल पुरानी है जिसने विभिन्न संस्कृतियों व सभ्यताओं को प्रभावित किया है। खुजराहों के प्राचीन मंदिरों की शानदार नक्काशी, ताजमहल का मुगल वास्तु तथा राजस्थान की जीवन्त जालियां व मूर्तियां इस बात के कुछ उदाहरण हैं कि विभिन्न कलात्मक शैलियों ने कैसे एक दूसरे से मिल कर विशिष्ट भारतीय सौंदर्यशास्त्र को जन्म दिया है। इन कलात्मक रूपों की प्रशंसा व इनके संरक्षण से भारत ने न केवल अपनी बहुसांस्कृतिक विरासत की समझ विकसित की है, बल्कि संवाद भी प्रोत्साहित किया है।

भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत तथा अनेक दर्शनों की उसके द्वारा स्वीकार्यता ने एक समावेशी संरचना प्रस्तुत की है जिसमें अनेक प्रख्यात संतों और दार्शनिकों के विचार पूरे इतिहास में समाहित होते रहे हैं। 15वीं शताब्दी के कवि व रहस्यवादी कबीर की शिक्षाओं ने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, 'धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय। माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आए फल होय।' इसमें आध्यात्मिक प्रगति के क्रमिक विकास, सांस्कृतिक समावेश तथा ईश्वरीय ज्ञान की सर्व व्यापकता को प्रदर्शित किया गया है।

स्वामी विवेकानंद ने भी सभी धर्मों में व्याप्त विविधता व एकता का महत्व स्वीकारने पर जोर दिया है। उनका यह कथन बहुत लोकप्रिय है, 'मुझे गर्व है कि मैं ऐसे धर्म से आता हूं जिसने हमें सहिष्णुता तथा सर्वव्यापी स्वीकार्यता सिखाई है। हम न केवल सर्वव्यापी सहिष्णुता में विश्वास करते हैं, बल्कि हम सभी धर्मों को सच्चा मानते हैं।' स्वामी विवेकानंद ने इस अवधारणा की कल्पना स्वयं की थी जिसका विकास उनके इंजीनियर भाई व संन्यासी स्वामी विज्ञानानन्द ने किया। रामकृष्ण मिशन द्वारा स्थापित वेल्लूर मठ एक वास्तु आश्चर्य है जिसमें बहुत सुंदरता से समावेशी परंपराओं को समाहित कर विभिन्न भारतीय वास्तु शैलियों के रूपों को स्वीकार किया गया है। वेल्लूर मठ की शानदार नक्काशी, गुंबद व स्पायर तथा इस्लामी मेहराबों एवं फूलों के चित्रों के साथ ही गोथिक वास्तु के विभिन्न तत्व भी पाए जाते हैं। इनमें रंगीन कांच से ढकी खिड़कियों का खास महत्व है।

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी अपनी पहचान बनाए रखते हुए भी विविध संस्कृतियों व परंपराओं को समाहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें विभिन्न संस्कृतियों का सह-अस्तित्व हो तथा वे एक दूसरे को समृद्ध करें तथा परस्पर समझदारी व एकता को बढ़ावा दें। भारत ने नए संसद भवन का उद्घाटन कर अपने इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। ऐसे में हम सबको उन मूल्यों, विवेक व शिक्षाओं को महत्व देना चाहिए जिन्होंने व्यक्तियों व राष्ट्रों को समान रूप से प्रभावित किया है। अंतर-धार्मिक संवाद को बढ़ावा दे कर, भाषाई विविधता का संरक्षण कर, कलात्मक अभिव्यक्तियों का समारोह मना कर तथा व्यापक व विविधतापूर्ण परंपराओं को गले लगा कर भारत सारी दुनिया के सामने शानदार उदाहरण पेश कर सकता है।

इस रास्ते पर चलते हुए भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में एक विश्व महाशक्ति बनने की इच्छा के साथ ही सारी दुनिया में विविधता में एकता का उदाहरण भी बनेगा।

# पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा का महत्व

> घरेलू राजनीति एक तरफ, पीएम मोदी की अमेरिका की आगामी राजकीय यात्रा के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में संयुक्त राज्य अमेरिका की एक हाई-प्रोफाइल यात्रा पर होंगे। राजकीय यात्रा प्रधान मंत्री के लिए पहली और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए और दूसरी मेजबान के रूप में उनके वर्तमान कार्यकाल के दौरान होगी। यह यात्रा भारतीय और अमेरिकी राजनयिकों, सचिवों और मंत्रियों की कई हाई-प्रोफाइल यात्राओं की पृष्ठभूमि में हो रही है, जो भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थर में से एक हो सकती है। रिश्ते को आखिरी बार 2005 से 2009 तक की अवधि में बढ़ावा मिला जब भारत परमाणु हो गया और अमेरिका ने अपने घरेलू राजनीतिक संदेहों और सहयोगी चिंताओं (पाकिस्तान पढ़ें) को अलग रखते हुए, भारत को परमाणु क्लब में शामिल कर लिया, अंत में तत्कालीन प्रधान मंत्री में समाप्त हो गया। मनमोहन सिंह की अमेरिका की राजकीय यात्रा। एक राजकीय यात्रा द्विपक्षीय रूप से दिए जाने वाले सम्मान और प्रतिष्ठा का उच्चतम स्तर है, और इसे राजनयिक संबंधों में शीर्ष स्तर का माना जाता है।

माना जाता है कि प्रधान मंत्री मोदी की निर्धारित राजकीय यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ एक महीने से भी कम समय में कम से कम तीन बार हुई थी। इनमें त्7 के दौरान द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं, जिसमें भारत को आमंत्रित किया गया था, पापुआ न्यू गिनी में एक बैठक और राजकीय यात्रा के समापन से पहले व्क्ष नेताओं का शिखर सम्मेलन। हालाँकि, घरेलू मुद्दों के कारण, राष्ट्रपति बिडेन को प्रशांत महासागर द्वीप राष्ट्र और ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा में कटौती करनी पड़ी, जिसके कारण जापान में जी-7 के मौके पर कुछ हड़बड़ी में बैठकें हुईं।



भारत और अमेरिका दोनों के लिए घरेलू माहौल अभी गर्म हो रहा है, जो दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए बेहद गर्म और शोरगुल वाला स्थान होगा। भारत और अमेरिका में अगले साल आम चुनाव होने हैं और घरेलू राजनीतिक माहौल, यदि डेसिबल नहीं है, पहले से ही सहनीय सीमा से अधिक है। आगे बढ़ना असहनीय और खुरदरा होगा। यह इन नेताओं के लिए पासा डालता है, जो दोनों फिर से चुनाव की मांग कर रहे हैं (तीसरे कार्यकाल के लिए पीएम मोदी और राष्ट्रपति बिडेन दूसरे कार्यकाल के लिए), इसे अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सार्थक बनाने के लिए, जो उन्हें शीर्ष पदों पर वापस भेज देंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके मतदाता, यदि कांग्रेस और उनके कुछ सहयोगी नहीं, यूक्रेन पर भारत की विशिष्ट चुप्पी के बावजूद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने के मूल्य को देखते हैं (सिवाय इसके कि यह युद्ध का समय नहीं है) बयान), रूस पर घनिष्ठ संबंध और निर्भरता और मानवाधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता आदि के संबंध में कुछ असहज प्रश्न। भारतीय प्रधान मंत्री अपनी ओर से हाउडी मोदी, ग्रैंड कॉन्सर्ट इवेंट, जब पीएम मॉड और तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त रूप से ह्यूस्टन में हजारों भारतीय अमेरिकियों को संबोधित किया, की तुलना में तमाशा भागफल को थोड़ा अधिक लेना चाहेंगे। पीएम राजकीय यात्रा से एक महत्वपूर्ण परिणाम की उम्मीद करेंगे, हालांकि उत्साही भीड़, सार्वजनिक कार्यक्रम निश्चित रूप से पैकेज का हिस्सा होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत द्वीप देशों की यात्रा पर भी गए थे, जहां उनका रॉक स्टार स्वागत किया गया था, खचाखच भरे मैदानों में बड़ी संख्या में भीड़ को उन्होंने संबोधित किया और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री द्वारा बॉस भी कहा गया। भारतीय अमेरिकी समूह भी प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के लिए तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि उनमें से कई के व्हाइट हाउस में कुछ प्रमुख आधिकारिक समारोहों में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 21 तोपों की सलामी और शायद भारतीय पीएम के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग पर योग सत्र शामिल हैं। 21 जून को दिन।

यह भी याद रखने योग्य होगा कि पीएम की यात्रा विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अमेरिका की दस दिवसीय यात्रा के बाद भी होगी, जहां उन्होंने भारतीय लोकतंत्र से जुड़े सवालों पर विभिन्न हितधारकों, नागरिक समाज, थिंक टैंक आदि के साथ बातचीत की। भारत में लोकतांत्रिक पैंतरेबाज़ी और राजनीतिक विरोध के लिए सिकुड़ते स्थान के बारे में बड़े सवाल, जो विपक्षी नेता द्वारा यूके आदि की अपनी पिछली यात्राओं के दौरान सामने लाए गए हैं और जिसके कारण कुछ प्रभावशाली समूहों को भारतीय लोकतांत्रिक साख पर संदेह हुआ है, को नियंत्रित किया जा सकता था। जिस समय पीएम मोदी अमेरिका में लैंड करते हैं। घरेलू राजनीति एक तरफ पीएम मोदी की अमेरिका की आगामी राजकीय यात्रा के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### संघर्षरत जेलेन्स्की

**यूक्रेनी राष्ट्रपति** वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने दूसरे यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन के भाग के रूप में यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक के लिए मोल्दोवा की यात्रा की। आज कल नाटो व यूरोपीय संघ की लगभग हर बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की जरूर उपस्थित रहते हैं। ऐसा करना इनकी मज़बूरी भी है क्योंकि पिछले 16 महीनों से अगर वे रूस से संघर्ष करने की स्थिति में हैं तो उसके पीछे निश्चित रूप में यूरोपियन यूनियन एवं नाटो का महत्वपूर्ण योगदान है। 1 जून को ज़ेलेंस्की और वॉन डेर लेयेन ने यूक्रेन के शांति फार्मूले पर गौर किया। उन्होंने नाटो की पूर्ण सदस्यता से पहले यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी और उसे यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। लेकिन सिर्फ ऐसी चर्चा से काम नहीं चलेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए विश्वस्तर पर व्यापक प्रयासों की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन पर संकट को मुख्यतः मानवता पर संकट माना था, लेकिन दुनिया के अधिकांश देश इसे रूस पर प्रभुत्व स्थापित करने के रूप में देख रहे हैं। दूसरी ओर रूस, चीन तथा उसके सहयोगी इसे अमेरिका व नाटो से मुकाबले की तरह देखते हैं। ऐसे में जेलेन्स्की का संघर्ष और जटिल होता जा रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मोदी सरकार

**अपने** कार्यकाल के नौ वर्ष पूरा होने पर यदि मोदी सरकार अपनी उपलब्धियों को जोर-शोर से रेखांकित कर रही है तो इसलिए कि उसने इस अवधि में बहुत कुछ कर दिखाया है। इन नौ वर्षों में विकास की विभिन्न योजनाओं में जहां देश की तस्वीर बदलने का काम किया है वही जनकल्याणकारी कदमों ने जनता को लाभान्वित करने के साथ अपनी छाप भी छोड़ी है। विपक्षी दल व मोदी सरकार की रीति-नीति से असहमत लोग कुछ भी दावा करें, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि उसने अपनी योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर तरीके से किया है। उज्ज्वला गैस सिलेंडर और जन-धन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन को बदलने का काम किया। इन नौ वर्षों में देश में आधारभूत ढांचे का उल्लेखनीय और कुछ क्षेत्रों में तो अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश के प्रत्येक हिस्से में आधारभूत ढांचे के विकास की कोई भी अनदेखी नहीं कर सकता है। सड़क, पुल, हवाई अड्डे, रेल मार्ग आदि बहुत तेज गति से निर्मित हो रहे हैं। वे देश की तस्वीर बदलने का काम करने के साथ लोगों का दैनिक जीवन भी सुगम बना रहे हैं।

– **सदन जी,** पटना

### जल संरक्षण

**देश** में गर्मी के मौसम मे जितना लोग परेशान नहीं, उससे कहीं ज्यादा देश के अनेक हिस्से जल संकट से गुजर रहे है। जहां तक जल की उपयोगिता का सवाल है, कहीं न कहीं हम सभी जवाबदेह हैं। पानी की बर्बादी को हम मूकदर्शक की भांति निहारते रहते हैं। जल सरक्षण की सोच आम लोगों से दूर नजर आती है। सामान्य तौर हर व्यक्ति 45 लीटर पानी उपयोग करता है। गर्मी के दिनों मे यह थोड़ा बढ़ सकता है। लेकिन अक्सर घरो मे पानी की बर्बादी के नजारे देखने को मिल जायेंगे। घर आँगन धोना, गाड़ी, वाहन धोना, शेविंग करते समय नल खुला रखना, पानी की टंकी ओवर फ्लो होना, आदि ऐसे कई कारण इस समस्या के अंग हैं। कहीं कहीं गावों-शहरों मे नलों में टोटी गायब मिलेंगी। लोग वाहनों को धोने मे सैकड़ों लीटर पानी बहा देते है। आखिर हम क्यों नहीं जागरूकता लाना चाहते हैं। जल है तो कल हैए, जल है तो जीवन है, आदि नारे केवल प्रदर्शन की वस्तु क्यों बन गए हैं? यदि यही हाल रहा तो वो दिन दूर नहीं कि लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़े। जल संरक्षण को आम जीवन का हिस्सा बनाना होगा।


–**योगेश जोशी,** बड़वाह

# सांसद स्वेच्छानुदान राशि में प्रतिनिधि पर लगा कमीशन लेने का आरोप

पायनियर संवाददाता ᐸ बालोद
www.dailypioneer.com

एक और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरा होने पर देश की जनता को अपनी उपलब्धि बताते नहीं थक रहे है। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश के कांकेर लोकसभा से सांसद मोहन मंडावी की स्वेच्छानुदान राशि सुर्खियों में है। दरअसल सांसद मोहन मंडावी के प्रतिनिधि ने स्वेच्छानुदान की पूरी कार्यप्रणाली को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। आरोप है कि स्वेच्छानुदान राशि भुगतान के बाद 20 फीसद की राशि बतौर कमीशन सांसद प्रतिनिधि के द्वारा ली जाती है। दरअसल, सांसद स्वेच्छानुदान राशि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को देना होता है। सांसद की अनुशंसा पर जरूरतमंदों को 5 हजार रुपए स्वेच्छानुदान तो दे दिया गया लेकिन उसके एवज में गुरुर क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि अजेंद्र साहू द्वारा हितग्राहियों से 1 हजार रुपए बतौर कमीशन वसूली भी कर ली गई। मामला सामने आने के बाद सत्ताधारी दल के द्वारा सांसद स्वेच्छा अनुदान की राशि में बंदरबाट के आरोप भी लगाए जा रहे है।




## पार्टी के भीतर मची खलबली, जिले के नेतृत्व ने दिखाई लाचारी

सांसद स्वेच्छानुदान राशि मे कमीशन की खबरों ने पार्टी के भीतर भी खलबली मचा दी है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही। जिले में पार्टी के प्रभारी ओम माथुर और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल तक का दौरा हो चुका है। इनके द्वारा जिले में पार्टी को मजबूत व विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने का खाका भी तैयार किया जा चुका है। लेकिन बालोद जिले में भाजपाइयों के दरमियान जारी भीतरी घमासान आला नेताओं के लिए परेशानी का सबब बन रहा। यहां टिकट के चाहवान नेता भी एक दूसरे को चुनौती पेश कर रहे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि ऐसे तमाम मामलों में जिले के नेतृत्व ने लाचारी दिखाई। जिसके चलते पार्टी के पुराने नेता और कार्यकर्ता अब वर्तमान जिलाध्यक्ष को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं जिसका चुनावी तैयारियों पर असर दिखाई भी दे रहा है।

## 20 फीसद वसूला गया कमीशन

हालांकि इन आरोपों को प्रतिनिधि अजेंद्र साहू द्वारा निराधार बताया जा रहा है। पर पूरे मामले की पड़ताल करने पायनियर संवाददाता गुरुर क्षेत्र के ग्राम परसूली पहुंचे तो एक महिला पुष्पा नागवंशी जिन्हें 5 हजार रुपए स्वेच्छानुदान की राशि दिलाई गई उन्होंने सरपंच मोती देवांगन को 1 हजार रुपए दिए जाने की बात स्वीकार की। मामले में सरपंच ने बताया कि उक्त महिला हितग्राही ने उसे 1 हजार रुपए अजेंद्र साहू के नाम से दिया है। दावों के मुताबिक गुरुर क्षेत्र में ही 6 से 7 हितग्राहियों से प्राप्त स्वेच्छानुदान राशि के एवज में 20 फीसद कमीशन वसूला गया है।

## सांसद तक पहुचा कमीशनखोरी का मामला

कमीशनखोरी के मुद्दे पर भाजपा गुरुर मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पार्टी के नेता ईशा प्रकाश साहू, नंदकिशोर शर्मा और जीवन लाल साहू सहित अन्य भाजपाइयों से चर्चा की गई तो सभी ने नाराजगी जाहिर करते हुए मामले की शिकायत सांसद मोहन मंडावी तक होने की बात कही। वही सांसद के प्रतिनिधि अजेंद्र साहू का कहना है कि उन्होंने किसी से कोई कमीशन नहीं लिया है। इधर दूसरे सांसद प्रतिनिधि व गुरुर बीजेपी मंडल के महामंत्री मेहत्तर नेताम ने भी कहा कि इस मामले की स्वयं उन्होंने सांसद से शिकायत की है।

## डैमेज कंट्रोल में जुटी भाजपा

मामले को तूल पकड़ता देख उपजे विवाद को खत्म करने के लिए विपक्षी भाजपा ने डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया है। सांसद स्वेच्छानुदान राशि में 20 परसेंट कमीशन लेने की बात कहने वाले बीजेपी के पदाधिकारी अपनी कही गई बातों से अब पलट रहे। पहले ये कहने वाले कि राशि स्वीकृति के बदले कमीशन लिया जा रहा तो वहीं अब ऐसी खबरों को भ्रामक बता रहे। बाकायदा भाजपा पार्टी के लेटर हेड में विज्ञप्ति जारी कर स्वेच्छानुदान दिलाने के एवज में सांसद प्रतिनिधि के द्वारा 1 हजार कमीशन लिए जाने की खबरों को गलत बता दिया। मामले में पार्टी पदाधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षर से पत्र जारी कर प्रतिनिधि अजेंद्र साहू और भाजपा को कमजोर करने षड्यंत्र का हिस्सा बताया जा रहा।

पहली बात तो जो लेटर वायरल हुआ है, वो भाजपा गुरुर मंडल का अधिकृत लेटर पेड नही है, एक सादे कागज में लिखकर अजेंद्र साहू को लिखकर दिया गया था, उसने वायरल किया है, जबकि वायरल उसे नही करना था, लेटर पेड जो वायरल हुआ है, वह गुरुर भाजपा मंडल का नही है, रही बात आरोप का तो अजेंद्र साहू ही बता सकता है, की ये मामला सामने कैसे आया।'

**कौशल साहू, अध्यक्ष, भाजपा गुरुर मंडल**

'आरोप निराधार है, हमारे ही पार्टी के आदमी ने बाहर कुछ बात की होगी, कोई अगर अच्छा काम करता है, कोई न कोई दुर्भावना रखकर ऐसी बातों को लाते रहता है, मैं सेवा काम कर रहा हूं, किसी की छवि को धूमिल करना अच्छा नही। मुझे ये अच्छा लगा कि नई दुनिया मेरा पक्ष रख रही हैं।

**अजेंद्र साहू, सांसद प्रतिनिधि**

# सोनकर समाज सम्मेलन में शामिल हुए संसदीय सचिव, सामाजिक भवन हेतु 6.50 लाख की घोषणा

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सोनकर समाज नवागढ़ राज इकाई द्वारा आयोजित सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन नवागढ़ में किया सर्वप्रथम सामाजिक आराध्या रामजानकी की पूजा अर्चना कर सामाजिक महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण सहित बड़े उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। सामाजिक मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे शामिल हुये सोनकर समाज नवागढ़ को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव ने सोनकर समाज को आयोजन के लिए बधाई दिए एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य हेतु छत्तीसगढ़ सोनकर समाज को शुभकामनाएं दी। समाज की मांग पर सोनकर समाज नवागढ़ राज के आश्रित ग्राम बाघुल में सामाजिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख की घोषणा किये। जिसका सामाजिक जनों ने कर्ता ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज को मुख्यमंत्री द्वारा विगत 7 माह में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के माध्यम से पूरे छत्तीसगढ़ में सोनकर समाज के विभिन राज इकाइयों को कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपये की घोषणा किये जो कि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के लिए ऐतिहासिक हैं जिसके लिए नवागढ़ विधायक के माध्यम से पुनः मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विशेष अतिथि के रूप में मुंगेली नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष संतुलाल सोनकर संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज के राजनीतिक विकास हेतु एकता बहुत ही जरूरी होता हैं पूरे भारत मे 10 करोड़ सोनकर है जो कि अलग अलग राज्य में निवासरत हैं हम छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के रूप है अतः सामाजिक विकास हेतु अखिल भारतीय सोनकर संघ की ओर आज हमें आगे आने की आवश्यक हैं ।



# मध्यान भोजन हेतु किचन सेट निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के पूर्व माध्यमिक विभाग के लिए मध्यान्ह भोजन हेतु किचन शेड निर्माण हेतु माननीय विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय की योजना शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं मे से एक है अतः इन विद्यालयों को सर्व सुविधायुक्त बनाकर समाज के वंचित एवं अर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा देना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है और किचन शेड का निर्माण उसी उद्देश्य की पूर्ति का एक कदम है। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने विधायक महोदया का अभिवादन करते हुए इस कार्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू,पार्षद मनोज शर्मा,वार्ड पार्षद रानी डेनिम सेन,प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे, व्याख्याता प्रमोद ठाकुर,शिक्षिका लक्ष्मिणि साहू सहित शिक्षक एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

# सफलता, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प ही दिलाता है : सुरूचि सिंह, आई ए इस

## करियर गाइडेंस कार्यशाला में आत्मानंद स्कूल के लगभग 200 विद्यार्थी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई में करियर गाइडेंस' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि सुरूचि सिंह एसडीएम बेमेतरा उपस्थित थीं। महाविद्यालय के डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए समर कैंप के आयोजन का संक्षिप्त परिचय दिया और बताया कि यह हमारे द्वारा किया गया सातवां आयोजन हैं जिसमें 12वीं के छात्र-छात्राओं को कैरियर गाइडेंस, स्पोकन इंग्लिश, माइंड मेमोरी एवं बेसिक कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाता हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सुरुचि सिंह ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों से अनौपचारिक रूप से बात करना चाहती हूं। आप लोगों को जिस विषय व क्षेत्र में रूचि तथा लग्न हैं, उसे पूरी ईमानदारी पूर्वक कार्य कर उस पर सफ्लता प्राप्त किया जा सकता हैं। उन्हें आईएएस बनने में चार वर्ष का समय लगा। उन्होंने कहा कि आप अपने कैरियर के बारे में गंभीर रूप से सोचना प्रारंभ कर दीजिए और जो भी कार्य करें, उसे आधे मन से न करें बल्कि उस कार्य को पूरे मन और लगन के साथ कीजिए, तभी सफ्लता हासिल होगी। जीवन में असफ्लता बड़ी सीख दे जाती हैं, असफलता से ही व्यक्ति सशक्त होता है। जीवन में बड़ी व सार्थक सोच ही सफ्लता का आधार हैं। आप अपने लोगों से बात कीजिए कि, वह अपने जीवन में क्या बनना चाहते हैं। जीवन में कभी भी फेल होने का डर नहीं होना चाहिए। आईएएस की तैयारी के लिए मुख्य बातें कहीं फेल होने का डर नहीं होना चाहिए? फायर होना चाहिए, जो भी हो जाए करने की निरंतरता होनी चाहिए। 10 विद्यार्थियों ने एस डी एम मैडम से कैरियर, पढ़ाई और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के समय अपनाए जाने वाले आदर्श दिनचर्या, सफलता के रहस्य, हिंदी मीडियम के विद्यार्थी यूपीएससी में अधिकांश सफल क्यों नहीं होते?

# प्रत्येक क्षेत्र में समवेशी विकास का विस्तार हो : सांसद बघेल

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टरेट में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष ने बैठक मे केन्द्रीय योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम सड़क योजना, सड़क मरम्मत, पेयजल, स्वास्थ्य, इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की और जायजा लिया । संबंधित विभागों नें विभागीय कार्यों की प्रगति बताई एवं चल रहे कार्यों का उल्लेख किया, जिस पर सांसद बघेल ने सभी अधिकारीयों को योजनाबद्ध तरीके से अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए । उन्होंने सर्वप्रथम उप संचालक कृषि को किसानो के हित हेतु योजना बनाकर जिले में मक्का क्रय करने के निर्देश दिए ताकि मक्का की खेती करने वाले किसानों को भी लाभ हो सके । जनहितकारी व सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं पर विभागों को प्राथमिकता से करने के लिए कहा, ताकि जिले के जरूरतमंद लोगों और सभी वर्गो के लोगों को सामान अवसर मिले और जिले के प्रत्येक क्षेत्र में समावेशी विकास का विस्तार हो। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जिले के सामुदायिक शौचालय की जानकारी ली और नियमित रूप से सभी सामुदायिक शौचालयों के साफसफाई और पानी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए । उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सके इसके लिए जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रो में उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए।




# कलेक्टर एवं अधिकारियों ने किया शासकीय रोपणी अरमूरकसा का निरीक्षण

## चीकू आदि फलदार पौधों का पर्याप्त मात्रा में रोपण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ᐸ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव एवं वनमण्डलाधिकारी आयुष जैन ने अधिकारियों के साथ 01 जून को डौण्डी विकासखण्ड के अरमुरकसा स्थित शासकीय रोपणी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने शासकीय रोपणी अरमुरकसा के समूचित रखरखाव की सराहना भी की। इस दौरान अधिकारियों ने इस हाईटेक रोपणी में मिनी प्लग टाइप शीडलिंग यूनिट तथा रोपणी में बह रहे नाले में जल संरक्षण हेतु निर्मित मिनी चेक डेम के अलावा रोपे गए विभिन्न पौधों का अवलोकन किया।



शर्मा ने अधिकारियों को रोपणी में बह रहे नाले में जल संरक्षण के समुचित उपाय करने तथा रोपणी में चीकू आदि फ्लदार पौधों का पर्याप्त मात्रा में रोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक गौतम से रोपणी में रोपे गए पौधों के प्रजातियों के संबंध में जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक ने रोपणी में अमरूद, बेर, आम, नीबू, कटहल, नारियल आदि विभिन्न फ्लदार पौधों के अलावा फूल एवं बड़ी संख्या में औषधि पेड़-पौधों के रोपण करने की जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम शीतल बंसल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# ईश्वर की आराधना नि:स्वार्थ भाव से करनी चाहिए : आचार्य नंदकुमार शर्मा



**बेमेतरा।** ग्राम सरदा मे चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को भागवत मर्मज्ञ आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा, निनवा तिल्दा वाले ने कहा कि चारों युगों में कलियुग सर्वश्रेष्ठ है। इस युग में भगवान का नाम लेने से ही भवसागर से मुक्ति मिलती है। लोगों की यह धारणा गलत है कि समय खराब है या यह खराब युग चल रहा है, जबकि वास्तविकता ऐसी नहीं है। वास्तव में हमें अपना चिंतन बदलने की आवश्यकता है। हमें अपनी अनुभूति को बदलना होगा। युग और समय तो अच्छा ही रहता है। अच्छे अनुभूति से अच्छे कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर दुर्लभ है। इसके समान किसी अन्य प्राणी का शरीर नहीं है। मनुष्य शरीर श्रेष्ठतम है और जब तक हमारे शरीर में कोई रोग नहीं आता तब तक हम शरीर का महत्व नहीं समझते। निस्वार्थ प्रेम से प्रगाढ़ता बढ़ती है। स्वार्थ का प्रेम अधिक दिनों तक नहीं टिकता। इसी तरह भगवान की आराधना हमें निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। इससे ज्यादा फ्ल मिलता है। स्वार्थ रखकर भगवान का पूजन करने से स्वार्थ सिद्धि नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोग यदि अपने आप में सुधार लाएंगे तो पूरा समाज और पूरा देश सुधर जाएगा। आज के दौर में लोग स्वयं गलत काम करते हैं और दूसरे से सुधारने की उम्मीद रखते हैं। ऐसे में समाज सुधार संभव नहीं है। आगे आचार्य जी ने कहा कि जीवन मे कभी भी दूसरे की निंदा नहीं करनी चाहिए. दूसरों की निंदा करने से दूसरों का नहीं बल्कि खुद का ही नुकसान होता है।

# दिगंबर जैन मंदिर में वाटर कूलर लगाया गया

**दल्लीराजहरा।** शिव संस्कार धाम के सामने तथा गायत्री मंदिर के समीप श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर वार्ड 22 में शीतल पेयजल की सार्वजनिक सौगात देने बाबत स्व.हनुमान प्रसाद बड़जात्या की पुण्य स्मृति में बड़जात्या परिवार से पुत्र विनय जैन व अन्य परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न मंदिरों में वाटर कूलर उपलब्ध करवाया गया। बड़जात्या परिवार रायपुर, जशपुर, नागपुर की ओर से प्रदत्त वाटर कूलर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज के शिखर चंद जैन, संतोष कुमार जैन, कमल सेठी, प्रह्लाद जैन, आकाश जैन, ममता जैन, मधुलता जैन, मीना जैन, आगम जैन, आकाश जैन उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने लोगों के लिए किए गए इस शीतल पेय जल की व्यवस्था बाबत नगरवासियों की ओर से बड़जात्या परिवार एवं दिगंबर जैन समाज के सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।




# पहलवानो के समर्थन में सामने आया बालोद जिले के खिलाड़ी, बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्यवाही की मांग

## बालोद गुड मॉर्निंग क्लब ने किया महिला पहलवानो को न्याय दिलाने की मांग

पायनियर संवाददाता ᐸ बालोद
www.dailypioneer.com

देश की राजधानी नई दिल्ली में धरने पर बैठे पहलवानो के समर्थन में बालोद जिले के खिलाड़ी समर्थन में उतर आए हैं। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफकार्यवाही की मांग को नारेबाजी किये। बालोद गुड मॉर्निंग क्लब ने महिला पहलवानो को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नगर के कॉलेज मैदान में खिलाड़ियों ने इस पूरे घटना का विरोध करते हुए पहलवानो के साथ हुए अन्याय के खिलाफकार्यवाही की मांग की। वही मामले पर गुड मॉर्निंग क्लब अध्यक्ष विनोद बंटी शर्मा ने कहां केंद्र के मोदी सरकार के राज में आज देश की बेटियां बिल्कुल भी सुरक्षित नही है। भाजपा भले भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चला रही है। लेकिन आज उन्ही के सांसद द्वारा बेटियो के साथ किये अत्याचार के बाद सरकार खुद ऐसे अपराधियों को अपना सरंक्षण दे रही है। जिससे देश के बेटियो का भविष्य भी खतरे में है।




### क्या है मामला

आपको बता दे की बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के ख़िलाफ़ बीते करीब एक महीने से ज्यादा समय तक दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों को पुलिस ने रविवार को हटा दिया। पहलवानों के समर्थन में रविवार को संसद की नई इमारत के सामने महिलाओं की महापंचायत का एलान किया गया था। पुलिस की कार्रवाई का धरना दे रहे पहलवानों और उनके सहयोगियों ने विरोध किया और मामले पर देश के राजधानी में राजनीति भी गरमाने लगी है इस बीच इस धरने के समर्थन में अब देश के अलग अलग जगहों से लोग सामने आ रहे है।

# संविदा नियमितीकरण रथयात्रा पहुचा बेमेतरा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिये ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संविदा कर्मियों की नियमितीकरण रथयात्रा 17वें दिन बेमेतरा में रथयात्रा बेमेतरा के रवाना हुई। जिला बेमेतरा के सीमा प्रारम्भ ग्राम पंचायत कारेसरा चौक तिगड्डा से ही रथ की शुरूआत आतिशबाजी कर बाजे गाजे के साथ भारी संख्या में बाईक रैली के साथ संविदा कर्मियों ने जोरदार स्वागत किया और बेमेतरा की ओर अग्रसर हुए। रथयात्रा एवं रैली पुरे रास्ते आकर्षण का केन्द्र बना रहा है कौशलेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष, अध्यक्ष, प्रदेश सलाहकार ताकेश्वर साहू, जिला संयोजक, पूरन दास, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी, सह संयोजक दिनेश गंगबेर मुख्य रूप से शामिल हुए। बेमेतरा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सलाहकार ताकेश्वर साहू जी ने कहा कि नियमितिकरण वादे को पूरा नहीं किया जाना गैर लोकतांत्रिक है।

साढ़े चार साल बाद भी जन घोषणा पत्र में किए वादे को पूरा नही किए जाने के कारण शासन प्रशासन को ध्यानाकर्षण के लिए संविदा नियमितिकरण रथयात्रा निकाल रहे हैं। जो कि दिनांक 16 मई से जांजगीर चांपा के शिवरीनायण से होते हुए बिलासपुर संभाग के जिले एवं सरगुजा संभाग के जिलों से होकर 33 जिला के कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का संकल्प लेकर निकाली गई है। जिला अध्यक्ष पूरन दास ने कहा की संविदा कर्मचारियों कि स्थिति डार के चुके बेन्दरा-अषाढ़ के चुके किसान की भांति हो गई है। जन घोषणा पत्र में जो वादा किया गया है कि समस्त संविदा कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमितीकरण की कार्यवाही की जावेंगी एवं किसी की छटनी नही की जावेगी। लेकिन छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है जहां पर जन घोषणा का अपमान एवं मुख्यमंत्री के वचनों को दरकिनारे किया जा रहा है। नियमितीकरण तो दूर संविदा कर्मचारियों को नवीन सीधी भर्ती में न ही संविलियन किया जा न किसी प्रकार से प्राथमिकता अथवा आयु सीमा में छूट दी जा रही है। जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा ने कहा कि नियमितीकरण हेतु समिति का गठन किया गया है, साथ ही साथ नियमितीकरण के संबंध में सभी विभागों के कार्यालय से जानकारी चली गई है बार-बार विधानसभा में भी प्रश्न-उत्तोरी की गई है। माननीय मुख्यमंत्री भी प्रचार-प्रसार एवं मीडिया के माध्यम से नियमितीकरण की बात निरंतर कर रहे है। लेकिन कार्यवाही आपेक्षित है। न जाने किस कारण से संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण से वंचित रखा जा रहा है। संजय तिवारी कहा कि सरकार के पास अब बहुत कम समय शेष बचा है, सरकार जनघोषणा पत्र में किए गए वादा पूरा करना तो दूर पत्राचार में भी जवाब नहीं देती। ऐसे में लोकतंत्र में जवाबदेही किसकी होती है यही सवाल का उत्तर लेने हम सभी छत्तीसगढ़ में आम जनता से न्याय मांग रहे हैं। बताया कि 45 वर्ष से अधिक आयु होने के कारण बहुत से संविदा कर्मचारी सीधी भर्ती में शामिल नही पा रहें है। साथ ही इन्हीं के संविदा पदों के विरूद्ध कई विभागों में नियम को दरकिनारे कर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए जा रहे है। और इन्हें रिक्त पदों में दिखाया जा रहा है। जबकि पूर्व में शासन-प्रशासन द्वारा विधानसभा एवं नियमितीकरण हेतु गठित समिति ने जानकारी मंगाई है उसमें कार्यरत कर्मचारियों की संख्या एवं उपयोगिता भी बतलाई गई है। ज्ञात हो कि सरकार के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा 14 फरवरी 2019 को कर्मचारियों के मंच पर आकर यह घोषणा की गई थी कि, यह वर्ष किसानों का है अगला वर्ष आप कर्मचारियों का होगा। डॉ भारती यादव ने कहा कि बहुत ही चिंताजनक बात है कि, ना केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि सरकार तथा सरकार के मुखिया द्वारा कही गई संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की कोई भी बात आज पर्यंत तक सत्य नहीं हुई है सरकार के मुखिया के नाते मुख्यमंत्री विधानसभा में या अन्य मीडिया माध्यमों में नियमितीकरण की अपनी बात तो कहते हैं किंतु आज तक इस पर किसी भी प्रकार का ठोस अमल नहीं किया गया। राज्य का हर विभाग का प्रत्येक संविदा कर्मचारी आक्रोशित है और इसी आक्रोश के कारण प्रदेश के संविदा कर्मचारी लामबंद होकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में प्रस्तुत अनुपूरक बजट में अनिवार्य रूप से नियमितीकरण को पूरा करते हुए अपना वादा कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार को पूरी करनी चाहिए। संविदा कार्मिक वेतन वृद्धि भी नही किया गया है। जबकि वित्त विभाग कहना था का नियमित कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते के बाद वेतन वृद्धि किया जावेगा। संविदा कर्मचारियो के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जाता हैं।



# इंडोनेशिया के बाली द्वीप से आये कलाकारों ने कहा कि श्री राम की भूमि में आकर धन्य हुए जिनकी कथा हम दुनिया भर में सुनाते हैं

## पहली बार उस धरती पर आए जहां से रामकथा सृजित हुई, छत्तीसगढ़ वही धरती जहां अरण्य कांड रचा गया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



भारत से लगभग साढ़े आठ हजार किलोमीटर की दूरी पर बसे इंडोनेशिया के बाली द्वीप में भी किसी लड़की का नाम पद्मा हो सकता है या फिर श्रीयानी हो सकता है यह सोचना भी चकित कर देता है लेकिन बाली द्वीप में ऐसा हो सकता है। 2000 बरस पहले यहां भारतीय उपमहाद्वीप का सांस्कृतिक प्रभाव पड़ा और बाली ने भारत के सांस्कृतिक मूल्यों को अपना लिया। वाल्मीकि की रामायण कथा बाली द्वीप में आज ही उसी तरह से सुनी सुनाई जाती है और स्थानीय संस्कृति के अनुरूप इसका सुंदर मंचन किया जाता है। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के मौके पर बाली से आए दल की सदस्य ने बताया कि मेरा नाम पद्मा है हमारे यहां बिल्कुल वैसे ही पूजा होती है जैसे भारत में होती है। हमारे यहां भी लोग मंदिर जाते हैं और हम सब भगवान राम के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। बाली से ही आई श्रीयानी ने बताया कि लक्ष्मी जो विष्णु जी की पत्नी है उनकी विशेष पूजा बाली द्वीप में होती है और इसी वजह से बहुत सारी लड़कियों के नाम श्री से हैं जैसे श्रीयानी या पदमा। श्रीयानी ने बताया कि उनके दल द्वारा मंचित की गई राम कथा केवल इंडोनेशिया में ही नहीं सुनाई जाती, इसका मंचन आसपास के देशों जैसे सिंगापुर आदि में भी होता है यही नहीं वह यूरोपियन यूनियन तथा अमेरिका में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। श्रीयानी ने बताया कि जब उनका दल राम कथा सुनाता है तब उनकी कलात्मक प्रस्तुति और उनका वस्त्र विन्यास लोगों को बहुत भाता है। इसके अलावा श्रीराम का अद्भुत चरित्र सब को बहुत पसंद आता है। श्रीयानी ने बताया कि उन्हें रामकथा इसलिए अच्छी लगती है क्योंकि श्रीराम हमेशा अपनी पत्नी सीता का ध्यान रखते हैं। जब उनका अपहरण होता है तब वह उन्हें वापस लाने लंका तक चले जाते हैं लंका में पुल का निर्माण करते हैं। इस तरह से जब भावपूर्ण कथा की प्रस्तुति होती है तो लोगों के लिए अद्भुत दृश्य बनता है। श्रीयानी से जब उनके परिधानों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बाली में रामकथा से जुड़े हुए जुड़ी हुई सामग्री बनाने का कुटीर उद्योग है यहां न केवल कलाकारों के लिए मुकुट तैयार होते हैं अपितु यहां पर उनके लिए सुंदर वस्त्र भी तैयार होते हैं। श्रीयानी ने वस्त्र दिखाते हुए कहा कि देख लीजिये, सालों से इसी तरह के वस्त्र रामकथा में पहने जा रहे हैं और इन वस्त्रों की विशेषता यह है कि ऐसे ही परिधान हमारे मंदिरों में भी देवताओं ने धारण किए हैं। अपने मुकुट की तरफ इशारा करते हुए श्रीयानी ने बताया कि इसे देखिए, यह वैसा ही है जैसे बाली के मंदिरों में बनी मूर्तियों में दिखता है। फिर उन्होंने बताया कि यह मुकुट दुकानों में बिकते हैं। फूलों की ओर इशारा करते हुए मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा कि बस यह फूल ही है जिन्हें हम चुनकर अपने मुकुट में लगाते हैं हमारा इतना ही काम है और फिर उसके बाद अपनी अपनी प्रस्तुति में लग जाते हैं।

# आम आदमी पार्टी महारैली में शामिल होने तैयारी को लेकर जैजैपुर में हुई आवश्यक बैठक

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया गया डभरा एवं जैजैपुर सम्मानित

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी जैजैपुर एवं चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ पुष्पहार से स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष भानु चन्द्रा, लोकसभा अध्यक्ष विन्धेश सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष जीवन लाल साहू , दादूराम मनहर जिलाध्यक्ष एस सी विंग, भरत लाल साहू जिला महामंत्री ने सम्बोधित किया। महारैली बिलासपुर में 2 जुलाई को शामिल होने के लिए दिशा-निर्देश देते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई। मंच संचालन रूपेन्द्र सिंह बघेल जिला सचिव ने किया। नवनियुक्त सभी वार्ड व सर्कल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन पार्टी में किया जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भानु प्रकाश चंद्रा लोक सभा अध्यक्ष बिन्धेश सिंह राठौर ने सभी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया ,सभी को विजिटिंग कार्ड भी प्रदान किया गया जिस को पाकर सभी कार्यकर्ताओं के चेहरे खिल उठे एवं पार्टी के कामों को करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में जो कि 6 जून से लेकर 26 जून तक पार्टी के हर सर्कल पर जनसंवाद किया जाएगा। वहीं आप नेता ने कहा कि आगामी 2 जुलाई 2023 को प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर में आम आदमी पार्टी के द्वारा केन्द्र सरकार की तानाशाही के खिलाफमहारैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान जी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी जी मुख्य रूप से शामिल हो रहे हैं। जिसकी तैयारी जोरों से प्रारंभ की जा रही है। इसी कड़ी में विधानसभा जैजैपुर एवं चन्द्रपुर के समस्त पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक लिया गया। जिसमें हजारों की संख्या में जैजैपुर एवं चन्द्रपुर विधानसभा से शामिल होने के लिए रणनीति बनाई गई और दिशा-निर्देश पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। केन्द्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ महारैली बिलासपुर 2 जुलाई रविवार को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इस दौरान आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष भानु चन्द्रा, लोकसभा अध्यक्ष विन्धेश सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष जीवन लाल साहू , दादूराम मनहर जिलाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ, भरत लाल साहू जिला महामंत्री, अजय मनहर जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, ईश्वर साहू जिला उपाध्यक्ष, रूपेन्द्र सिंह बघेल जिला सचिव एससी प्रकोष्ठ, देवेन्द्र चन्द्रा ब्लॉक अध्यक्ष, चंदन धीवर, हीरालाल पात्रे, रमेश धीवर, कन्हैया धीवर, बलदेव साहू, हीरालाल यादव, तिलेश्वर कमलेश, सालू केंवट, रामकिशन आदित्य, रामेश्वर पंत, नील कुमार, संजू चंद्रा सहित ब्लॉक अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष जैजैपुर एवं डभरा बड़ी संख्या में मौजूद थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी धनेश्वर साहू ने दी ।

# बाल्मीकि हुई सेवानिवृत्त, नगर पंचायत ने किया विदाई समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत नया बाराद्वार में सफाई मित्र के रूप में सेवा देने वाली गीता देवी बाल्मिकी को सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह हुआ,नगर पंचायत बाराद्वार में अपनी सेवा देने के पश्चात 31 मई को सेवानिवृत्त होने पर गीता देवी बाल्मिकी को नगर पंचायत के सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में सर्वप्रथम गीता देवी बाल्मिकी को सीएमओ शिव कुमार यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी तथा उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट किया गयासमारोह को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने कहा कि गीता देवी बाल्मिकी ने अपने सेवाकाल में उत्कृष्ट कार्य किया है,प्रतिदिन जब मैं सुबह सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचता था तो सभी सफाई मित्रों में ये सबसे पहले आती थी तथा अपने कार्य क्षेत्र के काम को पूर्ण करने के पश्चात ही घर वापिस जाती थी अब जब इनका सेवा अवधि समाप्ति की ओर था तो मैंने कई बार इनसे कहा कि आप आराम किया करो लेकिन ये सेवाकाल के अंतिम दिनों तक अपने पूर्ण लगन तथा निष्ठा से अपना कार्य किया है मैं इनके भविष्य की उज्जवल कामना करता हूं। नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी ने भी उनको सेवा की प्रसंशा की। पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष दीपक ठाकुर ने भी उनके कार्य की प्रसंशा की तथा उनके स्वस्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की बात कही।इस अवसर पर सीएमओ शिव कुमार यादव, अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी ने उन्हें जीपी एफकी राशि जिन्हें उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान बचत किया था उसकी राशि दो लाख साठ हजार की डीडी प्रदान की।इस अवसर पर पार्षद वंदना दूबे,मेंगनू भैना, नारायण कुर्रे,अजय सिंह राजपूत, पंकज सांवड़िया, ओम प्रकाश कुर्रे, एल्डरमैन कल्पना साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिलासपुर के सिम्स ऑडिटोरियम में 7 जून को होगा कॉग्रेस का संभागीय सम्मेलन

## जिले के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल में दी जानकारी

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



नवंबर 2023 में प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव को देखते हुए राज्य की सत्तारूढ़ दल कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है, वर्तमान में जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस का एकछत्र राज है, तो वही आने वाले चुनाव में अपनी स्थिति और अधिक बेहतर करने की जुगत में लगी कांग्रेस ने अपने पदाधिकारी/ कार्यकर्ताओं को भी एकजुट कर काम में लगाने की योजना बनाई है,जिला कॉग्रेस कमेटी सकती के उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने एक भेंटवार्ता में बताया कि आसन्न विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बिलासपुर संभागीय सम्मेलन का आयोजन आगामी 07 जून 2023 को सिम्स ऑडिटोरियम मेडिकल कॉलेज परिसर सदर बाजार बिलासपुर में सुबह 11 बजे से किया गया है, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश प्रभारीगण डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ एवं समस्त मंत्रीगण छत्तीसगढ़ शासन, समस्त सदस्यगण लोकसभा एवं राज्यसभा तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ के निवासी सचिवगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे,साक्ति शहर कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जायसवाल दादू ने बताया कि सम्मेलन में बिलासपुर संभाग के समस्त विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला प्रभारी पदाधिकारीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण, मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटियो के कार्यकारिणी, समस्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं सभापति, निगम मंडल बोर्ड के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण कृषि उपज मंडी, सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रहने की अपील की है।

# जंगल में दावानल, गोमर्डा अभ्यारण्य के साथ ही सामान्य जंगल में लगी आग

## आग पर काबू पाने विभागीय कर्मचारी मौके पर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



गर्मी के शुरू होते ही जंगल में दावानल की घटनाएं देखने को मिलती है। इस बार जरूर प्रारंभ में मौसम के लगातार करवट लेने के कारण कई जगह जंगल आग से बच गए, लेकिन अब तापमान का पारा लगातार बढ़ते जा रहा है। ऐसे में फिर से जंगल में आग लगना शुरू हो गया। शुक्रवार को सारंगढ़ सामान्य के रोड साईट प्लांटेषन क्षेत्र के अलावा गोमर्डा अभ्यारण्य के रिजर्व फारेस्ट कक्ष क्रमाक 888 पीएफक्षेत्र में भी आग लग गया। मामले की जानकारी लगने बाद वन अमला आग पर काबू पाने के लिया प्रयास शुरू कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को वन अमला को सूचना मिली कि गोमर्डा अभ्यारण्य के कक्ष क्रमांक 888 पीएफ जंगल में आग लगी है। इसके अलावा सारंगढ़ रेंज के प्लांटेशन क्षेत्र में आग फैल गई है। प्लांटेषन क्षेत्र में कई पौधे आग से झुलस गए, तो अभ्यारण्य क्षेत्र में भी आग फैल रहा था। ऐसे में मामले की जानकारी लगते ही विभागीय कर्मचारी आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया था। बताया जा रहा है कि अभ्यारण्य में वन्यप्राणियों की भरमार है, ऐसे में जल्द ही आग पर काबू नहीं पाया जाता है।

# खरसिया पुलिस ने बैनर, पोस्टर और रैली के जरिये नशे से दूर रहने का दिया संदेश



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने को लेकर प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसी अनुक्रम में चैकी खरसिया पुलिस व खरसिया क्षेत्र की विभिन्न महिला समूह द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर संयुक्त रूप से खरसिया शहर में नशा मुक्ति का संदेश देने अभियान चलाया गया। मुहिम के तहत खरसिया पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों, पान ठेला व दुकानों में पोस्टर चिपकाए गये तथा शहर में बैनर के साथ रैली निकालकर आमलोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

मुहिम में खरसिया पुलिस के साथ आमलोगों की अच्छी सहभागिता रही है जिसे देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा स्कूल, कॉलेजों के प्रारंभ होते ही ÷नशा मुक्ति अभियान÷ को और विस्तार किये जाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये गये हैं ।

# संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत पहुंचे विभाष सिंह के घर स्व. शर्तिला सिंह ठाकुर को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। जिसमें प्रदेश के कई मंत्री रायगढ़ प्रवास पर है। इसी क्रम में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत शुक्रवार की सुबह कांग्रेस नेता विभाष सिंह ठाकुर के निवास पहुंचकर उनकी माता स्व. शर्तिला सिंह ठाकुर को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। रायगढ़ शहर के कांग्रेस नेता विभाष सिंह ठाकुर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के खासमखास माने जाते हैं कई मर्तबो उन्हें मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के अलावा अन्य मंत्रियों के साथ कई आयोजनों में शामिल होते आ रहे हैं। गुरूवार को भी रायगढ़ जिले में हो रहे ऐतिहासिक रामायण महोत्सव के बड़े आयोजन के दौरान मंच पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बगल में पूरे समय विभाष को देखा गया। वहीं शुक्रवार की सुबह संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत विभाष सिंह ठाकुर के कोतरा रोड़ स्थित उनके निवास पहुंचकर उनकी माता स्व. शर्तिला सिंह ठाकुर को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

# बचपन से भगवान शिव से गहरा प्रेम : हंसराज रघुवंशी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के दूसरे दिन की कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देने देश के जाने वाले भजन गायक हंसराज रघुवंशी रायगढ़ पहुंचे। कार्यक्रम से पहले उन्होंने शहर के होटल ट्रीनिटी ग्रैंड में पत्रकारों से चर्चा की। शुक्रवार को होटल ट्रीनिटी ग्रैंड में पत्रकारों से चर्चा करते हुए भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने कला नगरी रायगढ़ की जमकर तारीफकरते हुए कहा कि छत्तीसगढ की राज्य सरकार द्वारा ऐसे आयोजनों के जरिये पुरानी संस्कृति को सहेजने की बडी पहल की है। उन्होंने अपने द्वारा गाये हुए एक भजन की लाइन भी पत्रकारों को सुनाकर बताया कि आज के दौर में श्रोता इस प्रकार के भजन सुनते है। हंसराज रघुवंशी ने इस बात को माना कि अलग-अलग कलाकार अपने तरीके से गाये भजनों को रैप व मिक्सींग के जरिये दर्शकों तक पहुंचाते है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा विधानसभा अध्यक्ष से की गई मांग पर हुई पहल

- बाराद्वार में शीघ्र ही खुलेगा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल, जिला शिक्षा अधिकारी ने किया 2 जून को स्थल निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी एवं उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी सहित नगर पंचायत के पार्षदों एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमेनो ने विगत तीनों स्थानीय विधायक तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के बाराद्वार आगमन के दौरान एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बाराद्वार शहर में बच्चों को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय का लाभ दिखवाने नया स्कूल खोलने की मांग की थी जिस पर तत्काल विधानसभा अध्यक्ष महंत ने शहर वासियों तथा जनप्रतिनिधियों की मांग पर जिला कलेक्टर को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए,विधानसभा अध्यक्ष महंत के निर्देशों के परिपालन में 2 जून को शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे बाराद्वार पहुंचे तथा उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ शहर के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया तथा वर्तमान नए शैक्षणिक सत्र से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालय को इसी भवन में संचालित करने पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया तथा भविष्य में उपरोक्त विद्यालय के नए भवन का निर्माण भी आसपास के क्षेत्र में ही करने पर भी सहमति बनी, तथा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने विधानसभा अध्यक्ष महंत का आभार व्यक्त किया है,2 जून को जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष विजय सुरवंशी, कृषि उपज मंडी सक्ति के अध्यक्ष रूमनारायण साहू, प्रेस क्लब बाराद्वार के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुनील जिंदल, नगर पंचायत के पार्षद अजय सिंह राजपूत, शिक्षा विभाग के जिला प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता पिंटू ठाकुर,नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा नेता दीपक ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# कलाकारों को आगे लाने यह आयोजन मिल का पत्थर : लक्खा

**रायगढ़।** देश के जाने माने देवी भजन गाने वाले लखबीर सिंह लक्खा भगवान श्रीराम के नाम से कराये जाने वाले राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जब सरकार द्वारा कराये जाते हैं तो आयोजनों में भगवान के प्रति प्रेम की भावना जन-जन तक पहुंचाने में बडा महत्व होता है।

लखबीर सिंह लक्खा ने कहा कि आज भी भगवान श्री राम की कथाओं को सुनने के लिये भारी भीड़ उमड़ती है।

## लखबिर सिंह लख्खा व बाबा हंसराज रघुवंशी के भजनों पर थिरके श्रोता

# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



भारत के इतिहास में पहली बार छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आयोजित राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के दूसरे दिन देश के जाने माने भजन गायक लखबीर सिंह लख्खा और भगवान शंकर के भक्त तथा प्रसिद्ध भजन सम्राट बाबा हंसराज रघुवंशी के गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया और देर रात तक दस हजार से अधिक दर्शकों ने उनके भजनों को सुना। इस दौरान रामलीला मैदान में उपस्थित जन सैलाब उनके भजनों पर झुमते और थिरकते हुए राम धुन में रम गए।

समारोह के दूसरे दिन इस राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में भजन गायक लखबीर सिंह लखवा ने श्रोताओं से कहा कि प्रभु श्रीराम सबको साथ लेकर चले, आप मेरा साथ दें और राम का नाम लें। उनके अपील पर दर्शकों ने श्रीराम का जय घोष किया। लखबिर सिंह लख्खा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह भव्य आयोजन कर संस्कृति को जोड़ने का काम किया है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। महोत्सव के आयोजन से पूरा रायगढ़ शहर राममय हो गया है। इसके बाद देश के जाने माने भजन गायक बाबा हंसराज रघुवंशी ने अपनी प्रस्तुती दी। उन्होंने शुरूआत से ही अपने भगवान शंकर के नाम से गाये भजनों से ऐसा समां बांधा कि पूरे पंडाल बच्चों से लेकर महिलाएं युवाओं से बुजुर्ग नाचते थिरकते हुए जयकारे के नारे लगाए साथ ही साथ तालियों के साथ रघुवंशी के भजनों का लुत्फ उठाया। मेरा भोला है भण्डारी जैसे प्रसिद्ध भजनों के गायक बाबा रघुवंशी को दर्शकों ने उत्सुकता के साथ सुना और श्रोता उनकी गीतों पर आनंदित होकर झूमने लगे। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने लखबीर लख्खा और बाबा रघुवंशी को रामचरित मानस ग्रंथ की प्रति और राजकीय गमछा भेंटकर सम्मानित किया। इससे पहले इस रामायण महोत्सव में झारखण्ड, असम, बिहार, ओडिसा, कंबोडिया से कलाकारों ने भी अपनी-अपनी शैली में भगवान श्री राम को याद करते हुए सीता हरण व रामायण के अन्य दृश्य का मंचन किया। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम देर रात 12 बजे तक चलता रहा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी थी कि पंडाल के अंदर जहां दस हजार से अधिक श्रोताओं की भीड थी वहीं उससे ज्यादा भीड़ पंडाल के बाहर भी बड़ी स्क्रीन पर इस कार्यक्रमों को देखने के लिये उमड़ी थी। कई बार पुलिस और दर्शकों के बीच झूमाझटकी व धक्कामुक्की देखने को मिली लेकिन चुस्त व्यवस्था के चलते कार्यक्रम देर रात तक सफलता के साथ चलता रहा।

# संयुक्त मंच ने राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर रायगढ़ को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



ट्रेड यूनियन काउंसिल रायगढ़ के संयोजन में विभिन्न जन संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा अखिल भारतीय विरोध दिवस पर 1जून 2023 को राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर रायगढ़ डीआर रात्रे को ज्ञापन सौंपा गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवानों के समर्थन में तथा यौन शोषण के नामजद आरोपी बृजभूषण सिंह के गिरफ्तारी की मांग की तख्ती लिए हुए ट्रेड यूनियन काउंसिल रायगढ़ के उपाध्यक्ष शेख कलीमुल्लाह भारतीय किसान यूनियन रायगढ़ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष फणींद्र प्रधान संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष मदन पटेल छत्तीसगढ़ किसान सभा के अध्यक्ष लंबोदर साव इप्टा रायगढ़ के सचिव भरत निषाद, जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा के गणेश शंकर मिश्रा जनवादी लेखक संघ केअध्यक्ष रमेश शर्मा सहित साथी विष्णु यादव साथी राज कुमार राज साथी वेद प्रकाश अजगले साथी ओम प्रकाश डनसेना साथी हुलस साथी बाबूलाल साहू साथी समय लाल साथी रासबिहारी साथी बसंत चैबे साथी श्याम देवकर कामरेड अनीता नायक कामरेड काजल विश्वास आदि साथी ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे.

# महा जनसंपर्क अभियान में डॉ. सम्पत ने दी एलईडी प्रचार रथ की सौगात

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार के नौ साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलब्ध पर बीजेपी महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में महा जनसंपर्क अभियान को महासमुंद लोकसभा में तेज करते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया। इस अवसर पर अंजय शुक्ला अध्यक्ष बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सच्चिदानंद उपासने, शांतनु शुक्ला प्रदेश मंत्री भाजयुमो, राजेश फरिकार, समीर प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी भाजयुमो, राहुल राव जिला महामंत्री रायपुर भाजयुमो, संचित तिवारी जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण भाजयुमो, संजय जलक्षत्रीय प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अमर बंसल पार्षद रायपुर, स्वामी आत्मा नंद सक्रिय पार्षद वार्ड 39 समेत कई दिग्गज भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थिति थे। यह अभियान 30 जून तक चलेगा।

### डॉ.सम्पत अग्रवाल ने प्रत्येक ग्रामों के भ्रमण के लिए प्रचार वाहन को दिखाया हरी झंडी

**पिथौरा।** बसना विधानसभा वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने केन्द्र के भाजपा सरकार (मोदी सरकार) के नौ साल का कार्यकाल पूरा होने तथा उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने बीजेपी महा जनसंपर्क अभियान के तहत पिथौरा नगर से भाजपा के प्रचार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर बसना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों के भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर समीर मोहंती, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उड़ीसा सांसद महासमुंद चुन्नीलाल साहू, जिलाध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शंकर अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुरंदर मिश्रा, पूर्व राजिम विधायक संतोष पांडे, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रेम शंकर पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल,मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू , मंडल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, मंडल अध्यक्ष माधव साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सहित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ. सम्पत अग्रवाल ने दी एलईडी प्रचार वाहन की सौगात

महा जनसंपर्क अभियान को तेज करते हुए बसना विधानसभा के भाजपा नेता डॉ सम्पत अग्रवाल ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में प्रचार- प्रसार के लिए एलईडी रथ को रवाना किया। यह रथ विधानसभा स्तर में गांव-गांव में भ्रमण कर लोगों को सरकार की उपलब्धियां दिखाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सम्पत अग्रवाल ने कहा कि जन-जन का साथ भाजपा के साथ है। छत्तीसगढ़ में फिर से भाजपा सरकार बनने जा रही है। मोदी सरकार की 09 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार वाहन को रवाना किया गया है।

# भोरिंग के जैतखाम के पास तीन लाख की लागत से बनेगा रंगमंच

## संसदीय सचिव ने की तीन लाख देने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत भोरिंग में नए जैतखाम के पास तीन लाख की लागत से रंगमंच का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर विधायक निधि से तीन लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। जिस पर समाज के लोगों ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर का आभार जताया है। आज शनिवार को कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष हीरा बंजारे व जनपद सदस्य सत्यभान जेंड्रे के नेतृत्व में सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत भोरिंग के नए जैतखाम के पास रंगमंच निर्माण, नए सामुदायिक भवन में आहाता निर्माण, डा भीमराव अंबेडकर, गौतम बुद्ध व नकुल देव ढीढी की आदमकत प्रतिमा स्थापित कराने व सर्वसुविधायुक्त भवन सह पुस्तकालय निर्माण की ओर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने तत्काल रंगमंच निर्माण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। वहीं अन्य मांगों पर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। इधर राशि की घोषणा पर कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष हीरा बंजारे व जनपद सदस्य सत्यभान जेंड्रे, मनीष ढीढी, अभिषेक नेहरू, अनुज नेहरू, मंजीत कौल, इंद्रजीत ढीढी, रामेश्वर बंजारे, आर्यन डहरिया, विष्णु टंडन, अजय कुमार, विनोद जोशी, रामकुमार, रोहित ढीढी, मोहित कुमार, सौरभ सोनवानी, घनश्याम, अनिल ढीढी, प्रकाश टंडन आदि ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है।

### कछारडीह में निर्माण के लिए दो लाख की घोषणा

ग्राम पंचायत कछारडीह के पंचायत प्रतिनिधियों ने संसदीय सचिव चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आदिवासी भवन के साथ ही देवगुड़ी में आहाता निर्माण की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने विधायक निधि से दो लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। राशि की घोषणा पर सरपंच हीरा साहू, गीता साहू, मनोहर साहू, चमेलीबाई धृतलहरे, पुष्पा बाई केवर्त, ललिता बाई, जमुनाबाई पटेल, प्रदीप यादव, भारती यादव, महेंद्र दीवान, मंजू दीवान, पीलाराम ध्रुव, ताराबाई ध्रुव, लक्ष्मी ठाकुर, संतोषी पटेल, धीरसिंग खड़िया आदि ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है।

# भीषण ट्रेन हादसा में जान गंवाने वालों को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने नेहरू चौक में ओडिशा के बालासोर में कल शाम हुई भीषण ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। साथ ही महिलांग ने इस हादसे में अपनों को खो चुके शोक संतप्त परिवारों के लिए इस वेदना को सहने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की। श्रद्धांजलि देने वालों में संटू आजमानी, पूर्व पार्षद कपिल साहू, आरिश अनवर, जितेन्द्र महंती, नौशाद बक्श, मेहुल सूचक सहित नागरिकगण मौजूद रहे।

# संसदीय सचिव के प्रयास से मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स की भर्ती

## पहले चरण में बीस स्टॉफनर्स के पदों पर हुई भर्ती, मरीजों को समय से दवाएं और इंजेक्शन मिल सकेंगीं

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से मेडिकल कॉलेज महासमुन्द में स्टॉफ नर्स की भर्ती शुरू हो रही है। पहले चरण में करीब 20 स्टाफ नर्स की भर्ती की जा चुकी है। जिस पर नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन मेडिकल कॉलेज महासमुंद के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।यहां यह बताना लाजिमी होगा कि पिछले दिनों नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन मेडिकल कॉलेज महासमुंद के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर स्टॉफनर्स की भर्ती की ओर ध्यानाकर्षित कराया था। इस दौरान उन्होंने बताया था कि मेडिकल कॉलेज महासमुन्द में नियमित पद पर अभी तक एक भी स्टॉफ नर्स की नियुक्ति नहीं की गई। लिहाजा पदोन्नति में आई 31 नर्सिंग सिस्टर व जिला हॉस्पिटल की 45 स्टॉफ नर्स मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था संभाल रही हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग सिस्टर को दबावपूर्वक पद के विरुद्ध अतिरिक्त एमआरडी, डाटा, कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे अतिरिक्त कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने महासमुन्द मेडिकल कॉलेज में स्टॉफनर्स की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू कराए जाने की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने इस दिशा में उचित पहल करने का आश्वासन दिया था। इधर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर के प्रयास से मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ नर्स की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण में करीब बीस स्टॉफ नर्स की भर्ती की जा चुकी है। जिस पर नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन मेडिकल कॉलेज महासमुंद के अध्यक्ष जयलक्ष्मी, उपाध्यक्ष विद्या देवांगन, सचिव इंद्रा दुग्गा आदि पदाधिकारी संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर से मुलाकात कर स्टाफ नर्स की भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रयास करने पर आभार जताते हुए कहा कि अब यहां बेहतर सुविधा मुहैया कराने में आसानी हो सकेगी। इधर संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज महासमुंद में व्यवस्था सुधारने व सुविधाएं मुहैया कराने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। बीस स्टाफ नर्स को मिलाकर यहां अब 58 स्टॉफनर्स की ड्यूटी होने से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को निश्चित रूप से लाभ मिल सकेगा। मरीजों को समय से दवाएं और इंजेक्शन मिलेगी।

# डॉ. चरणदास महंत ने संत कबीरदास जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**तिनका कबहुं ना निन्दिये, जो पांवन तर होय,**
**कबहुं उड़ी आंखिन पड़े, तो पीर घनेरी होय।**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेशवासियों को संत कबीर दास जी की जयंती के अवसर पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। अपने संदेश में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, सतगुरु कबीर दास जी की गणना विश्व के महान संतों में होती है। भारतीय संस्कृति के गहनतम ज्ञान को सरलतम शब्दों में अपने दोहे एवं साखियों के माध्यम से कबीरदास जी ने हमे समझाया। कबीरदास जी की साखी और दोहे हमारे जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं और हमें जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं। कबीरदास जी की रचनाएं मानव मन को सीधे प्रभावित करती है। इन रचनाओं में व्यक्त होने वाली शुद्ध-हृदयता, सामाजिक समरसता तथा सबसे बढ़कर सात्विक जीवन शैली को अपनाने की प्रेरणा उन्हें आदर्श मानव जीवन के सफल निर्माता के रूप में स्थापित करती हैं। विस् अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि कबीरदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं आवश्यकता इस बात की है कि हम उनके द्वारा स्थापित सामाजिक मूल्यों को मन, वचन और कर्म से आत्मसात् कर जन-कल्याण को ही जग-कल्याण समझें।

# राजा साहब पहुंचे बरपेलाडीह, कबीर दास के प्राकट्य दिवस के अवसर पर

## कबीर चौरा हेतु एक लाख रुपए देने की घोषणा



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

संत कबीर दास जी के 626 वें प्राकट्य दिवस के कार्यक्रम में बरपेलाडीह बसना विधानसभा के विधायक एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राजा देवेन्द्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान ग्रामीणों ने जुलुस निकाल कर एवं पटाखे फोड़कर गाजे-बाजे के साथ विधायक जी का स्वागत किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजा साहब ने कबीर चौरा बनाने 1 लाख रुपए देने की घोषणा की ,जिसका समाज ने जय-जयकार कर विधायक राजा साहब का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता मनजीत सिंह सलुजा, तौकीर दानी, इश्तियाक खेरानी, इश्तु तनवीर सईद, भोलसींग सिदार ,रवि कश्यप, महेंद्र नायक, सफेद बाघ, श्याम पटेल, जगमोहन पटेल, विद्या पटेल, सेवक दास दिवान, तुलसीदास, प्रेमदास मानिकपुरी ,सहित मानिकपुरी समाज एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# प्रख्यात गणितज्ञ और शिक्षाविद्, पद्म आनंद कुमार द्वारा कलिंगा विश्वविद्यालय में सारगर्भित उद्बोधन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलिंगा विश्वविद्यालय, को सुपर 30 के संस्थापक पद्म आनंद कुमार को अपने परिसर में मेजबानी करने का सम्मान मिला। आनंद कुमार आज दोपहर को रायपुर परिसर में पहुंचे, और हवाई अड्डे पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. जैस्मीन जोशी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आनंद कुमार के परिसर में आगमन पर कुलपति- डॉ. आर श्रीधर, महानिदेशक- डॉ. बायजू जॉन, और विश्वविद्यालय के डीन और विभागाध्यक्षों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। डीन और विभागाध्यक्षों के साथ हाई टी पर एक इंटरैक्टिव सत्र के दौरान, पद्म आनंद कुमार ने शिक्षण की महान प्रकृति पर जोर दिया। उन्होंने अपने छात्रों के प्रति प्रेम, समर्पण और समझ की भावना को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला, इस प्रकार प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत बन गया। आनंद कुमार ने आगे जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति के साथ, ऑनलाइन शिक्षण अगले 20 वर्षों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने शिक्षकों को डिजिटल युग में अपनी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए नवीनतम ऑनलाइन शिक्षण उपकरणों और तकनीकों के साथ खुद को लगातार अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलिंगा विश्वविद्यालय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, आनंद कुमार ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता में वास्तव में उत्कृष्ट है। उन्होंने कल के कर्णधारों के चरित्र निर्माण में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कलिंगा विश्वविद्यालय में आनंद कुमार की यात्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशाल अनुभव से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक उल्लेखनीय अवसर प्रदान किया। परिसर में उनकी उपस्थिति ने निस्संदेह उन सभी पर एक अमिट प्रभाव छोड़ा है जिन्हें उनके साथ बातचीत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। कलिंगा विश्वविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत है और अपने छात्रों के लिए एक समावेशी और गतिशील शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य मध्य भारत में एक शीर्ष शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करना है, नवाचार, अनुसंधान और समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

# हितग्राहियों को बिना भेदभाव के मिल रहा है केंद्र की योजनाओं का लाभ : ओमप्रकाश जोशी

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को नवागढ़ में संपन्न हुई । जिला कार्यसमिति बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, एससी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मालिकराम सोनवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे एवं जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी नें पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहली बार शोषित पीड़ित एवं अनुसूचित समाज के लोगों को बिना भेदभाव के मिल रहा है यही एक ऐसी पार्टी है जहां बिना भेदभाव के कार्य के आधार पर राष्ट्रपति पद तक पहुंचा जा सकता है । उन्होंने कहा कि अनुसूचित मोर्चा के सभी कार्यकर्ता आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव में नवागढ़ सहित जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा की जीत के लिए कमर कस के लग जाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष सोनवानी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन की गतिविधियों में सक्रियता से कार्य करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार अनुसूचित जाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है, किंतु प्रदेश सरकार दुर्भावनावश योजनाओं को प्रदेश में क्रियान्वित नहीं कर रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास दीवान ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा का नवागढ़ क्षेत्र की राजनीति में अहम भूमिका है। मोर्चा के दर्जनों नेता पूरे नवागढ़ क्षेत्र में विगत साढ़े 04 वर्षो से जनसेवा कर रहे है, निश्चित ही इसका परिणाम देखने को मिलेगा और विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दयावंत बांधे ने कहा कि प्रदेश की सरकार बनने में अनुसूचित जाति वर्ग का विशेष योगदान है, किंतु प्रदेश सरकार इस वर्ग के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है। मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी ने पिछले संगठन द्वारा किए गए कार्यक्रमों व प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति विरोधी नीतियों के खिलाफ किए गए धरना प्रदर्शन की जानकारी दी।

# जरिया-ए-रिश्ता द्वारा राज्य स्तरीय मुस्लिम परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय मुस्लिम परिचय सम्मेलनऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की ज़रिया ए रिश्ता इकाई के द्वारा शहीद स्मारक भवन रायपुर में 17/06/2023 को 11 बजे से राज्यस्तरीय मुस्लिम परिचय सम्मेलन करने जा रही है । जिसमें कुंवारों के साथ-साथ बेवा, तलाकशुदा, बड़ी उम्र के लड़के लड़कियों को भी शामिल किया जाएगा। फाउंडेशन 2015 से जरिया-ए-रिश्ता चला रही है। ज़रिया ए रिश्ता के अंतर्गत पूर्व में 5 बार सफल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा चुका है । फाउंडेशन अब तक 500 से अधिक जोड़ें बना चुकी है। और यह पहला अवसर है कि परिचय सम्मेलन को राज्यस्तरीय किया जा रहा है । बाहर जिले से आने वाले परिवारों के लिए खास व्यवस्था की गई है। फाउंडेशन में हर उम्र के (18 से 50 साल तक) लड़के-लड़कियां एवं बेवा, तलाकशुदा का बॉयोडाटा उपलब्ध है। और आज पूरे छत्तीसगढ़ में बड़ी सरलता से Online - amwfoundation.in के माध्यम से हर मुस्लिम परिवार तक अपनी सेवाएं पहुंचा रही है । फॉउंडेशन और कई नेक कामो को अंजाम दे रही है इसका मकसद सिर्फ ख़िदमत ए ख़ल्क़ करना है।

# आप पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी 2 जुलाई को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में महारैली करने जा रही है जिसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल , पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सांसद संदीप पाठक व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी दिल्ली के बुराड़ी विधानसभा से विधायक संजीव झा शिरकत करेंगे, आम आदमी पार्टी ने इस रैली में एक लाख लोगो को जुटाने का लक्ष्य रखा है, महारैली की तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश के सभी विधानसभाओं में महारैली की तैयारियों को लेकर लगातार बैठको का दौर जारी है इसी कड़ी में महासमुंद और खल्लारी विधानसभा में प्रदेश सह प्रभारी एवं पंजाब के विधायक हरदीप मुंडिया के अगुवाई में आम आदमी पार्टी की बैठक संपन्न हुई जिसमें महारैली की तैयारियों को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गए, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, सर्कल अध्यक्ष डोर टू डोर जाकर लोगों को रैली में जाने के लिए आमंत्रण देंगे, बैठक में मुख्य रूप से पंजाब के आप विधायक हरदीप मुंडिया की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ जहाँ पर मुंडिया द्वारा बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेन्द्र साहू को टोपी पहना कर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चन्द्राकर, प्रदेश सह सचिव अभिषेक जैन, संतोष चन्द्राकर, संजय यादव,परितोष शर्मा,राकेश झाबक, सकील खान, कैलाश जैन, महेन्द्र साहू,आशिस वाकडे, पूनाराम निषाद, कादिर चौहान, मधु यादव, विकाश कुमार, रामदयाल पटेल, गौतम नेताम, डोंगर सिंह चक्रधारी,मीनाक्षी ठाकुर, नीलम ध्रुव, कोमल खुसरो, तुलूराम ध्रुव, रामदास निषाद, अगेश्वर यादव, केशव पटेल,मुकेश कुर्रे, विकास कुमार ,राजेश यादव,रेखा ढीढी, रेखा देशमुख,रतन कुमार,राकेश जैन, पंचराम सेन, हेमलाल साहू, पुरषोत्तम,कमल साहू आदि आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ता शामिल थे।

# प्रदेश में जंगलराज केवल जंगल में ही नहीं शहरों में भी कायम है : कौशिक

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने अपराध की स्थिति पर जताया आक्रोश


पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि हरियाली से चादर ओढ़े हमारे छत्तीसगढ़ की प्रकृति में जहर सा घुल गया है। कांग्रेस के सत्ता में आने से पहले प्रदेश की इतनी भयानक स्थिति नहीं थी। प्रदेश भर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों तरह-तरह के अपराध की किस्से पड़े हुए है, अपराध की घटनाएं इतनी है कि पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रहे हैं। कांकेर जिले में हुए दंपती के हत्या की घटना यह साफ बंया कर रहा है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ बिलकुल भी नहीं रहा है। अपराधी दंपती की खुलेआम घर घुस कर हत्या करके नाबालिग बच्ची को लेकर फरार हो जाता है और पुलिस केवल हाथ पर हाथ धरे बैठे हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2003 से पहले की जंगलराज की स्थिति एक बार फिर कायम हो चुकी है। जंगलराज अब केवल जंगलो में नहीं शहरों में भी कायम हो चुका है। राज्य की कुछ पुलिस पीसीसी के सदस्य हो चुके है याने पी पुलिस, सी कांग्रेस, सी कमेटी। जिन्हें जनता की जान नहीं बल्की सरकार की चेहरे पर खुशी प्यारी है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में अपराध की घटनाएं घट रही है। शांत प्रदेश अशांत प्रदेश बन चुका है। आखिर प्रदेश की सरकार और पुलिस कानुन व्यवस्था को लेकर किस तरह का कदम उठाया जा रहा है। उन्हांने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद प्रदेश की पुलिस आज जितनी बेबस लाचार है उतनी कभी नहीं रही वजह है कांग्रेस की लापरवाही। हत्या, चोरी, बलात्कार, तस्करी और नशाखोरी इस मात्रा में बड़ी हुई है कि आम लोगों का अब जीना दूभर हो गया है। अपराधी अपराध करके फरार हो जाते हैं और पूलिस का कोई अता-पता नहीं है। पुलिस के जानकारी के बाद पुलिस केवल औपचारिकता के लिये कार्यवाही करती है।

# ईडी के द्वारा छत्तीसगढ़, झारखंड के मुख्यमंत्रियों के नाम लेने का दबाव का आरोप बेहद गंभीर : सुशील

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री और सरकार की छवि खराब करने ईडी कर रही षडयंत्र। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी द्वारा गिरफ्तार व्यवसायी अनवर ढेबर के बाद ईडी द्वारा गिरफ्तार किये गये अधिकारी एपी त्रिपाठी ने भी अदालत से कहा कि ईडी छत्तीसगढ़ और झारखंड के मुख्यमंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के बेटे का नाम का नाम लेने के लिये दबाव बना रही है। एक अन्य आरोपी पप्पू ढिल्लन ने भी अदालत में आवेदन देकर इसी प्रकार की बात कही है कि ईडी मुझ पर मुख्यमंत्री के बेटे का नाम लेने दबाव बना रही है। ईडी पर लगे यह आरोप बेहद ही गंभीर है। इन आरोपियों के द्वारा अदालत में किया गया खुलासा इस बात का प्रणाम है कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार को बदनाम करने परेशान करने की नीयत से ईडी को भेजकर गलत छापेमारी की कार्यवाही करवाई गयी है। छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्यवाही शुरू से संदिग्ध रही है पहले भी अनेक व्यपारियों, अधिकारियों ने ईडी पर प्रताड़ना और जबरिया हस्ताक्षर का आरोप लगाया है तथा ईडी की कार्यप्रणाली से यह आरोप लगते रहा है कि ईडी भाजपा के राजनैतिक उद्देश्यो को पूरा करने के लिये ईडी का दुरूपयोग कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों के खुलासे प्रजातंत्र के लिये घातक है। सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना चाहिये। प्रधानमंत्री मोदी ईडी पर लगे आरोपों का सार्वजनिक जवाब दें।

# बंद रही फ्लड लाईट्स तो मैच में पड़ा खलल, स्टेडियम छोड़कर घर लौटे दर्शक

## विदर्भ ने उत्तर प्रदेश को हराकर सेमीफायनल में जगह बनाई, नई दिल्ली ने राजस्थान को एकतरफा मुकाबले में हराया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता को प्रबंधन की खामियों और अव्यवस्था के चलते आलोचना झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार को आयोजन के दौरान तकरीबन डेढ़ घंटे तक चार में से दो फ्लड लाईट्स बंद होने के चलते मैच में खलल पड़ा। भरी गर्मी में मैच देखने जुटे खेलप्रेमियों को निराश होकर घर लौटना पड़ा। ललित यादव की घातक गेंदबाजी और शुभम दुबे, हेमंत राठौर की शानदार बल्लेबाजी के चलते विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को एकतरफा मुकाबले में 91 रनो से हरा कर 18वीं रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी 20 फ्लडलाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के पूल बी से सेमीफायनल में जगह बना ली है। एक अन्य मैच में एलबी शास्त्री नई दिल्ली ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 4 विकेट से असानी से पराजित कर दिया। इस टूर्नामेंट में ओडिसा व



छत्तीसगढ़ स्टेट की टीमें पहले ही सेमीफायनल में पहुंच चुकी है। रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन खेले गए पहले मैच में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने उत्तरप्रदेश को 91 रनो से मात दी। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए उसके ओपनर बल्लेबाज अर्थव टाइडे व हेमंत रौठार के 85 रन पहले विकेट की साझेदारी में जोड़े। विदर्भ ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खो कर 186 रन बनाए। उत्तर प्रदेश कि टीम विदर्भ के 186 रनो का पीछा नहीं कर पाई और उसके बल्लेबाज जल्दी जल्दी आउट होते चले गए। पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खो कर 95 रन ही बना पाई। विदर्भ की ओर से सबसे घातक गेंदबाज ललित यादव ने की जिन्होने 4 ओवर में 15 रन देकर 5 विकेट लेते हुए उत्तर प्रदेश की कमर तोड दी। दूसरे खेले गए असान मैच में एलबी शास्त्री अकादमी नई दिल्ली ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 4 विकेट से हराया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। लेकिन उनकी कमजोर बल्लेबाजी ने टीम को पीछे धकेल दिया। राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 155 रन ही बना सकी। हर्ष वैष्णव ने 42 रन व दीपक ने 33 रन बनाए। नई दिल्ली की ओर से कुमार कार्तिक, मोहित ने 2-2 विकेट व विवेक,नितिन,यथार्थ ने 1-1 विकेट लिए। राजस्थान के 155 के जवाब मे नई दिल्ली की टीम ने 19.3 ओवर में 6 विकेट खो कर 158 रन बना कर 4 विकेट से मैच अपने पक्ष में कर लिया! नई दिल्ली की ओर से सुमीत चिकारा ने 54 रन व अर्णव बुग्गा ने 38 रन बनाए। राजस्थान की टीम अपने दोनो मैच हार कर स्पर्धा से बाहर हो गई है।

### फ्लड लाईट बंद होने पर रुका मैच

शुक्रवार को खेले जा रहे मैचों के दौरान दो फ्लड लाईट्स बंद होने की वजह से खेल काफी देर तक प्रभावित रहा। भरी गर्मी में इंतजार करना खेलप्रेमियों को भी नागवार गुजरा और वे घर लौटते रहे। क्रिकेट स्पर्धा के आयोजन में तब खलल पड़ा जब दूसरे मैच के दौरान अचानक दो विपरित दिशाओं की फ्लड लाईट अचानक बंद हो गई। रौशनी कम होने के चलते मैच रोक दिया गया। तकनीकी दिक्कतों का हवाला देते हुए आयोजकों ने सुधार में एक घंटे का वक्त लगने की बात कही। लेकिन इससे कही ज्यादा वक्त इसमें लगा। खेलप्रेमी मैदान से घर की और लौटते रहे। लंबे समय के बाद मैच दोबारा शुरु हो सका।

# मंदिर निर्माण के विवाद से टूटा है सार्वजनिक मंच

## सरपंच द्वारा लगाए गए आरोप निराधार: ठेकेदार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्हनीभाठा में सार्वजनिक मंच को तोड़े जाने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। सरपंच द्वारा मुख्यालय में प्रेसवार्ता करके ठेकेदार पर निर्माणाधीन सार्वजनिक मंच को जेसीबी मशीन से ढहा देने का आरोप लगाया था। अब ठेकेदार ने प्रेसवार्ता करके सरपंच देवसिंग साहू पर मन्दिर के नाम मंच निर्माण कराने के बाद भुगतान रोक देने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है मार्च में बम्हनीभाठा में सार्वजनिक मंच तोड़े देने का मामला सामने आया था। इस मामले में सरपंच द्वारा ठेकेदार पर मंच तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस से लेकर एसडीएम व कलेक्टर तक शिकायत की गई है। हालिया दिनों सरपंच ने विधानसभा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रें स लेकर ठेकेदार राजेश सोनकातर पर आरोप लगाते हुए शिकायत पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई नही किये की बात कही गई थी। अब ठेकेदार राजेश सोनकातर ने




प्रेसवार्ता लेकर सरपंच द्वारा उन्हें धोखे में रखकर मंदिर निर्माण की आड़ में सार्वजनिक मंच निर्माण कराने के उपरांत भी भुगतान नही करने का आरोप लगाया है। हालांकि ठेकेदार ने मंच तोड़े जाने की बात स्वीकारते हुए भुगतान रोकने एवं पूर्व के मटेरियल के लेनदेन का हिसाब भी रोक देने की वजह से ही निर्माण ढहाने की बात कही है।

### ऐसा है मंच और मंदिर का मामला

ठेकेदार ने प्रेसवार्ता में बताया कि सरपंच का आरोप निराधार है। सरपंच द्वारा उसे शनि मंदिर निर्माण करने की बात कहकर सार्वजनिक मंच निर्माण कराया है। सरपंच के कहने पर ही उन्होंने निर्माण के लिए पूरा मटेरियल और मजदूरी का व्यय किया था। मार्च महीने में सरपंच से हिसाब करके भुगतान की मांग की, तब सरपंच द्वारा अपनी पत्नी को सामने रखकर गालीगलौज कर झूठे मामले में फंसाने धमकी देने की बात कही।

# पैसा तीन गुना करने के लालच में फंसे, ठग ने 5 लाख की चपत लगाई

## आरोपी के बैंक अकांउट में 1 लाख रूपये को कराया गया सीज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रकम तीन गुना होने की लालच में फंसे एक व्यक्ति को ठग ने 5 लाख की चपत लगा दी। लालबाग थाने में शिकायत दर्ज किए जाने के बाद आरोपी युवक को महाराष्ट्र के जलगांव जिले से गिरफ्तार कर लाय गया है। पुलिस ने बताया कि पेंड्री निवासी कृष्णकांत दुबे बीते फरवरी माह से जिला जलगांव निवासी अमित कुमार सेठ (30) के संपर्क में थे। आरोपी ने उन्हें एक वाट्सएप्प ग्रुप में जोड़ा था जिसका नाम कुबेर मॉल/क्लब था। उसने पीड़ित को झांसे में लिया और बताया की उनके निवेश की रकम तीन महिने में तीन गुना हो जाएगी जिसके उन्हें एक



आईडी लेनी होगी और रकम का निवेश करना होगा। झांसे में आकर पीड़ित ने 10 हजार का भुगतान कर 5 लाख की आईडी ली और समय समय पर यूपीआई पेमेंट कर रकम डालते रहे। मियाद पूरी हो जाने के बाद भी जब रकम नहीं आई तो पीड़ित ने आरोपी से संपर्क किया। पहले तो उसे गोलमोल जवाब मिले लेकिन बाद में किसी ने जवाब देना भी बंद कर दिया। अंततः उन्होंने लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टीम रवाना की ओर महाराष्ट्र के जलगांव जिले के जिल्हा पेठ थानाक्षेत्र से आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। यहां लाने के बाद आरोपी से पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार किया है।

# गौठान में हल्दी, अदरक, जिमीकंद व रागी का उत्पादन

## गौठान से महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर : क्रांति बंजारे

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

महिला समूह से जुड़ी महिलाएं गौठान से कमाई कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहीं हैं। डोंगरगढ़ विधानसभा के ग्राम बघेरा के गौठान ने महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिए हैं। एआईसीसी मेंबर व भारतयात्री क्रांति बंजारे ने ग्राम बघेरा के गौठान में संचालित गतिविधियों वाकिफहैं। इस दरम्यान महिला समूह की महिलाओं से रूबरू हुईं। गौठान का जायजा लेने पहुंची श्रीमती बंजारे ने कहा कि गौठान आर्थिक गतिविधि का केंद्र बन चुका है। गौठानों में सुचारू रूप से गोबर क्रय का कार्य किया जा रहा है तथा विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधि भी संचालित की जा रही है। सहायता समूह की महिलाएं न केवल वर्मी कंपोस्ट खाद बना रही है, बल्कि उसके विक्रय से अच्छी खासी आमदनी भी प्राप्त कर रही है। मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह की



सदस्य गायत्री धुर्वे, मालती साहू, शगुन साहू ने बताया कि बागवानी में रागी, हल्दी, अदरक, जिमीकंद की फसल ली जा रही है। वहीं सिलाई मशीन से कोषा के धागे निकाल रही है।
गौठान की महिलाएं बोरी निर्माण, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, जैसे अनेक रोजगार का साधन व रोजगार कर अपनी अपनी पैरो पर खड़ी हैं। नारी शक्ति स्व सहायता समूह, ओम नमः शिवाय स्व सहायता समूह व अन्य समूह के महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। गौठान में करीब 250 महिलाओं को हाथों हाथ रोजगार मिल रहा है। बंजारे ने कहा कि गौठान से जुड़कर वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही है।

# चरम सीमा पर भ्रष्टाचार : मधुसूदन यादव

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आए दिन एनीकट के गेट तोडऩा, खोलना नदी की दिशा बदलना या फिर एनीकट की चाबी ही जनप्रतिनिधि द्वारा अपने घर में रख लेने की संस्कृति पर पूर्व सांसद और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने सवाल खड़े करते लालच की परिकाष्ठा बताया है। रेत तस्करों द्वारा आधी रात को एनीकट से पानी बहाना, उसके बाद हाईवा की अंधी रफ्तार में निर्दोष यात्रियों को कुचलने से लेकर सरकार को राजस्व की हानि, टैक्स चोरी, प्रकृति से छेड़छाड़ सडक़ों की दुर्दशा, ग्रामीणों के घर की टूट-फूट सभी को आपस में जोड़ते हुए न सिर्फ भ्रष्टाचार का चरम सीमा वरन पर्यावरण को हो रहे नुकसान के



साथ ही आने वाली पीढ़ी के लिए घातक बताया है। यादव ने कहा कि मोहारा एनीकट के गेट खुलने के उपरांत विधानसभा डोंगरगांव क्षेत्र से पानी खाली होने, एक सप्ताह पूर्व सांकरदहरा एनीकट का गेट खुलने के उपरांत पीछे विधानसभा खुज्जी का पानी खाली करना और उसके बाद विधानसभा मोहला-मानपुर में तो अवैध पत्थर और रेत खनन क्षेत्रवासियों के लिए इतनी आम घटना हो गई है कि नदी की दिशा मोड़ देना, जंगल के वृक्षों की जड़ तक खुदाई की खबर को वहां की जनता अपनी दिनचर्या में शामिल कर चुकी है।

# 330 आवेदक पात्र, पहले 29 और अब 20 को मिला आवास

## शेष को राशि जमा उपरांत मिलेगा योजना का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मोर मकान - मोर आवास योजना के तहत प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 2 जून को नगर निगम सभागृह में सुबह 11.30 बजे निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी यूके रामटेके, समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 20 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 29 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है। नोडल अधिकारी रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 630 आवेदन प्राप्त हुए थे, प्राप्त आवेदन में से पात्र 330 आवेदकों की सूची जारी की गयी



थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 29 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था और 20 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है। इसके अलावा उपरोक्त पात्र सूची में से आवेदकों द्वारा परियोजना अनुरूप राशि जमा किए जाने उपरांत 10 या 10 से अधिक हितग्राही पाये जाने पर लाटरी की प्रक्रिया कर निरंतर आवास आबंटन किया जाएगा।

इस अवसर पर योजना के राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, योजना के सीएलटीसी सोनम पालिया, अंकुर मिश्रा व ललित मानकर सहित हितग्राही उपस्थित थे।

# बेरोजगारों को भत्ते से मिलेगा संबल : रूबीना

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश की भूपेश सरकार की बेरोजगारी भत्ता वाली योजना की सराहना करते छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी की सदस्य डॉ. रूबीना अल्वी ने कहा कि यह योजना बेरोजगारों को संबल देने वाली है। इससे युवाओं को स्वयं को स्थापित करने का बेहतर अवसर मिल सकेगा।
डॉ. अल्वी ने कहा कि समाज में हर वर्ग के लोग रहते हैं। कुछ लोग मजदूरी करते हैं तो कुछ लोग खेती-किसानी। कई लोग छोटा-मोटा व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। सभी की



आर्थिक स्थिति एक समान नहीं होती। इन परिवारों के युवाओं को लगता है कि माता-पिता ने उन्हें पढ़ा-लिखा तो दिया, लेकिन वे अब माता-पिता पर आश्रित हैं। ऐसे युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ते के रूप में मिलने वाली 2500 रुपए की राशि उनके लिए बड़ा सहारा साबित होगी। इस राशि से प्रतियोगी परीक्षा के लिए वे किताब खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने व्यापम, पीएससी की परीक्षाओं में युवाओं की परीक्षा फीस माफकर दी है। इससे इन परिवारों का आर्थिक बोझ कम हुआ है। सरकार द्वारा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार और रोजगार के लिए तैयार हो सके।
रीपा में छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों के जरिये रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने हितग्राही युवाओं से आग्रह किया कि प्रशिक्षण में शामिल होकर नया कार्य सीखें तथा शीघ्र ही रोजगार प्राप्त करें। अपने लक्ष्य व कैरियर के प्रति समर्पित होकर तैयारी करें।



### सड़क पर भैंसों का संकट

राजनांदगांव। शहर के मध्य व्यस्ततम महावीर चौक में सड़क पर भैंसे मंडरा रही है। आवाजाही के लिहाज से बेदह महत्वपूर्ण इस मार्ग पर ये कोताही चिंतनीय है। ये हालात तब है जबकि यहां पूरा दिन यातायात अमला मौजूद रहता है। ऐसी स्थिति में मवेशी मालिकों पर कार्रवाई भी आवश्यक महसूस होती है।

# भाजपा नेताओं के लिए एनएसयूआई नेताओं ने हवन किया, फिर पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में भगवान से प्रार्थना कर भाजपा नेताओं को सद्बुद्धि देने हवन किया। साथ ही भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का पुतला दहन किया।
एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमर झा ने बताया कि देश के लिए कई पदक जीत चुके पहलवान आज महीनों से सडक़ पर हैं। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद



बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए लगातार दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना कर रहे हैं। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। देश की जानता बृजभूषण सिंह को गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इस दौरान नेहा वैष्णव, साहिल वर्मा, साहिल सागर, उज्जवल निर्मलकर, शिशिर सिन्हा, दीपक सोनकर, दीनबंधु यदु, युगल साहू, यमन शांडे, तिलक साहू, पार्थ गेंद्र, देवेंद्र चंद्रकार, गीतेश साहू, रूपम तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 5 को आयोजित होगा सम्मेलन, आएंगे सीएम

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग संभाग स्तरीय सम्मेलन 5 जून को राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय यादव और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। शनिवार को पत्रकारवार्ता में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन स्थानीय गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में 5 जून को आयोजित किया गया है। पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश प्रवक्ता शिवम चौधरी के मुताबिक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संयुक्त सचिव व छग प्रभारी विजय जांगिड़ के निर्देश पर उक्त सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेश के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चावलेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू द्वारा दिल्ली में कैप्टन अजय यादव समेत अन्य नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

# 3 स्थाई वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

**राजनांदगांव।** कोतवाली पुलिस ने 3 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। तीनों वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया। जिले में लंबित स्थाई वारंटों की तामिली के लिए लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना द्वारा गठित टीम मुखबीर लगाकर वारंटियों की लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इसी क्रम में 2 जून को कोतवाली थाना टीम स्थाई वारंटियों की तामिली के लिए राजनांदगांव शहर सहित देहात रवाना हुए थे। अंजली सिंह के माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राजनांदगांव न्यायालय के प्रकरण के फरार स्थायी वारंटी सूरज साहू 35 साल निवासी खैरागढ़ रोड वार्ड नं. 5 ओपी चिखली राजनांदगांव, प्रकरण के फरार स्थायी वारंटी दुर्गेश पटेल 27 साल निवासी लखोली बैगापारा एवं अंकिता तिग्गा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला दुर्ग प्रकरण एनआईएक्ट के फरार स्थायी वारंटी डेहरलाल साहू 50 साल निवासी इंदावानी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त तीनों वारंटी विगत 4-5 वर्षों से फरार थे। उपरोक्त स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने के लिए थाना कोतवाली गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार वारंटियों के पतासाजी एवं मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## कबड्डी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए युवा आयोग अध्यक्ष

# खेलों को स्वास्थ्य के लिहाज से भी प्राथमिकता देनी चाहिए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुम्हालोरी में न्यू स्टार कबड्डी क्लब द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र उदय मुदलियार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। यहां युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि - खेल गतिविधियों को नज़र अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ये शरीर और मन को साधे रखने की एक साधना ही है। 21वीं सदी की जीवनशैली में स्वास्थ्य के लिहाज से ये योग की तरह ही है जिसके कई फायदे हैं। अब तो हमारी सरकार भी खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में नवाचार कर रही है। ग्राम कुम्हालोरी में आयोजिक कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल



होने पहुंचे युवा आयोग अध्यक्ष का आयोजक समिति व ग्राम के युवाओं ने स्वागत किया। मुदलियार ने कहा कि ङ्क अब हमारे पारंपरिक खेलों को भी मंच मिलने लगा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत कर हर उम्र वर्ग के लोगों को इससे जोड़कर नवाचार स्थापित किया है। पहले ही सत्र में प्रदेश के हजारों हजार महिला-पुरुष, युवा, बच्चों ने इस खेल में हिस्सा लिया। आगे भी ये क्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ङ्क खेलों को स्वास्थ्य के लिहाज से भी प्राथमिकता देनी चाहिए। मुख्य अतिथि रहे युवा आयोग अध्यक्ष मुदलियार ने यहां विजेता टीमों को पुरुस्कार बांटा। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान ग्राम सरपंच भूषण निषाद, थानूराम पटेल, सावतराम पटेल, दवेंद्र साहू, लोकेश्वर पटेल, राहुल पटेल सहित आयोजक समिति न्यू स्टार कबड्डी क्लब के सदस्य व बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# जिला भाजपा ने आईटी सेल की जिला कार्यसमिति घोषित की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भारतीय जनता पार्टी ने आईटी सेल जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। आईटी सेल के प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व आईटी सेल के जिला प्रभारी गिन्नी चावला की अनुशंसा पर आईटी सेल के जिला संयोजक मनीष गोलछा ने जिला कार्यसमिति व विधानसभा स्तरीय टीम की घोषणा की है। जिसमें जिला संयोजक मनीष गोलछा, सहसंयोजक सूर्यकांत शर्मा व भावेश दुबे, कार्यसमिति समिति सदस्य गोपाल साहू, पेमेन्द्र चंदेल, योगेश पटेल, मनीष त्रिपाठी, सौरभ सुराना, शालू वर्मा, हेतल भोजानी, गौरव अग्रवाल, सागर सोनी, आशीष सिन्हा, प्रियेश सिन्हा, हर्ष अग्रवाल, विशाल शर्मा, सौरभ सोनी, शैंकी बग्गा, कबीर साहू, गौरव ठक्कर, हेमलाल साहू, हरीश मोटघरे, पंकज अग्रवाल, तोषण सिन्हा, लक्ष्मीनारायण सेन, देवेन्द्र यादव, पारस सिंह, अंकित जैन, एस. कुमार सिंह कौशिक, गिरधारी साहू, डेविड कौशल, शिवेंद्र साहू, महेश्वर सोनकर एवं अंकित देवांगन के नाम शामिल किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि आईटी सेल के जिला कार्यसमिति के सदस्यों को ही विधानसभा प्रभारी एवं सहप्रभारी बनाया गया है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार इसी प्रकार विधानसभा स्तरीय प्रभारियों एवं सहप्रभारियों की घोषणा की गई है। जिसमें राजनांदगांव विधानसभा गोपाल साहू प्रभारी व विशाल शर्मा, शैंकी बग्गा, कबीर साहू, गौरव ठक्कर सहप्रभारी, डोंगरगढ़ विधानसभा में प्रभारी पेमेन्द्र चंदेल, सहप्रभारी हेमलाल साहू व हरीश मोटघरे, पंकज अग्रवाल व तोषण सिन्हा, डोंगरगांव विधानसभा में प्रभारी योगेश पटेल।

# अयोध्या की मिट्टी से स्वामी निश्चलानंद महाराज की मौजूदगी में होगी प्राण-प्रतिष्ठा : जयसिंह अग्रवाल

## राम दरबार बनकर तैयार, जया किशोरी करेंगी कथा

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

जल्द ही ऊर्जाधानी की जनता प्रभु श्रीराम कि भक्ति में सराबोर होने वाली है। कोरबा शहर में डी.डी.एम रोड में प्रदेश के राजस्व मंत्री और कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल के द्वारा एक खास राम मंदिर का निर्माण करवाया जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने के लिए मंदिर परिसर में ही प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने 12 जून को होने वाले मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले भव्य आयोजन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया की इस शुभ अवसर पर राज्य भर से अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की मुख्य पुजा पुरी मठ मठाधीश स्वामी निश्चलानंद सरस्वती की निगरानी में पूर्ण की जाएगी। जिसके बाद विश्वविख्यात कथा वाचिका जया किशोरी कथा वाचन करेंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी इस खास आयोजन के सहभागी बने और श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रेस वार्ता में मंदिर निर्माण और कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया कि कोरबा जिले में बनाया जा रहा राम मंदिर का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके लिए राजस्थान,



हरियाणा, महाराष्ट्र से कारीगर बुलवाए गए थे। इसमें कई कारीगर हैं जिन्होंने अयोध्या के राम मंदिर निर्माण में भी काम किया है। मंदिर में राजस्थान के खास संगमरमर पत्थर का उपयोग हुआ है यही पत्थर अयोध्या के राम मंदिर में भी इस्तेमाल हुए हैं अब कोरबा में भी यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बनेगा जो कि गर्व की बात है।3 जून को अयोध्या से मिट्टी लाने रवाना होंगे पंडित राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने यह भी बताया कि 3 जून को प्रकांड पंडित और पुरोहितों का एक जत्था प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या के लिए रवाना होगा। पंडित अयोध्या से विशेष अनुष्ठान कर वहां की मिट्टी कोरबा लेकर आएंगे। जिनकी वापसी 5 जून को होगी। 5 जून को ही डी.डी.एम. रोड स्थित राम मंदिर में अयोध्या की मिट्टी स्थापित की जाएगी। इस दिन प्रभु श्रीराम में भक्तों को आमंत्रित किया गया है। बड़े पैमाने पर राम भक्त मंदिर में मौजूद रहेंगे। राम भक्तों की मौजूदगी में शास्त्रगत मंत्रोच्चार के साथ अयोध्या की मिट्टी को कोरबा में स्थापित कर दिया जाएगा।

### स्वामी निश्चलानंद स्वामी करेंगे प्राण-प्रतिष्ठा फिर जया किशोरी की होगी सभा

प्रदेश के राजस्व मंत्री व कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने 12 जून को होने वाले मुख्य कार्य म के विषय में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि 12 जून को ही मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा और अन्य कार्य म होंगे। मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की मुख्य पुजा में पुरी मठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती मौजूद रहेंगे। सभा का आयोजन कर दिव्य दरबार भी लगाया जाएगा। मुख्य पूजा स्वामी निश्चलानंद की देखरेख में ही संपन्न होगी। जिसके बाद विश्वविख्यात कथा वाचिका जया किशोरी कथा वाचन करेंगी। इसके लिए मंदिर परिसर में ही एक भव्य आयोजन स्थल तैयार किया गया है। जहां जिले भर से आये लोग जया किशोरी की सभा में मौजूद रह सकते हैं। मंत्री ने अधिक से अधिक लोगों से जया किशोरी की सभा में मौजूद रहने की अपील भी की है। मुख्य पुजा, प्राण-प्रतिष्ठा और अन्य धार्मिक आयोजन सुबह 12 जून सुबह 9 बजे से शुरू होंगे।सुबह 9:00 बजे कलश यात्रा के साथ निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक महाभंडारा का आयोजन होगा। दोपहर 1:40 बजे से 3:21 तक स्वामी निश्चलानंद सरस्वती की मौजूदगी में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा की मुख्य पुजा संपन्न होगी। शाम 5:00 बजे से विश्व विख्यात कथा वाचिका जया किशोरी कथा वाचन करेंगी।

# अदाणी फाउंडेशन के नवोदय कोचिंग से 20 विद्यार्थियों का एकलव्य विद्यालय के लिए चयन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के तमनार विकासखंड में अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जवाहर नवोदय कोचिंग से 20 छात्रों का चयन एकलव्य विद्यालय के लिए हुआ है। अप्रैल 23, 2023 एकलव्य विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें जवाहर नवोदय कोचिंग केंद्र के कुल 39 आदिवासी विद्यार्थी शामिल हुए थे। ये सभी चयनित छात्र ग्राम मिलुपारा, कुंजेमुरा, पाटा, भालूमुडा, करवाही, ढोलनारा, कोडकेल, सीतापुर, रोदोपाली, तथा डोलसरा के आदिवासी छात्र हैं। अडानी फाउंडेशन द्वारा ढोलनारा और मिलूपारा गाँवों में जवाहर नवोदय कोचिंग चलाया जा रहा है जहाँ आधुनिक अध्ययन तकनीक यानी इंटरैक्टिव पैनल बोर्ड को अपनाते हुए नियमित साप्ताहिक टेस्ट के माध्यम से कुल 39 छात्रों को शिक्षक भानु प्रताप राठिया जो स्वयं ही आदिवासी समुदाय से हैं,के द्वारा रोजाना सुबह और शाम 2 घंटे की निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में भारत सरकार के





जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा कुल 73 एकलव्य विद्यालय की स्थापना की गई है। जिसे राज्य सरकार द्वारा गठित एक विशेष संचालन समिति द्वारा निर्देशित और संचालित किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में चार एकलव्य विद्यालय में कुल 240 सीटें ग्राम छतरटांगर, छोटेमुदपर, सिसृंगा और हीरापुर में स्थित हैं। यहां एसटी वर्ग के तहत आदिवासी छात्रों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल के शिक्षा पद्धति के साथ कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम में मुफ्त में प्रदान की जाएगी। साथ ही छात्रों के लिए छात्रावास की सुविधा, पौष्टिक भोजन, आवास, अध्ययन सामग्री, स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग चिकित्सा सुविधा भी पूर्णतः निःशुल्क प्राप्त होगी। अदाणी फाउंडेशन, गारे पेल्मा 3 कॉलरी लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन तथा अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यक्रमों का परिचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यहां के आदिवासी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए जवाहर नवोदय कोचिंग केंद्र की सुविधा उनके ही क्षेत्र में उपलब्धत कराता है।

# एनटीपीसी के राखड़ बांध के खिलाफ ग्रामीण हुए लामबंद, किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत लोतलोता, चारपारा व पुरेनाखार के भू-विस्थापित ग्रामीणों ने एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे वादा खिलाफी को लेकर गोरेलाल यादव अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कटघोरा व डा. शेख इश्तियाक विधायक प्रतिनिधि की अगुवाई में धनरास राखड़ बांध कार्यालय के पास धरना प्रदर्शन किया। इसके साथ ही चार सूत्रीय मांग रखी। ग्राम पंचायत लोतलोता पुरेनाखार और चारपारा के ग्रामीणों ने पिछ्ले वर्ष प्रदर्शन किया था और 6 सूत्रीय मांग पत्र रखा था। एनटीपीसी प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच सहमति के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया था। इसमें राखड बांध से उड रहे राख से ग्रामीणों के जीवन पर दुष्प्रभाव व



क्षतिपूर्ति राशि देने 30 बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने, आईबीपी से पुरेनाखार तक पूरी तरह खराब हो चुकी सडक को नए सिरे से बनाने, जर्जर हो चुके स्कूल भवन मरम्मत और राखड बांध में पानी का छिडकाव कर गीला रखने की सहमति बनी थी, परंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा कोई अमल नहीं की गई। इससे क्षुब्ध हो कर क्षेत्र के भू-विस्थापितों ने धरना प्रदर्शन कर एनटीपीसी के खिलाफ नारेबाजी की। जानकारी मिलने पर एनटीपीसी के अधिकारी स्थल पर पहुंचें और आंदोलन कारियो से चर्चा कर पांच दिनों में सभी मांग पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने बताया कि क्षेत्र के भू-विस्थापित राखड से काफी परेशान है। चारों ओर राखड के प्रदूषण फैलने से लोगों के जन जीवन प्रभावित हो रहा है। लोतलोता के 22 किसानों के उपजाऊ निस्तारी भूमि को राखड बांध के लिए एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहण किया गया है। इससे लोतलोता क्षेत्र राखड बांध से पूरी तरह प्रभावित है।

# सभी हितग्राहियों को मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से लाभांवित करने के दिए निर्देश

## सर्वे कर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का करें चिन्हांकन : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सर्वे कर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं हैं, उन्हें चिन्हांकित कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर लगाने एवं जरूरतमंदों को चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार पोषण



आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से लाभांवित करें। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर सभी हितग्राहियों का टीकाकरण एवं रेडी टू ईट वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रत्येक परियोजना में 10-10 आंगनबाड़ियों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग में रिक्त विभिन्न पदों की भी जानकारी ली और कहा कि सभी रिक्त पदों पर शासन के नियमानुसार भर्ती की कार्यवाही किया जाए। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र, सखी वन स्टाफ सेंटर, एकीकृत बाल विकास परियोजना, नवाबिहान सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार सिंह, सभी परियोजना अधिकारी और सुपरवाईजर उपस्थित थे।

# वर्ल्ड मिल्क डे के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

■ बच्चों को पौष्टिक दूध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ का किया गया वितरण, पशुपालकों व दूध व्यवसायियों को सम्मानित करने के साथ ही बेहतर पशुपालन हेतु दिए गए सुझाव

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर पशु धन विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। डेयरी अपने पर्यावरण पदचिन्ह को कम कर रही है, साथ ही पौष्टिक खाद्य पदार्थ और आजीविका भी प्रदान कर रही है, इस वर्ष का थीम रखा गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा डॉ. एस.पी. सिंह द्वारा विभागीय कर्मचारियों के साथ मातृछाया शिशु पालन घर जाकर रहने वाले बच्चों को पौष्टिक शुद्ध दूध पिलाने के साथ ही उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया। इसी क्रम में कार्यालय सभागार में जिले के प्रगतिशील पशुपालको एवं दुग्ध व्यवसायियों के साथ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यवसायियों को अंग वस्त्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें बेहतर पशुपालन के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। साथ ही बैंक से केसीसी बनवाने के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विभाग की ओर से सभी पशुपालकों को डी-वॉर्मर और मिनरल मिक्सचर भी प्रदान किया गया।

# ग्राम संबलपुर के रीपा में जैम-जैली, आचार, टेडी बियर और ब्लैक गार्लिक का किया जा रहा है उत्पादन

■ रीपा में 50 से अधिक लोगों को उपलब्ध हो रहा रोजगार, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना हो रहा है साकार

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार व स्व रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो रहे है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार हो रहा है। शासन की महत्वाकांक्षी रीपा योजना के तहत मुंगेली विकासखंड के ग्राम संबलपुर में ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निर्माण किया गया है। जहां वर्तमान में 50 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। रीपा में अलग-अलग गतिविधि के लिए अलग-अलग समूह का चयन किया गया है तथा प्रत्येक समूहों को रीपा में आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण भी



प्रदाय किया गया है। जिसके पश्चात समूह द्वारा ग्राम संबलपुर के रीपा में जैम-जैली, आचार, टेडी बियर, ब्लैक गार्लिक जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। समूह द्वारा बनाया जा रहा है आम, नींबू और कटहल का आचार रीपा में कौशल माता स्व सहायता समूह द्वारा आम, कटहल, नींबू से आचार बनाने का कार्य किया जा रहा है। समूह की 07 महिलाओं और तीन पुरुषों द्वारा अब तक 270 किलोग्राम आचार तैयार कर लिया गया है। जिसे पैकेजिंग के बाद सी मार्ट के माध्यम से विपणन किया जायेगा। इसके विक्रय से लगभग 11 हजार रूपए की आमदनी होने की संभावना है। समूह द्वारा 25 मई से आचार बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें बाकायदा प्रशिक्षण भी प्राप्त हुआ है।

# कोल इंडिया पॉलिसी रद्द करने भू-विस्थापितों ने की 7 किमी पदयात्रा, पैदल रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा-पश्चिम क्षेत्र से 7 किलोमीटर पदयात्रा कर कलेक्टोरेट पहुंचे भू-विस्थापितों ने एसईसीएल में 2012 की कोल इंडिया पॉलिसी से खदान प्रभावित गांवों के भू-विस्थापितों को कट ऑफ सिस्टम से मिल रहे रोजगार व पुनर्वास नीति को रद्द करने की मांग की। इस पैदल रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। पहले की तरह हर खाते में रोजगार देने की मांग करते हुए आवाज बुलंद की। चिलचिलाती धूप के बावजूद सुबह 10 बजे से खदान प्रभावित गांवों के ग्रामीणों की सर्वमंगला चौक पर भीड़ जुटनी शुरू हो गई। यहां से सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट कूच किया। एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भू-विस्थापितों ने कंपनी प्रबंधन से अपनी मांगें मनवाने एकजुटता दिखाई है। रैली की अगुवाई खदान प्रभावित गांवों के भू-विस्थापित कर



रहे थे, जिन्होंने पदयात्रा को सफल बनाने हफ्ते भर से तैयारी में जुटे रहे। सर्वमंगला चौक से शुरू भू-विस्थापितों की पदयात्रा पॉवर हाऊस रोड से सीएसईबी चौक होते हुए दोपहर करीब 2.30 बजे कलेक्टोरेट मुख्य द्वार पर पहुंचे। भू-विस्थापितों को गेट पर ही रोक दिया गया। मांग संबंधी तख्ती रखे भू-विस्थापितों ने एसईसीएल प्रबंधन की रोजगार, पुर्नवास को लेकर अपनाई जा रही नीति को बदलने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। एसईसीएल जमीन अधिग्रहण के बदले नियमानुसार कंपनी में प्रभावितों को रोजगार देती है। एसईसीएल में लागू 2012 की कोल इंडिया पॉलिसी से रोजगार दिया जा रहा है। प्रबंधन किसी भी गांव के जमीन अधिग्रहित करने पर सर्वे कर आंकड़े तैयार करती है। इसके बाद रोजगार के घटते क्रम में बनाई सूची में शामिल पात्र भू-विस्थापितों को ही नौकरी मिलती है। इसकी वजह से रोजगार से वंचित भू-विस्थापितों ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और पुरानी नीति लागू करने मांग की जा रही है।

# सहकारी समितियों के कर्मचारी गए हड़ताल पर, कामकाज ठप

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के सभी सहकारी समिति के कर्मचारी दफ्तर में ताला लगाकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे कृषि ऋण, खाद-बीज के परमिट समेत अनेक महत्वपूर्ण कार्य ठप हो गए हैं। समितियों में खाद-बीज उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को उनका वितरण करने वाला कोई नहीं है और उनकी परेशानी बढ़ गई है। उन्हें चिंता इस बात की है कि यदि हड़ताल आगे चला तो उन्हें समितियों से खाद व बीज समय पर नहीं मिल पाएगा। जानकारी के अनुसार सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनर तले गुरुवार से कर्मचारी स्थानीय तानसेन चौक पर धरना शुरू किया जो दूसरे दिन भी जारी रहा। सहकारी कर्मचारियों की मांग है कि जो प्रभारी प्रबंधक के रूप में समितियों में काम कर रहे हैं उनका नियमितिकरण




किया जाए। शासकीय कर्मचारियों के समान उन्हें वेतन दिया जाए। बैंकों में समिति प्रबंधकों की जो भर्ती होनी है उसमें रोक लगाई जाए और वर्तमान में काम कर रहे कर्मचारियों को प्रमोशन दिया जाए। धरना प्रदर्शन व हड़ताल में जिले के सभी 41 समितियों के कर्मचारी भाग ले रहे हैं। हड़ताल से समितियों के कार्य प्रभावित हो गया है। वर्तमान में कृषि ऋण वितरित किया जा रहा है, खाद-बीज का परमिट जारी किया जा रहा है। ब्याज अनुदान 2021-22 व 2022-23 का जो केंद्र शासन से लेना है उसकी एंट्री हो रही है। इसके अलावा समितियों का जो कंप्यूटराइजेशन होना है उसमें भी काम चल रहा है। हड़ताल के चलते अब ये सभी कार्य ठप पड़ गए हैं। समितियों के दफ्तर में ताला बंद होने से किसानों को खाद-बीज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। किसान चाहते हैं कि समिति कर्मचारियों की मांगें जल्द से जल्द पूरा हो ताकि उन्हें समय पर खाद-बीज उपलब्ध हो और खरीफ के सीजन में जरूरी खाद-बीज की उपलब्धता के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी कृषक अपने खेतों में फसल चयन करने व उसके अनुसार बीज-खाद व वर्मी कम्पोस्ट की आवश्यक मात्रा के संबंध में अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं।

## तालाब और मेढ़ की मिट्टी साफ सफाई, पचरी, नाली निर्माण के कार्य कागजों में कराकर साढ़े तीन लाख से अधिक की राशि दबाने वाले बसीबार सरपंच- सचिव का एक और कारनामा

# नाली साफ-सफाई, वृक्षारोपण, रास्ता सुधार कार्य के नाम पर मूलभूत मद से 1.79 लाख डकारे

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा/पाली
www.dailypioneer.com

ग्रामीण जनता की नजरों में न दिखने वाले तालाब और मेढ़ की मिट्टी साफ - सफाई, पचरी, नाली निर्माण के कार्य कागजों में कराकर मूलभूत और 15वें वित्त आयोग मद से 3 लाख 63 हजार 4 सौ 50 की राशि आहरण कर हजम करने वाले बसीबार सरपंच कृपाल सिंह एवं सचिव की मिलीभगत से भ्रष्ट्राचार का एक और मामला सामने आया है, जिसमे प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रांगण और नाली की साफ सफाई, वृक्षारोपण व रास्ता सुधार कार्य के नाम पर मूलभूत मद से 1 लाख 97 हजार की राशि निकालकर डकार गए। ज्ञात हो कि पाली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बसीबार में वर्षों पुराना निर्मित पनपिया (बड़े) तालाब जिसके साफ - सफाई, कच्चा नाली, मेढ़



नीचे मिट्टी सफाई, पचरी निर्माण, के नाम पर यहां के सरपंच कृपाल सिंह ने सचिव के साथ मिलकर बिना कार्य के 3 लाख 63 हजार 4 सौ 50 रुपए निकाल आपस मे बंदरबांट कर लिए। उक्त तालाब में पचरी निर्माण के नाम पर बाउचर तिथि 14 अप्रैल 2021 में 10 ट्रिप रेत धुलाई की राशि 20 हजार एवं गिट्टी, सीमेंट, सरिया खरीदी पर 70 हजार व बाउचर तिथि 22 जून 2021 में मजदूरी राशि 8 हजार 5 सौ आहरण की गई है। इसी तरह 11 जनवरी 2022 की बाउचर तिथि में 80 हजार तथा 22 मार्च 2022 में 13 हजार 8 सौ 96 और 15 हजार 54 रुपए की राशि तालाब निर्माण की मजदूरी भुगतान के रूप में निकाली गई है। वहीं पनपिया तालाब के नीचे नाली निर्माण एवं इसके सामाग्री के नाम पर बाउचर रिचार्ज तिथि 27 अक्टूबर 2021 को 90 हजार और 22 दिसंबर 2021 को 26 हजार की राशि मूलभूत व 15वें वित्त मद से आहरित कर ली गई जबकि धरातल पर काम एक ढेला का भी नही कराया गया और सारे काम कागजों में ही दिखाया गया। सरपंच-सचिव के इस कारगुजारी से संबंधित दस्तावेज सूत्रों द्वारा प्राप्त होने पश्चात कागजों में तालाब और मेढ़ की मिट्टी साफ- सफाई, पचरी, नाली निर्माण के कार्य कराकर सरपंच- सचिव ने ग्राम्य निधि के साढ़े तीन लाख से अधिक की राशि निकाल किया बंदरबांट, ग्रामीणों ने की अपेक्षित जांच की मांग शीर्षक से प्रमुखता के साथ गत दिनों खबर प्रसारित किया गया था। जिसके बाद सरपंच- सचिव के मिलीभगत और बंदरबांट का एक और कारनामें का खुलासा हुआ है, जिसमे प्राप्त दस्तावेज के अनुसार मूलभूत मद से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रांगण और नाली साफ- सफाई पर रिचार्ज बाउचर तिथि 2 जून 2020 की स्थिति में 25 हजार, वृक्षारोपण कार्य पंचायत भवन व तालाब मेढ़, रोड किनारे हेतु मजदूरी भुगतान के नाम पर बाउचर तिथि 5 अगस्त 2020 को 25 हजार और रास्ता सुधार कार्य के लिए बाउचर तिथि 3 मार्च 2022 को 1 लाख 29 हजार की राशि निकाली गई है। जबकि इसके विपरीत प्राथमिक और माध्यमिक शाला भवन प्रांगण का तात्कालिन सरपंच के कार्यकाल में कांक्रीटीकरण हो चुका है, वहीं पूरे पंचायत में नाली देखने को नही मिले, और तो और वृक्षारोपण के नाम पर एक ठूंठ भी नही मिले तथा ग्रामीणों के अनुसार रास्ता सुधार का काम तो कहीं हुआ ही नही। जिसे लेकर यहां की जनता का कहना है कि सरपंच कृपाल सिंह के निर्वाचन पश्चात आज पर्यन्त तक के कार्यकाल में ऐसा कोई भी काम देखने को नही मिला है। सरपंच-सचिव मनमानी पूर्वक पंचायत का संचालन कर रहे है, ग्राम सभा मे भी आय- व्यय की स्पष्ट जानकारी नही दी जाती और ग्राम विकास तथा बुनियादी सुविधाओं के लिए शासन द्वारा जारी जनता के पैसे का जमकर दुरुपयोग करते आ रहे है। जिसकी जांच एवं कार्यवाही अतिआवश्यक है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई को ''हमें पौष्टिक भोजन की आवश्यकता है तम्बाकू की नहीं'' थीम पर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का उद्देश्य तम्बाकू से जुड़े बीमारियों को उजागर करना और स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति लोगों को जागरूकता के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गिरीश कुर्रे ने बताया कि सर्वे के मुताबिक हर वर्ष 10 से 12 लाख लोगों की मृत्यु किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करने के कारण होती है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिसके पश्चात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नर्सिंग कॉलेज से जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नर्सिंग कालेज के विद्यार्थियों ने लोगों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया।

# मुख्यमंत्री ने किया बहुप्रतीक्षित बड़े तरिया का उद्घाटन करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




दुर्ग जिले के प्रवेश द्वार कुम्हारी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विकास गंगा प्रवाहित करने वाले भागीरथ पाटन विधान सभा के लाडले यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 53 मुख्य मार्ग कुम्हारी टोल प्लाजा के समीप स्थित नगर को गौरवान्वित करने वाले बहु प्रतीक्षित प्रदेश के सबसे वृहदाकार बड़े तालाब पर निर्मित, सुसज्जित चित्ताकर्षक उद्यान मेरीन ड्राइव का उद्घाटन कर जनता के लिए तैयार बड़े तालाब को आम जनता को लोकार्पित किया। वर्चुअल लोकार्पण करते हुए उन्होंने प्रेस क्लब भवन के समीप नवनिर्मित सामुदायिक भवन, छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, भाषा को समृद्ध कर जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निर्मित मितान एफ एम रेडियो स्टेशन का लोकार्पण किया। समारोह में प्रदेश के मंत्री एवं दुर्ग जिला प्रभारी मोहम्मद अकबर, मंत्री डॉ.शिव डहरिया उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, उपाध्यक्ष के. रवि कुमार सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री बघेल ने क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न कार्यों हेतु 174 करोड़ 45 लाख से अधिक रूपयों के मद से 19 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, 129 करोड़ से अधिक रूपयों से 9 विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन किया। बड़े तरिया में उत्साही प्रसन्नचित विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी समाज का विकास ही प्रदेश के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की अवधारणा का यही मूल मंत्र है । पर्यावरण को स्वच्छ और समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्धता का उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा कि इस तालाब में सत्तर वर्ष पुराने पीपल वृक्ष को अन्य स्थान से लाकर स्थापित किया गया है ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहकर काम किया जा सके। नगरवासियों को अद्वितीय सौगात भेंट करने के पश्चात मुख्यमंत्री अपील करते हुए नगर एवं बड़े तरिया, उद्यान एवं अनेक दर्शनीय स्थल की सुरक्षा स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

## कुम्हारी में नागरिकों को मिलेंगी मेट्रो सिटी जैसी सुविधाएं



कुम्हारी के लोगों को मेट्रो सिटी की तर्ज पर विभिन्न सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि तालाब हमारे संस्कृति के केन्द्र बिन्दु तो है साथ ही भूजल स्तर को बनाये रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। तालाबों के संवर्धन से भूजल स्तर में सुधार भी होता है और हमारी सरकार इस दिशा में सतत् रूप से कार्य कर रही है। शहरों एवं गांवों में भूजल स्तर में सुधार के लिए निरंतर कदम उठाये गये है। उन्होंने कहा कि बड़े तरिया हमारे इन्हीं प्रयासों का एक उदाहरण है। बड़े तरिया में आप सभी को टॉय ट्रेन, शानदार झूले, चौपाटी, ग्रीन टनल, म्युजिकल, फाउण्टेन लेजर शो, विडियो प्रोजेक्टर एवं शानदार पार्क देखने को मिल रहा है। 70 साल से अधिक पुराने पीपल के पेड़ को दूसरी जगह से लाकर बड़े तरिया में पुनर्जीवित किया गया है। इस प्रयास में एक संदेश है कि हमें अपनी प्रकृति एवं पुरखो की धरोहर को हर हाल में सहेजना होगा। यह तालाब कुम्हारी नगर पालिक एवं इससे लगे क्षेत्र के लोगो के लिए स्वस्थ मनोरंजन का केन्द्र बनेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि इस तालाब एवं पार्क को संजो कर रखें, ये हमारी सामुहिक जिम्मेदारी भी है।

# पायनियर हलचल...

## पुरंदेश्वरी के बाद अब माथुर बस्तर में सक्रिय?



इन दिनों भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर बस्तर में सत्ता की चाबी खोज रहे हैं। दरअसल में बस्तर की 12 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। लेकिन यह आकड़ा आगे बरकरार रहेगा यह कुछ कहा नहीं जा सकता। भाजपा के प्रदेश प्रभारी लगातार बस्तर की सभी सीटों का दौरा कर रहे। कार्यकर्ताओं को रिचार्ज कर रहे हैं। हांलाकि इससे पहले पुरंदेश्वरी भी बस्तर में सक्रिय रहीं। भाजपा यह भली-भांति जानती है कि बस्तर से ही सत्ता का द्वार खुलेगा। इसीलिए सम्भवतः दोनों प्रभारियों का बस्तर पर विशेष फोकस रहा है। घोर सत्ता विरोधी लहर में भी बस्तर की कई सीटों में जीत का आकड़ा बेहद नजदीक रहा। कम अंतर में कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीत मिली। कोंडागांव सीट की बात करें तो पीसीसी चीफमोहन मरकाम मात्र 1796 वोटों से जीत हासिल कर पाये थे। वहीं नारायणपुर से चंदन कश्यप 2647 मतों से केदार को हराया था। इनके आलावा भी भाजपा उन तमाम सीटों पर फोकस कर रही है जहां जीत का अतंर कम है।

## एक भाजपा नेता के बेटे की कांग्रेस प्रवेश की चर्चा

दुर्ग संभाग के एक भाजपा नेता के बेटे की इन दिनों कांग्रेस में जाने की चर्चा दबे स्वर में उठ रही है। दरअसल में संसदीय कार्य की जानकारी रखने वाले नेता जी अपने सुपुत्र को दुर्ग संभाग की एक सीट से चुनाव लड़ाना चाहते हैं लेकिन भाजपा यदि परिवादवाद के फार्मूला के चलते इस युवा नेता को टिकट नहीं देती तो मामला बिगड़ सकता है। उन्हें सम्भवतः कांग्रेस से टिकट का आश्वासन मिल सकता है। हालांकि यह तो आने वाले समय में ही स्पष्ट हो पायेगा। लेकिन इन दिनों इस खबर की जमकर चर्चा हो रही है।

## उत्तराधिकारी पंकज ?



रायपुर ग्रामीण से इस बार विधानसभा चुनाव में सत्यनारायण शर्मा की जगह पंकज शर्मा दो-दो हाथ करते नजर आ सकते हैं। सत्यनाराण शर्मा इस बार अपने उत्तराधिकारी के रुप में पंकज को रायपुर ग्रामीण से चुनाव लड़ाना चाहते है। पंकज शर्मा ने भी चुनाव लड़ने की खबर पर मुहर लगा दी है। दरअसल में पंकज के जन्म दिवस के अवसर रायपुर ग्रामीण का इलाका पोष्टर बैनर से अटा-पड़ा था। चुनावी साल में पंकज की सक्रियता ने साफ कर दिया है कि रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस के अगले प्रत्याशी पंकज शर्मा ही होंगे।

## निरंजन ने सुको से याचिका वापस क्यों ली?

ईडी की कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वाले अफसर आबकारी आयुक्त निरंजन दास ने तकनीति त्रुटि का हवाला देते हुए अपनी याचिका वापस ले ली है। याचिका में कहा गया था कि 52 अफसरों ने सीएम भूपेश बघेल से ईडी के प्रताडना के खिलाफ ज्ञापन दिया है। कुल मिलाकर ईडी भयादोहन कर रही है। लेकिन अब यह याचिका वापस ले ली गई है? निरंजन के याचिका वापस लेने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि इससे पहले भी ईडी ने एक और अन्य विभाग में दबिस दिया था जहां पर विभाग के अधिकारियों पर ईडी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का दबाब बनाया गया, लेकिन विभाग के मुखिया ने साफ मना कर दिया था। इसके पूर्व ऐसे ही मामले मे एक एसपी की विदाई हो चुकी है। अब निरंजनदास के मामले में आगे क्या होगा यह तो आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगा।

## कांग्रेस को स्काई वॉक तो भाजपा को यूनिपोल ?



इन दिनों राजधानी रायपुर में यूनिपोल सबकी पोल खोल रहा है। और यह बड़ा मुद्दा तब बन गया जब कांग्रेसी महापौर ने ही यूनिपोल की पोल खोल दी। यूनिपोल की पोल खुलते ही नगर निवेशक समेत कई अफसरों को रवाना कर दिया गया। कथित यूनिपोल घोटाला ने भाजपा को बैठे-बैठाये एक बड़ा मुद्दा दे दिया है। अभी तक रायपुर शहर में कांग्रेस स्काई वाक के निर्माण को लेकर भाजपा को घेरने की कोशिश करती थी, अब यूनिपोल की पोल ने सब कुछ उल्टा कर दिया है। भाजपा लगातार इसको लेकर हंगामा कर रही है। यूनिपोल घोटाले का दोष कुछ दिन पहले तक अफसरों पर मढ़ा जा रहा था, लेकिन इस कथित घोटाले ने अब राजनीतिक रुप ले लिया है। भाजपा विधायक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस मुद्दे पर कांग्रेस को भी निशाने पर लिया है। कुल मिलाकर चुनावी साल में भाजपा को स्काई वॉक के जबाब में यूनिपोल एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। दोनो ही मुद्दे जनता को दिखने और चुभने वाले हैं।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव मे दंतेवाड़ा की प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा के सुदूर वनांचल क्षेत्र बचेली से आए रामायण मंडली की प्रस्तुति। इस टीम में महिला सशक्तिकरण की भी साफ झलक दिखाई पड़ती है। मंच में प्रारंभिक स्तुति महिला कलाकारों द्वारा की जा रही है। महिलाएं नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दे रहीं हैं, जो अद्भुत जान पड़ता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता 4 जून को

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता पर आधारित भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का विषय है ''व्यक्ति गत आदतों एवं व्यवहारों में परिवर्तन लाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी करना''। प्रतियोगिता 04 जून प्रातः 10 बजे से सिविल लाईन स्थित नवीन विश्राम गृह के कन्वेंशन हाल में आयोजित होगी। प्रतिभागी प्रातः 9.30 बजे उपस्थित होकर प्रतियोगिता के लिए पंजीयन करा सकते हैं। भाषण प्रतियोगिता दो आयु वर्गों 13 से 17 वर्ष व 18 से 21 वर्ष तथा पोस्टर प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों 12 वर्ष तक, 13 से 17 वर्ष एवं 18 से 21 वर्ष के लिए होगी। सभी वर्गों के लिए पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे।

## जो श्रीराम पूरे विश्व को मार्ग दिखाते हैं उन्हें छत्तीसगढ़ की एक वनवासी माता शबरी ने मार्ग दिखाया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय रामायण महोत्सव जो श्रीराम पूरे विश्व को ज्ञान का मार्ग बताते हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ में रहने वाली वनवासी माता शबरी ने ज्ञान का मार्ग दिखाया। शबरी ने ही उन्हें कहा कि पंपा सरोवर जाएं और सुग्रीव से मिलें। रामकथा के प्रस्तोता तथा प्रख्यात कवि कुमार विश्वास ने यह बात कही। विश्वास राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देने रायगढ़ पहुंचे हुए हैं।

विश्वास ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य है कि यहां श्रीराम के चरणों की धूलि पड़ी। विश्वास ने कहा कि भगवान श्री राम विश्व मंगल, लोक मंगल और समरस शासन की सबसे बड़ी अवधारणा हैं। 1932 में महात्मा गांधी ने नव जीवन अखबार में रामराज्य और भारत पर अपने विचार लिखे थे। मैं बरसों से छत्तीसगढ़ आ रहा हूं। छत्तीसगढ़ में श्री राम के वनगमनपथ के विकास के संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर बात हो रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत से इस संबंध में चर्चा होती है। मुख्यमंत्री जी को रामवनपथगमन के विकास और राष्ट्रीय स्तर पर इस सुंदर आयोजन के लिए मैं धन्यवाद देता हूँ। रामकथा को लेकर, उनके पुण्यस्थलों को सहेजने को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है। विश्वास ने कहा कि वह उन सभी जगहों पर जाना चाहेंगे, जहां से श्रीराम के चरण पड़े। मैं उस मार्ग का विचरण करना चाहता हूं जहां से राघवेंद्र सरकार गुजरे तथा उनकी चरण धूलि लेना चाहता हूं।

विश्वास ने कहा कि आज अरण्यकांड पर मेरी प्रस्तुति होगी, जब श्री राम छत्तीसगढ़ में वनवास में आए होंगे। उस समय यहां सघन वन रहा होगा। उस समय जनजातियों से उनके आत्मीय संवाद हुए। श्रीराम ने हमें बताया कि यहां के वनवासी कितने सरल हैं। कितने आत्मीय हैं और हमेशा सत्य के साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी विशेष इच्छा माता कौशल्या एवं माता शबरी पर केंद्रित व्याख्यान करने की है। माता कौशल्या जिन्होंने अपने पुत्र को लोक कल्याण के लिए वन भेज दिया। इसके लिए बहुत बड़ा दिल चाहिए। इन सब की कथा कहना चाहता हूं। रायगढ़ संस्कारधानी में सुंदर आयोजन हो रहा है। बहुत सुंदर कार्य राम कथा को लेकर भी हुआ है।

## राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के तीसरे दिन आज केरल से आए कलाकार दल ने पारंपरिक लोक वेशभूषा में प्रस्तुति दी



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के तीसरे दिन केरल की रामायण मंडली ने रामकथा से जुड़े प्रसंगों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। केरल की रामायण मंडली ने संगीतमय प्रस्तुति देते हुए सूर्पणखा प्रसंग से लेकर रावण वध तक के प्रसंग की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। पारंपरिक वेशभूषा के साथ इस प्रस्तुति में केरल में भगवान राम की महिमा की सुंदर अभिव्यक्ति दी गई, कलाकारों ने भक्ति और भाव के मिश्रण का जीवंत प्रदर्शन किया।

## ओडिशा के बालासर में हुई रेल दुर्घटना में रेल मंत्रालय की घोर लापरवाही दिख रही है : मरकाम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने उड़ीसा के बालासर जिले में शुक्रवार को हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है इस हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि ओडिशा के बालेश्वर में हुई रेल दुर्घटना रेल मंत्रालय की घोर लापरवाही दिख रही है। एक ही ट्रैक में दो ट्रेनों के आने के चलते गंभीर रेल हादसा हुआ है और हादसा के 1 घंटे बाद तीसरी ट्रेन का उसी स्थान पर आना और, एक और दुर्घटना होना रेल मंत्रालय की घोर लापरवाही को दिखता है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को रेल मंत्रालय के द्वारा बरती गई लापरवाही गैर जिम्मेदाराना रवैया की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पूरे हादसे की बारीकी से जांच होनी चाहिए और जितने भी लोग इस घटना के लिए दोषी है उन सब पर भी कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछे जो रेल के लिए कवच बनाया गया था जिसमें दावा किया गया था कि 2 ट्रेनें अगर आमने सामने होगी तो कवच उसकी सुरक्षा करेगी वह कवच कहां है?

क्या आम जनता को भरमाने के लिए ही इस प्रकार से दावा किया गया जिन ट्रेनों में हादसा हुई क्या उन ट्रेनों में कवच नहीं लगाया गया था? हादसा के 1 घंटे बाद आखिर तीसरी ट्रेन वहां पहुंची कैसे जो दुर्घटना का शिकार हो गई? नरेंद्र मोदी देश की जनता को जवाब देना चाहिए इस रेल हादसे में 300 से अधिक लोगों की जानें गई है, 1000 से अधिक लोग घायल हुए हैं, राष्ट्र की संपत्ति को नुकसान अलग हुआ इसकी नैतिक जिम्मेदारी भी नरेंद्र मोदी की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आजादी के बाद से देश की जनता की सेवा कर रहे भारतीय रेलवे को मोदी सरकार ने 9 साल में बर्बाद कर दिया। मोदी सरकार की निजीकरण की चाहत ने रेल को पटरी से उतार दिया है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403